फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 46 प्रभात जयपुर, बुधवार 16 सितम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

'Portrait of a Woman'

Though we don't know who the sitter in this artwork was, her soft brown eyes and slight smile draw us in. Imagine her chatting to van Hemessen

When Vyjayanthimala Sang in Bangla

Things To See And Not Miss

# चीन व अमेरिका के बीच शीत युद्ध की स्थिति बनी है, एआई पर

## दोनों देश एआई की दौड़ में अपने आपको प्रथम स्थान पर ही देखना चाहते हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी आर्टिफिशल इंटैलिजैंस (एआई) पहले ही नियंत्रण से बाहर होती दिखाई दे रही है। यह उस स्थिति के सामने आने से काफी पहले हो रहा है, जिसका सबसे अधिक डर है, जब आपस में जुड़े कंप्यूटर सिस्टम के एआई इंटरफेस अपने निर्माताओं से कहीं अधिक शक्तिशाली हो जाएंगे।

यह कहानी दो स्तरों पर चल रही है। एक ओर, एआई उद्योग के दिग्गज तेजी से हो रहे इनोवेशन के मामले में थोड़ा संयम बरतने की वकालत कर रहे है। दूसरी ओर, दुनिया के दो प्रमुख एआई देशों, अमेरिका और चीन, के राजनीतिक नेता अपनी-अपनी इण्डस्ट्री से कह रहे हैं कि वे अपनी पहल को बिल्कुल न रोकें और दबदबा कायम करने के लिए, जितनी तेजी से हो सके, आगे बढ़ें।

यह इस नई तकनीक को लेकर एक नए शीत युद्ध जैसी स्थिति है, जिसका

- अमेरिका के एआई इण्डस्ट्री के कर्ताधर्ता किसी भी तरह से इस इण्डस्ट्री की लीडरशीप चीन को नहीं सौंपना चाहते।
- राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भी इस इण्डस्ट्री की लीडरशीप अपने हाथ में रखने के लिए इस इण्डस्ट्री का आह्वान कर रहे हैं कि अमेरिका आगे रहे।
- दूसरी ओर चीन ने एक विस्तृत ब्लू-प्रिंट तैयार कर रखा है, अमेरिका से आगे निकलने के लिए। इस ब्लू प्रिंट को चीन के साम्यवादी दल ने भारी राशि व सुविधाएं देकर अपना पूर्ण समर्थन प्रदान कर रखा है।
- चीन, अमेरिका के बराबर तो पहुँच गया है और राष्ट्रपति शी स्वयं इस ध्येय की प्राप्ति के लिए पूर्णतया जुटे हुए हैं।

इस्तेमाल संबंधित देशों के नेता हथियार के तौर पर कर रहे हैं। इस संघर्ष की पृष्ठभूमि से दुनिया के बाकी देशों के लिए भी कई महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं।

एआई इण्डस्ट्री के दिग्गजों, "एंथ्रोपिक" के सीईओ डारियो आमादेई से लेकर "ओपन एआई" के सैम ऑल्टमैन तक, ने इसी सप्ताह उच्च स्तर के एआई मॉडल और उत्पादों से पैदा होने वाले विनाशकारी प्रभावों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। उनका डर है कि इनसे ऐसे असाधारण रूप से शक्तिशाली उपकरण विकसित हो सकते हैं, जो अपने निर्माताओं के नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं।

लेकिन ऐसा होने से पहले ही दुनिया की दो सबसे शक्तिशाली महाशक्तियों, अमेरिका और चीन के बीच यह प्रतिस्पर्धा का एक विस्फोटक मुद्दा बन गया है।

पश्चिम के कुछ प्रमुख मीडिया विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रतिस्पर्धा कई दशक पहले सोवियत संघ और अमेरिका के बीच हुए शीत युद्ध के टकराव जैसी स्थिति का रूप ले रही है।

एआई अब पुराने कोल्ड वॉर के दौर जैसा ही नया युद्ध का मैदान बन गया है और इसके प्रमुख खिलाड़ी इस नई तकनीक पर प्रभुत्व हासिल करने के लिए युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि, कम से कम लोकतांत्रिक देशों में तो, विशेषज्ञों और राजनीतिक निर्णय लेने वालों के बीच इस बात को लेकर मतभेद हैं कि आगे क्या कदम उठाया जाना चाहिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक बलजीत यादव को जमानत नहीं दी

जयपुर, 15 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट ने बहरोड के पूर्व विधायक बलजीत यादव को सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री से जुड़े ईडी मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में दायर जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस

- बलजीत यादव पर सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री की आपूर्ति के मामले में ईडी जाँच कर रही है।

शील नागू की खंडपीठ ने ये आदेश बलजीत यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

जमानत याचिका में कहा गया कि मामले में अभियोजन शिकायत पर अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया है और कार्यवाही लगातार टल रही है। विशेष अदालत में करीब 15 तारीख पड़ चुकी हैं, लेकिन देरी का संतोषजनक कारण नहीं बताया गया है। इसके साथ ही खेल उपकरणों की आपूर्ति से जुड़ी जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि न तो उपकरणों की डिलीवरी और न ही उनकी गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत सामने आई है। ऐसे में ईडी के तथ्यों के आधार पर यह मामला प्रथम दृष्टया मनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्रा के चयन को विवादास्पद बनाने का प्रयास

## आईपीएस अफसर राजेश पाण्डेय के पॉडकास्ट ने इस विवाद को जन्म दिया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले पूर्णकालिक सीईओ के रूप में, सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्रा की नियुक्ति को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। यह विवाद सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजेश पांडे की टिप्पणियों के बाद शुरू हुआ है। पांडे उन 16 उम्मीदवारों में शामिल थे, जिन्हें इस पद के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया था।

हाल ही में एक पॉडकास्ट में पांडे की टिप्पणियों का व्यापक रूप से यह मतलब निकाला गया कि मिश्रा ने इस पद के लिए आवेदन ही नहीं किया था या उन अंतिम 16 उम्मीदवारों में शामिल नहीं थे, जो 11-12 अगस्त को अयोध्या में इन्टरव्यू के लिए उपस्थित हुए थे। यह भी कहा गया कि उनका नाम आखिरी समय में घोषित किया गया। ट्रस्ट ने आमने-सामने बातचीत के लिए कई चरणों की स्क्रीनिंग (जिसमें एआई आधारित और मैनुअल मूल्यांकन शामिल था) के बाद, 5,585 आवेदनों में से कई चरणों की जांच के बाद, 16 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया था।

- पॉडकास्ट में यह इम्प्रैशन देने का प्रयास किया गया कि एयर मार्शल ने चयन प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया। अतः उनका चयन कैसे हो गया?
- बाद में जब गहराई में जाकर छानबीन हुई तो राजेश पाण्डेय का कथन झूठा साबित हुआ और पाण्डेय ने यह कहकर पीछा छुड़ाया कि शायद एयर मार्शल उस दिन इन्टरव्यू के लिए नहीं आए थे, जब पाण्डेय स्वयं इन्टरव्यू के लिए आए थे।

मिश्रा, जो एक फाइटर पायलट हैं, और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वैस्टर्न एयर कमांड के प्रमुख थे, उनका चयन अंतिम तीन उम्मीदवारों के पैनल में से किया गया था।

विपक्षी दल, जो पहले से ही दान की चोरी के आरोपों को लेकर अभियान चला रहे हैं, अब जवाबदेही का मुद्दा उठाने के लिए इस मौजूदा विवाद का इस्तेमाल कर सकते हैं।

बाद में पांडे ने "एक्स" पर स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों का गलत मतलब निकाला गया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल यह कहा था कि मिश्रा "शायद उम्मीदवारों में शामिल रहे हों, लेकिन जिस दिन मैं इन्टरव्यू के लिए गया था, उस दिन वे वहाँ मौजूद नहीं थे।" उन्होंने कहा कि इसे इस दावे के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए कि मिश्रा ने इन्टरव्यू में बिल्कुल भाग नहीं लिया था। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि वे अधिकारिक तौर पर शीर्ष तीन में शामिल थे। उनके अनुसार, इस तरह की खबरें ट्रस्ट की ओर से नहीं, बल्कि मीडिया और सोशल मीडिया से आई थीं।

मंदिर ट्रस्ट के महासचिव स्वामी गोविंददेव गिरि ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया। ट्रस्ट ने कहा कि मिश्रा ने 11 अगस्त को पहले सत्र में हिस्सा लिया था। शीर्ष तीन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुरुग्राम हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी कल्याण बैंसला को दौसा से गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। पुलिस ने बताया कि गुरुग्राम में एक महिला स्पोर्ट्स बाइक सवार को टक्कर मारने के आरोपी कार चालक कल्याण बैंसला को मंगलवार को राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में एक अन्य आरोपी लवनीश गुर्जर को भी बैंसला के साथ गिरफ्तार किया गया है।

गुरुग्राम पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। इस अपराध में 10 साल तक की कैद का प्रावधान है।

सामने आए एक वीडियो में नज़र आ रहा है कि रविवार को गुरुग्राम की

- बैंसला के खिलाफ सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाते हुए "हत्या के प्रयास" का मामला दर्ज किया गया है।

गोल्फ कोर्स रोड पर एक सफेद सेडान अचानक तेजी से दाईं ओर मुड़ी और हेलमेट पहने हुई सिया को टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर गईं। वीडियो में उनकी अप्रिलिया आरएस 457 स्पोर्ट्स बाइक सड़क पर फिसलती हुई दिखाई दे रही है और उससे चिंगारियां निकल रही हैं।

आरोपी ने एक अज्ञात स्थान से मीडिया को दिए साक्षात्कार में कैमरे के सामने आकर दावा किया कि उसे यह पता नहीं था कि बाइक सवार पुरुष था या महिला। उसने आरोप लगाया कि घटना का केवल एक पक्ष दिखाया गया है। उसने यह भी सवाल उठाया कि सिया के एक पुरुष मित्र से जुड़े वीडियो सामने क्यों नहीं आए।

साक्षात्कार में उसे यह कहते हुए सुना गया, "मुझे उस लड़की के लिए बहुत अफसोस हुआ।"

उसके "अफसोस होने" के दावे पर सवाल उठाते हुए सिया ने कहा कि दुर्घटना के बाद उसकी हरकतों से ऐसी कोई चिंता नहीं दिखी।

उन्होंने कहा, "अगर आपको वास्तव में मेरे लिए अफसोस हुआ था, तो आप रुके क्यों नहीं? रुकना आपकी जिम्मेदारी थी। अगर आपने मुझे टक्कर मारी थी, तो आपको रुककर यह देखना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ईडी के कैडर में 60 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली, 15 सितंबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा है कि केंद्र सरकार ने विभाग के लंबे समय से लंबित कैडर पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत उसके स्वीकृत पदों में 60 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस पुनर्गठन के बाद ईडी की स्वीकृत पद संख्या

- अब ईडी की स्वीकृत पद संख्या 2029 से बढ़कर 3256 हो जायेगी।

2,029 से बढ़ कर 3,256 हो जाएगी।

ईडी के अनुसार, कैडर पुनर्गठन के तहत ईडी के प्रवर्तन निदेशालय के ढ ांचे का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से जुड़े 50 ज़ोन और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ , मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में पांच समर्पित ज़ोन बनाए जाएंगे। निदेशालय की कार्य इकाइयों की संख्या 131 से बढ़ाकर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जल्द ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश हिन्दी में भी उपलब्ध होंगे'

## सर्वोच्च न्यायालय की ओर से हिन्दी दिवस पर घोषणा की गई कि वह न्यायिक आदेशों की जानकारी अधिक सुलभ व व्यापक बनाना चाहता है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को घोषणा की कि वह जल्द ही हिंदी में एक विशेष पब्लिक इन्फॉर्मेशन सर्विस (जन सूचना सेवा) शुरू करेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को महत्वपूर्ण फैसलों और आदेशों का सरल और आसानी से समझ आने वाला सारांश उपलब्ध कराना है। यह घोषणा हिंदी दिवस के अवसर पर की गई। कोर्ट का उद्देश्य न्यायिक जानकारी को केवल कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोगों तक सीमित न रखकर, आम नागरिकों के लिए भी अधिक सुलभ बनाना है।

इस नई पहल के तहत, सुप्रीम कोर्ट के चुने हुए महत्वपूर्ण फैसलों और आदेशों के साथ आसान हिंदी में उनका सारांश भी उपलब्ध कराया जाएगा। कोर्ट रोजाना करीब 15 से 30 मिनट का हिंदी

- इस नई पहल के तहत महत्वपूर्ण फैसलों और आदेशों का संक्षिप्त हिन्दी अनुवाद उपलब्ध कराया जाएगा और हर रोज 15 से 30 मिनट का हिन्दी ऑडियो व वीडियो बुलेटिन भी जारी किया जाएगा।

ऑडियो और वीडियो बुलेटिन भी उपलब्ध कराएगा, जिसमें महत्वपूर्ण न्यायिक घटनाक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक सारांश के साथ संबंधित आधिकारिक फैसले का लिंक भी दिया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों और मकदमेबाजों को लंबे और तकनीकी कानूनी दस्तावेजों को समझने में होने वाली कठिनाई को दूर करना है। इसका उद्देश्य दिव्यांग लोगों और उन अन्य व्यक्तियों के लिए भी न्यायिक जानकारी तक पहुंच बेहतर करना है, जिन्हें पारंपरिक कानूनी सामग्री पढ़ने या समझने में कठिनाई हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जरूरी व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद यह सेवा जल्द शुरू की जाएगी। इससे नागरिक कोर्ट के महत्वपूर्ण फैसलों, उनके प्रभाव और आगे की कानूनी प्रक्रिया को अपनी परिचित भाषा में समझ सकेंगे।

इस पहल का मकसद भारतीय भाषाओं में न्यायिक जानकारी उपलब्ध करा कर न्याय तक पहुंच और भारत की भाषाई विविधता के बीच संबंध को मजबूत करना भी है।

सरल भाषा और ऑडियो-विजुअल माध्यमों के इस्तेमाल से महत्वपूर्ण न्यायिक घटनाक्रमों को उन लोगों के लिए समझना आसान होने की उम्मीद है, जिनकी कानूनी पृष्ठभूमि नहीं है या जिन्हें लंबे फैसले पढ़ने में कठिनाई होती है।

यह सेवा शुरुआत में हिंदी में उपलब्ध होगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट चरणबद्ध तरीके से इसे अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू करने की योजना बना रहा है।

न्यायिक जानकारी को अधिक सुलभ बनाने की व्यापक कोशिशों की पृष्ठभूमि में यह कदम महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले परंपरागत रूप से अंग्रेजी में तैयार और प्रकाशित किए जाते हैं। ऐसे में भारतीय भाषाओं में सरल सारांश उपलब्ध कराने से न्यायिक फैसलों और उन नागरिकों के बीच की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाजपा ने प.बंगाल के दो उपचुनाव के प्रत्याशी घोषित किये

कोलकाता, 15 सितंबर। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अपने

- नंदीग्राम से मुख्यमंत्री के पूर्व सहायक स्वर्गीय चंद्रनाथ रथ की मां तथा रेजीनगर से पूर्व जिला अध्यक्ष शंकरभ सरकार उम्मीदवार होंगे।

उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। नंदीग्राम से मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पूर्व सहायक रहे दिवंगत चंद्रनाथ रथ की मां हसिरानी रथ को टिकट दिया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'निगमों, परिषदों और पालिकाओं के अध्यक्ष की सीटें आरक्षित करने से पहले अलग-अलग लॉटरी क्यों नहीं आयोजित की गई?'

## इस मुद्दे को उठाते हुए भरतपुर नगर निगम के पूर्व महापौर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर गुहार की कि महापौर व बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्तियों पर रोक लगाई जाये

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 15 सितम्बर। निकाय चुनाव आयोजित किए जाने के बाद 10 नगर निगम 47 नगर परिषद और 252 नगरपालिकाओं में महापौर, अध्यक्ष और सभापति चयनित किए जाने की प्रक्रिया पर अंतिम रोक लगाने की गुहार करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह और संदीप तनेजा की खण्डपीठ ने सवायत्तशासी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और राज्य के मुख्य

- याचिकाकर्ता का कहना है कि असमान निकायों को एक समान मानने की प्रक्रिया से यह परिणाम हुआ है कि 10 नगर निगमों में से एक भी सीट अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित नहीं है, 47 नगर परिषदों में केवल दो सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं और 252 नगरपालिकाओं में से 49 अनुसूचित जाति के लिए और 10 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं।
- याचिकाकर्ता का कहना है कि संविधान व नगर पालिका अधिनियम निकायों को तीन श्रेणी में बांटता है फिर भी निर्वाचन आयोग और स्वायत्तशाषी विभाग ने सभी निकायों को एक समान मानते हुए एक साथ ही लॉटरी क्यों आयोजित की? अदालत ने सभी तथ्यों को सुनने के बाद सरकार व निर्वाचन आयोग से जवाब तलब किया है।

निर्वाचन आयोग को जवाब तलब किया है। इस मामले में याचिकाकर्ता अभिजीत कुमार भरतपुर नगर निगम के महापौर के पद पर 2019 से 2024 तक कार्यरत थे और वर्तमान में किसी भी निकाय में कार्यरत नहीं है। उनका कहना है कि चूँकि वे एक नगर निगम के महापौर रह चुके है। इसलिए उन्हें निकायों की कार्य प्रणाली के विषय में अच्छी जानकारी है और सभी तथ्यों को जानने के बाद ही उन्होंने यह जनहित याचिका दायर की है।

इस मामले में याचिकाकर्ता अभिजीत कुमार की और से कहा गया कि स्वायत्तशासी विभाग और प्रदेश के निर्वाचन आयोग ने निकायों के अध्यक्ष पदों पर आरक्षित सीटों की लॉटरी आयोजित करते समय नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगमों को 'समरूपी संयोजित कोष' (होमोजीनियस पूल) की तरह मानते हुए सभी 309 निकायों की एक साथ लॉटरी निकाली जो कि न केवल संविधान के अनुच्छेद 243 के भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने कीर्ति आज़ाद की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

कोलकाता, 15 सितंबर। कलकत्ता हाई कोर्ट ने वसूली के एक मामले में तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद और पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद को अंतरिम राहत देते हुए उनके खिलाफ

- एक कारोबारी का आरोप है कि आज़ाद के एक सहयोगी ने उससे 15 लाख रुपये की मांग की थी।

गिरफ्तारी सहित किसी भी तरह की दंडात्मक पुलिस कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। हालांकि, अदालत ने उन्हें पश्चिम बंगाल पुलिस की अपराध जांच शाखा (सीआईडी) की जांच में पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया है।

मंगलवार को न्यायमूर्ति कौशिक चंद की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

व्यवसाय समय का यन्त्र है। –नेपोलियन

# अमेरिकी डॉलर की प्रभुता और भारत की राह

जैसी कि उम्मीद थी भारत ने नई दिल्ली में हुए समिट में ब्रिक्स देशों को अमरीकी डॉलर की प्रभुता से निकालने के उपाय करने के लिये सबको एक मत करने की तरफ किंचित प्रगति की। हालांकि किसी ऐसे सिंगल पेमेंट नेटवर्क बनाने की बात तो नहीं हुई जिसे अमरीकी डॉलर या पश्चिमी देशों के दबदबे वाले स्विफ्ट सिस्टम के विकल्प के तौर पर अपनाया जा सके। मगर उसमें उभरते बाज़ारों और विकासशील देशों में विकास और ढांचागत परियोजनाओं की फाइनेंसिंग में ब्रिक्स देशों के सामूहिक 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' की भूमिका को मज़बूत करने का मन्तव्य घोषणापत्र में शामिल किया गया। भारत, 2026 में ब्रिक्स का चेयरमैन होने के नाते, एक ऐसे पेमेंट सिस्टम पर ज़ोर दे रहा था जिससे सदस्य देश अमरीकी डॉलर या अमेरिकी बैंकों के ज़रिए ट्रांज़ैक्शन किए बिना, सीधे अपनी करेंसी में आपसी ट्रेड सैटल कर सकें। भारत के इस प्रस्ताव के केंद्र में एक टेक्निकल पेमेंट ब्रिज है जो ब्रिक्स देशों के मौजूदा घरेलू पेमेंट सिस्टम को आपस में जोड़ने की व्यवस्था करता है। इस ओर आगे बढ़ने के लिये केंद्र सरकार ने कुछ नीतिगत फैसले लिये हैं तथा भारतीय रिज़र्व बैंक ने इस ओर कुछ कदम भी उठाए हैं। डिस्ट्रिब्यूटेड-लेजर और स्मार्ट-कॉन्ट्रैक्ट-स्टाइल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके, प्रतिभागियों के बीच भुगतान की प्रक्रिया लगभग तुरंत पूरी हो सकती है। भारत यह भी स्पष्ट कर चुका है कि उसका मकसद नई ब्रिक्स करेंसी लाना नहीं है। इसके बजाय भारत भुगतान के ऑप्शन बढ़ाना और ट्रांज़ैक्शन के लिए डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहता है। ब्रिक्स देशों के समूह इस बात पर राजी हुए हैं कि 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' को लोकल करेंसी में फाइनेंसिंग बढ़ाने के लिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए। हालांकि ब्रिक्स नेताओं के घोषणापत्र में अमरीकी डॉलर या यूनाइटेड स्टेट्स का कोई सीधा ज़िक्र नहीं था। जटिल होती जा रही विश्व राजनीति में भारत की पहल कितनी सफल होती है यह अभी कहना नामुमकिन है। विश्व अर्थव्यवस्था में अमेरिकी डॉलर की प्रभुता पिछले सात दशकों से निर्विवाद रूप से बनी हुई है। जब भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विदेशी मुद्रा भंडार, कर्ज़, निवेश अथवा ऊर्जा सौदों की बात आती है, डॉलर सबसे आगे खड़ा दिखाई देता है। यह स्थिति केवल अमरीका की आर्थिक ताक़त के कारण नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक घटनाओं, राजनीतिक समझौतों और वैश्विक वित्तीय ढांचे के संयुक्त परिणाम से बनी है। आज जब अमेरिका का साम्राज्यवादी रुख सामने आने लगा है और उसे अनेक मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में डॉलर की विश्व अर्थव्यवस्था में प्रभुता ही राष्ट्रपति ट्रम्प के कारनामों में उनकी सबसे बड़ी मददगार साबित हो रही है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रणाली पर भी डॉलर का अप्रत्यक्ष नियंत्रण है। डॉलर की वैश्विक प्रभुता अमेरिका को केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक शक्ति भी देती है। इसी प्रभुता के कारण अमेरिका किसी भी देश पर आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसकी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है, जिसका भरपूर उपयोग वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति कर रहे हैं।

डॉलर की प्रभुता के ऐतिहासिक कारण रहे हैं। अमरिकी डॉलर को यह विशेष स्थान अचानक नहीं मिला, बल्कि इसके पीछे एक लंबा इतिहास है। द्वितीय विश्व युद्ध ने यूरोप और एशिया को बर्बाद कर दिया था। अमेरिका अपेक्षाकृत मज़बूत स्थिति में था। 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में तय हुआ कि अधिकांश विश्व मुद्राएं डॉलर से जुड़ी रहेंगी और डॉलर सोने से जुड़ा रहेगा। इस प्रकार डॉलर एक प्रकार से एंकर करेंसी बन गया। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर का सोने से सीधा संबंध तोड़ दिया। सैद्धांतिक रूप से यह डॉलर की नींव हिलाने वाला निर्णय था, लेकिन व्यवहार में डॉलर की स्थिति और मज़बूत हो गई क्योंकि तब तक पूरा वित्तीय ढांचा डॉलर पर आधारित हो चुका था। 1970 के दशक में अमेरिका और सऊदी अरब के बीच समझौते के तहत तेल निर्यातक देशों ने तय किया कि तेल की कीमत केवल डॉलर में तय होगी। चूँकि ऊर्जा हर अर्थव्यवस्था की धुरी है, इसलिए सभी देशों को डॉलर की ज़रूरत पड़ने लगी। आज भी लगभग 60 प्रतिशत वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा डॉलर में होता है, जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का वैश्विक जीडीपी में हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत है। यह असमानता ही डॉलर के असामान्य प्रभुत्व की ओर इशारा करती है। ऐसे में अमेरिकी वित्तीय संस्थाएं –वॉल स्ट्रीट बैंक, हेज फंड, रेटिंग एजेंसियां –पूरे विश्व में निवेश की दिशा तय करती हैं। संकट की स्थिति में डॉलर और अमेरिकी ट्रेज़री बांड को सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। 2008 की वैश्विक मंदी या हाल की कोविड महामारी के समय भी यही देखा गया। किन्तु हाल के वर्षों में भारत सहित कुछ देश डॉलर पर निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहे हैं। रूस ने पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण चीन और भारत के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार शुरू किया। चीन भी अपनी मुद्रा युआन को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने की कोशिश में है और उसने पेट्रो-युआन की दिशा में कदम उठाया है। यूरोपीय संघ भी यूरो को मजबूत वैश्विक विकल्प के रूप में प्रस्तुत करता रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत के प्रयासों को समझना ज़रूरी है। भारत ने रूस, श्रीलंका, मॉरीशस जैसे देशों के साथ रुपये में व्यापार शुरू किया है। आरबीआई ने स्पेशल वोस्ट्रो अकाउंट की व्यवस्था की है, जिससे विदेशी कंपनियां सीधे रुपये में भुगतान स्वीकार कर सकती हैं। भारत ब्राज़ील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिलकर भी वैकल्पिक वित्तीय ढांचे पर काम कर रहा है।

भारत ने 2022 में डिजिटल रुपया लॉन्च किया है। साथ ही यूपीआई जैसी तकनीक को सिंगापुर, यूएई, नेपाल आदि देशों में मान्यता मिल चुकी है। यदि यह नेटवर्क विस्तृत होता है तो भारतीय रुपये की स्वीकार्यता बढ़ सकती है। रूस से तेल आयात में भारत ने कई बार रुपये और अन्य मुद्राओं का प्रयोग किया है। खाड़ी देशों के साथ भी स्थानीय मुद्रा व्यापार पर चर्चा चल रही है। हालांकि भारत की पहलें आशाजनक हैं, लेकिन इनके रास्ते में गंभीर चुनौतियां भी हैं। रुपये की सीमित स्वीकार्यता है। भारतीय रुपया अभी पूरी तरह परिवर्तनीय मुद्रा नहीं है। पूंजी खाता नियंत्रणों के कारण विदेशी निवेशक इसे डॉलर जितना सुरक्षित नहीं मानते है जबकि डॉलर की संस्थागत ताकतहै। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, स्विफ्ट नेटवर्क जैसे संस्थान डॉलर-आधारित हैं। इन्हें बदलना आसान नहीं है। इसके अलावा डॉलर की प्रभुता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि अमेरिकी सैन्य और कूटनीतिक शक्ति से भी जुड़ी है। इसीलिए डॉलर से अलग होने के प्रयास कई बार राजनीतिक दबावों में फंस जाते हैं। भारत की आंतरिक आर्थिक चुनौतियों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। मुद्रास्फीति नियंत्रण, बैंकिंग सुधार, निर्यात प्रतिस्पर्धा-ये ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर काम किए बिना रुपया अंतरराष्ट्रीय विश्वास अर्जित नहीं कर पा सकता। फिर भी तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक नहीं है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तेजी से आगे बढ़ रही है। दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कई देशों के लिए भारत एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है, जहां रुपया धीरे-धीरे स्वीकार्य हो सकता है। डिजिटल भुगतान और फिनटेक के क्षेत्र में भारत की प्रगति अद्वितीय है। यदि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाया जाता है तो रुपया और डिजिटल रुपया दोनों को बढ़त मिल सकती है। कुछ अर्थशास्त्री सोचते हैं कि किसी प्रकार यदि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बन पाती है तो डॉलर की शक्ति धीरे-धीरे सीमित हो सकती है। हालांकि इसे अचानक खत्म करना न तो संभव है और न ही व्यावहारिक भी। किंतु यह सच है कि दुनिया के अनेक देशों का रुझान अब धीरे-धीरे बहु-मुद्रा व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।ऐसे में रुपया-आधारित व्यापार, ब्रिक्स सहयोग, डिजिटल रुपया, और यूपीआई का वैश्विक प्रसार के भारत के प्रयास इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं। फिलहाल ये प्रयास केवल प्रतीकात्मक दिख रहे हैं, लेकिन लंबी अवधि में ये डॉलर के वर्चस्व को बाहर निकालने का रास्ता बना सकते हैं। भारत यदि अपनी अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाए, रुपये को अधिक खुला और स्थिर करे, और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का दायरा बढ़ाए, तो वह डॉलर की छाया से बाहर निकलकर वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्वतंत्र पहचान बना सकता है। इस राह में चुनौतियां कम नहीं हैं, तो संभावनाएं भी कम नहींहैं।

> **भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तेजी से आगे बढ़ रही है। दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कई देशों के लिए भारत एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है, जहां रुपया धीरे-धीरे स्वीकार्य हो सकता है। डिजिटल भुगतान और फिनटेक के क्षेत्र में भारत की प्रगति अद्वितीय है। यदि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाया जाता है तो रुपया और डिजिटल रुपया दोनों को बढ़त मिल सकती है। कुछ अर्थशास्त्री सोचते हैं कि किसी प्रकार यदि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बन पाती है तो डॉलर की शक्ति धीरे-धीरे सीमित हो सकती है।**

अभी भारत पूरी तरह से अमेरिकी डॉलर की प्रभुता को चुनौती देने की हालत में नहीं है। लेकिन वह उसकी वैश्विक पकड़ को कम करने की दिशा में काम जरूर कर रहा है। इसे आमतौर पर डी डोलेराइज़ेशन कहा जाता है। भारत अब कई देशों के साथ डॉलर की बजाय भारतीय रुपये में व्यापार करने की कोशिश कर रहा है। जैसे रूस के साथ तेल व्यापार में रुपये का इस्तेमाल करना। इससे डॉलर की जरूरत कम होती है। साथ ही यह फायदा होता है कि डॉलर पर निर्भरता घटती है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम होता है। वास्तव में भारत डॉलर को हटाने की बजाय, अभी उसके बिना भी काम चलाना सीख रहा है। ब्रिक्स के देश दुनिया की लगभग आधी आबादी और ज़रूरी संसाधन और ट्रेड के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिडित्वा करते हैं। इसके सदस्य मज़बूत फाइनेंशियल लिंक, पश्चिमी इंस्टीट्यूशन से ज़्यादा आज़ादी और आखिर में एक ऐसा सिस्टम चाहते हैं जो डॉलर के कंट्रोल से बाहर काम कर सके। टैरिफ, बैन और अमेरिकी इकोनॉमिक पॉलिसी को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने इस जरूरत को और महत्वपूर्ण बना दिया है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**

# ओजोन की छतरी के नीचे-कूलर प्लेनेट की ओर बढ़ता राजस्थान

## विश्व ओजोन दिवस 2026 ....



डॉ. अमृता कटारा

थीम : "Global Action for a Cooler Planet"

आसमान को देखते हुए हमने शायद ही कभी सोचा हो कि हमारे सिर के ऊपर दिखाई न देने वाली एक परत हमारी पूरी पृथ्वी के लिए कितनी बड़ी ढाल बनी हुई है। वह ढाल है-ओजोन परत। न वह दिखाई देती है, न उसकी कोई आवाज है, न वह हमारे सामने आकर अपने अस्तित्व का अहसास कराती है। फिर भी सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से मनुष्य, जीव-जगत और पर्यावरण की रक्षा में उसकी भूमिका जीवनदायिनी है। प्रकृति ने पृथ्वी को यह सुरक्षा-कवच दिया, लेकिन मानव गतिविधियों ने कभी इसी कवच को कमजोर करने का खतरा भी पैदा किया।

आज 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर हम केवल ओजोन परत के संरक्षण की बात नहीं कर रहे, बल्कि उस वैश्विक चेतना का उत्सव मना रहे हैं जिसने विज्ञान, नीति और जनभागीदारी को एक साथ लाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इतिहास रचा।

**मॉन्ट्रियल से शुरू हुई एक वैश्विक उम्मीद-** ओजोन संरक्षण की कहानी हमें वर्ष 1987 के मॉन्ट्रियल तक ले जाती है। 16 सितंबर 1987 को ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से Montreal Protocol on Substances that Deplete the Ozone Layer अपनाया गया। यह समझौता 1 जनवरी 1989 को प्रभावी हुआ। इसके बाद वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 16 सितंबर को International Day for the Preservation of the Ozone Layer घोषित किया, ताकि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की उस ऐतिहासिक उपलब्धि को याद किया जा सके और विश्व समुदाय को ओजोन संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासों की प्रेरणा मिलती रहे।

यानी विश्व ओजोन दिवस की शुरुआत किसी औपचारिक उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि मानवता की सामूहिक जिम्मेदारी की याद के रूप में हुई थी। और यही इसकी सबसे खूबसूरत बात है-जब दुनिया ने समस्या को पहचाना, विज्ञान पर भरोसा किया और देशों ने मिलकर समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए, तो परिवर्तन संभव हुआ।

2026 का संदेश-सिर्फ ओजोन नहीं, धरती को भी ठंडा करना है। वर्ष 2026 का संदेश इस वैश्विक यात्रा को एक नए आयाम से जोड़ता है-

"Global Action for a Cooler Planet"

अर्थात-एक ठंडी, सुरक्षित और टिकाऊ पृथ्वी के लिए वैश्विक कार्रवाई। इस वर्ष की थीम विशेष रूप से Kigali Amendment to the Montreal Protocol के तहत ustainable cooling के 10 वर्ष पूरे होने को रेखांकित करती है। खुँत सहसहू को 2016 में अपनाया गया था और इसका उद्देश्य शक्तिशाली ग्रीन हाउस गैस- विशेषकर hydrofluorocarbons (HFCs)-को चरणबद्ध तरीके से कम करना तथा अधिक ऊर्जा-कुशल और टिकाऊ cooling solutions की दिशा में आगे बढ़ना है।

यह संदेश आज के समय में इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बढ़ती गर्मी, heat wab ने और बदलता जलवायु परिदृश्य हमें यह समझा रहा है कि ठंडक केवल सुविधा नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता है। लेकिन सवाल यह है-क्या हमें अपने घरों को ठंडा करने के साथ-साथ अपनी धरती को गर्म करते जाना है? या फिर ऐसी तकनीक, ऐसी जीवनशैली और ऐसा विकास मॉडल अपनाना है जो comfort और climate-दोनों के बीच संतुलन बना सके?

यही 2026 का संदेश है। राजस्थान-जहां हरियाली अब अभियान नहीं, जनभागीदारी का संकल्प है,

राजस्थान जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य के लिए पर्यावरण संरक्षण की चुनौती और अवसर दोनों बड़े हैं। मरुस्थलीय भूभाग से लेकर अरावली की पर्वतमालाओं, शहरों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक प्रकृति का संतुलन हमारी जीवन-व्यवस्था का आधार है। इसी सोच को जनभागीदारी से जोड़ते हुए राजस्थान सरकार ने 'हरियालो राजस्थान' को व्यापक स्वरूप दिया है। वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के माध्यम से हर परिवार को जोड़ते हुए 10 करोड़ पौधे लगाने और उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान को Multi-Sectoral Programme के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि पौधरोपण केवल एक दिन की गतिविधि न रहे, बल्कि पौधे के वृक्ष बनने तक उसकी जिम्मेदारी भी समाज निभाए। यही सोच इस अभियान को विशेष बनाती है। एक पौधा लगाना प्रकृति के नाम एक वादा है, लेकिन उसे बड़ा करना आने वाली पीढ़ी के नाम जिम्मेदारी। 'एक पेड़ मां के नाम' की संवेदना से लेकर 'एक पेड़ भाई-बहन के नाम' जैसे जनभागीदारी अभियानों तक, हरियालो राजस्थान पर्यावरण को भावनात्मक रिश्तों से जोड़ने का प्रयास भी कर रहा है।

**आरएसपीसीबी-नियमन से जन-जागरूकता तक-** पर्यावरण संरक्षण की इस यात्रा में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। जल एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं न्यूनीकरण के साथ पर्यावरणीय नियमों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी निभाने वाला बोर्ड अब पर्यावरणीय जागरूकता को भी अपनी कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहा है। वायु गुणवत्ता, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय अनुपालन और जन-जागरूकता जैसे क्षेत्रों में प्रयासों का उद्देश्य यही है कि विकास की गति और पर्यावरण की सुरक्षा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक बनें।

आज आवश्यकता केवल यह देखने की नहीं कि किसी उद्योग ने मानकों का पालन किया या नहीं। आवश्यकता यह भी है कि समाज का प्रत्येक वर्ग पर्यावरण को अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारी माने। इसीलिए पर्यावरणीय जागरूकता में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। युवा-जिनके हाथ में सिर्फ मोबाइल नहीं, बदलाव की दिशा भी है।

आज का युवा पर्यावरण को केवल किताबों में पढ़ने वाली पीढ़ी नहीं है। वह क्लाइमेट चेंज को महसूस कर रहा है, बढ़ती गर्मी देख रहा है, बदलते मौसम को समझ रहा है और sustainability जैसे शब्दों को अपनी भाषा का हिस्सा बना रहा है। यही युवा 'ग्रीन राजस्थान' का सबसे मजबूत एंबेसडर बन सकता है।

एक युवा अपने घर मsb energy-efficient appliances को प्राथमिकता दे सकता है। अनावश्यक बिजली की खपत कम कर सकता है। सार्वजनिक परिवहन और साझा परिवहन को बढ़ावा दे सकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बना सकता है। कचरे को अलग-अलग कर सकता है। पौधा लगाकर केवल फोटो नहीं, उसकी नियमित देखभाल भी कर सकता है। और सबसे महत्वपूर्ण-वह अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित कर सकता है।

आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कुछ सेकंड में हजारों लोगों तक पहुंचती है। अगर वही पोस्ट किसी ट्रेंड के बजाय tree plantation, clean air, sustainable lifestyle या responsible cooling की बात करे, तो डिजिटल स्पेस भी एनवायर्नमेंटल एक्शन का पावरफुल मंच बन सकता है।

**ओजोन दिवस हमें एक बड़ी सीख देता है -** ओजोन दिवस की सबसे बड़ी सीख शायद यही है कि पर्यावरणीय संकट अजेय नहीं होते। कभी वैज्ञानिकों ने ओजोन परत में हो रहे क्षरण की चिंता जताई। दुनिया ने सुना। देशों ने समझौता किया। उद्योगों ने तकनीक बदली। नीतियां बनीं। और आज Montreal Protocol को वैश्विक पर्यावरणीय सहयोग की महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जाता है। UNEP के अनुसार, इसके कारण ओजोन परत के संरक्षण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और Kigali Amendment ने इस प्रयास को क्लाइमेट एक्शन से भी जोड़ दिया है।

इसलिए आज का संदेश निराशा का नहीं, आशा और कार्रवाई का संदेश है। हमें यह विश्वास रखना होगा कि यदि दुनिया मिलकर आसमान की एक अदृश्य परत को बचाने के लिए अपनी दिशा बदल सकती है, तो हम अपने शहरों की हवा, अपने गांवों की हरियाली और अपनी धरती के तापमान को बेहतर बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ सकते हैं। अब पर्यावरण 'विषय' नहीं, जीवनशैली है

आज की पीढ़ी के सामने सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि हम विकास चाहते हैं या पर्यावरण।

सवाल यह है कि- क्या हम ऐसा विकास कर सकते हैं जिसमें प्रगति की ऊंचाई के साथ प्रकृति की गहराई भी बनी रहे? क्या हमारे शहर स्मार्ट होने के साथ ग्रीन भी हो सकते हैं? क्या हमारी कूलिंग व्यवस्था efficient होने के साथ र्लेंहैंत भी हो सकती है? क्या हरियालो राजस्थान में लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाले वर्षों में छाया, स्वच्छ हवा और जैव-विविधता का आधार बन सकता है?

उत्तर है-हां।

लेकिन इसके लिए सरकारी योजनाओं को जनभागीदारी की जरूरत है, तकनीक को जिम्मेदारी की जरूरत है और युवाओं को नेतृत्व की। राजस्थान सरकार के हरियालो राजस्थान जैसे अभियान और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास तभी व्यापक परिणाम देंगे, जब नागरिक इन्हें केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर अपना अभियान समझेंगे।

**एक संकल्प-आने वाले कल के नाम -**विश्व ओजोन दिवस 2026 पर आइए, हम केवल ओजोन परत की सुरक्षा की चर्चा न करें, बल्कि उस विचार को अपनी जीवनशैली में उतारें जो हमें एक कूलर, क्लीनर और ग्रीनर प्लेनेट की ओर ले जाता है।

एक पौधा लगाएं। एक पौधे को बचाएं। ऊर्जा की एक अनावश्यक खपत रोकें। प्लास्टिक की एक अनावश्यक वस्तु से इनकार करें। प्रकृति के पक्ष में एक आवाज उठाएं। क्योंकि पर्यावरण को बचाने के लिए हमेशा कोई बहुत बड़ा काम करना जरूरी नहीं होता।

कभी-कभी-एक पौधा, एक बचाई हुई बूंद, एक बंद किया हुआ अनावश्यक स्विच, एक साझा किया हुआ पर्यावरण संदेश-भविष्य की कहानी बदलने की शुरुआत बन सकता है। ओजोन की यह अदृश्य छतरी हमें लगातार यह याद दिलाती है कि प्रकृति हमारे लिए बहुत कुछ करती है, अब हमारी बारी है।

आइए, ओजोन की रक्षा से लेकर हरियालो राजस्थान तक-एक ऐसी पीढ़ी बनें जो केवल भविष्य की कल्पना न करे, बल्कि उसे हरा-भरा, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का साहस भी रखे।

क्योंकि ठंडी धरती केवल एक सपना नहीं-सामूहिक संकल्प और सतत कार्रवाई से हासिल किया जा सकने वाला भविष्य है।

**–डॉ. अमृता कटारा,**
**लेखिका।**

# स्वदेशी आधारित अर्थ नीति ही समस्या का वास्तविक समाधान



सी.ए. शंकर अग्रवाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान चिन्तक, विचारक एवं देश की काल परिस्थिति के भविष्य वक्ता थे। उनके विचार आज भी हमें प्रेरणा देने के साथ-साथ राष्ट्र जीवन में अति उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने स्वदेशी पर जोर देते हुये कहा था कि जब तक हमारा देश स्वावलम्बी व स्वदेश आधारित उत्पाद का उपयोग अपने जीवन में नहीं लायेगा, हम पूर्ण स्वतंत्र नहीं हो सकते। उनका कहना था कि हमारा देश आजाद होने के बाद साम्यवाद व पश्चिम की आर्थिक नीतियां अपनाने पर मजबूर हो गया, क्योंकि हमारे देश के नेताओं व अर्थशास्त्रियों के पास आर्थिक विकास, उत्पादन आदि के लिए स्वयं की नीति नहीं थी, परिणामस्वरूप वर्षों तक हम पश्चिम देशो की नीतियों का अनुसरण करते रहे, जो हमारे देश के आर्थिक स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं थी। अधिक उपभोग व अधिक उत्पाद हमारी आर्थिक नीति कभी नहीं बन सकती। उत्पादन बढ़ाना स्वीकार्य है, मगर अनावश्यक उपभोग स्वीकार्य नहीं है।

हमारे देश की आजादी से पूर्व देश में अनेक प्रकार के आंदोलन जैसे- नमक सत्याग्रह, स्वदेशी ग्रामोद्योग, जगल सत्याग्रह, कर बंदी, लगान बंदी, महाराष्ट्र में लोक मान्य तिलक द्वारा पोशित गणपति पूजा, यह सब आंदोलन जनता को एकत्र कर आजादी के आंदोलन के लिए प्रेरित करना व आजादी के आंदोलन में जनता की भागीदारी बढ़े, इसके मूल में यही भावना छिपी थी।

आजादी के बाद इन सब प्रश्नों को आर्थिक दृष्टिकोण से देखा गया, देश की प्रगति, आर्थिक योजना, बड़े उद्योगों का निर्माण एवं उत्पादन यह हमारी सोच का मूल आधार हो गया। विषय वही थे पर नजरिया बदल गया।

आजादी के बाद आर्थिक विकास पर ज्यादा जोर दिया जाने लगा। हमारे पास अपना कोई आधार नहीं था अथवा होने के बाद भी हमारी आर्थिक नीतियों में मार्शल और मार्क्स का प्रभाव दिखाई देने लगा। पश्चिम की आर्थिक समृद्धि ने उसकी अर्थोत्पादन पद्धति के विषय में हमारे मन में निरविवाद रूप से श्रृद्धा उत्पन्न कर दी है। पाश्चात्य अर्थशास्त्रियों ने इतना विवेचनात्मक साहित्य उत्पन्न किया है कि उसने भीतर से हम सहज ही दब जाते हैं, उसके ऊपर उठ ही नहीं पाते हैं।

आजादी के बाद पाश्चात्य अर्थशास्त्रियों ने हमारी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से घेर लिया, वे सब हमारे देश के होते हुए भी विदेशों के लिए काम करते थे। परिणामस्वरूप हमारी अर्थव्यवस्था विदेशी प्रतिनिधियों अथवा पश्चिम देशों के लिए काम करने वाले तथाकथित अर्थशास्त्रियों के बीच जकड़ गई। उन्हीं के दर्शन को हम हमारी आर्थिक प्रगति का आधार मान बैठे। आज भी इस सोच के कम लोग होने के बाद भी इनका प्रभाव कम नहीं है। आज के संदर्भ में बात करें तो इनका प्रभाव काफी कम हो गया है, लेकिन लम्बे समय देश इन्हीं के दर्शन का अनुसरण कर अपनी आर्थिक नीतियां निर्धारण करता रहा। परिणाम स्वरूप हम स्वावलम्बन व स्वदेश आधारित अर्थव्यवस्था से दूर होते गये।

वर्तमान युग में आर्थिक समस्या अत्यंत विषम हो उठी है। इस समस्या को हल करने के विविध प्रकार पश्चिम के विद्वानों ने रखे हैं। किंतु इन सभी का दृष्टिकोण एकांगी ही रहा है। लाभ में जब श्रमिकों को भाग नहीं मिला, तब उनमें प्रतिक्रिया उत्पन्न हुई और उन्होंने एक नई प्रणाली समाजवाद या साम्यवाद का विकास किया, जिसमें पुन: वितरण पर ही अधिक बल दिया गया और इसके लिये राज्य द्वारा व्यक्ति को कुचलकर रख दिया गया।

लेकिन उपभोग की ओर पश्चिम के विद्वानों का ध्यान नहीं गया, यद्यिप उपभोग ही उत्पादन और वितरण दोनों की धुरी है। वास्तविकता यह है कि अधिकाधिक उपभोग का सिद्धांत ही मनुष्य के दु:खो का कारण है। उपभोग की लालसा यदि पूरी की जाए तो वह बढ़ती चली जाती है। वर्ग संघर्ष जिसके ऊपर समूचा साम्यवाद खड़ा है, ऐसे उपभोग के ही कारण उत्पन्न होता है। भारतीय मतवाद जब वर्ग-संघर्ष का खंडन करता है, तब उसका तात्पर्य यही होता है कि उसने उपभोग को नियंत्रित कर लिया है तथा अधिकाधिक उपभोग के बजाय न्यूनतम उपभोग को आदर्श बनाया है। मनुष्य की प्रकृत भावनाओं का संस्कार करके उसमें अधिकाधिक उत्पादन, समान वितरण तथा संयमित उपभोग की प्रवृत्ति पैदा करना ही आर्थिक क्षेत्र में संस्कृति का कार्य है। इसमें ही तीनों का संतुलन है।

दीनदयाल जी की सोच थी, जब तक स्वदेशी व स्वावलम्बी अर्थव्यवस्था नहीं होगी, हम आजीवन किसी न किसी रूप में गुलाम ही रहेगें। उनका कहना था कि हिन्दु जीवन दर्शन ही पूर्ण है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरूशार्थ पर आधारित हिंदू जीवनादर्श ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विश्व की समस्याओं का उत्तर समाजवाद नहीं, हिंदुत्ववाद है। यहां पर हमें हिंदू जीवनादर्शों का विचार करते समय कुछ निष्प्राण कर्मकांड के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। साथ ही यह समझना भी भारी भूल होगी कि हिंदुत्व वर्तमान वैज्ञानिक उन्नति का विरोधी है। विज्ञान और यंत्र इन दोनों का उपयोग इस पद्धति से होना चाहिए, जिससे वे हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन-पद्धति के अनुरूप हो। एक ऐसी व्यवस्था चाहिए, जो संहारात्मक न होकर सृजनात्मक हो-प्रकृति के षोशण पर निर्भर न होकर पोषण पर निर्भर रहें। पंडित जी की सोच थी प्रकृति का षोषण नहीं दोहन होना चाहिए। हम प्रकृति से इतना तथा इस प्रकार लें कि वह उस कमी को स्वयं पुन: पूरित कर ले। भूमि से अधिक फसल लेने के लोभ में हम ऐसे उर्वरकों का प्रयोग कर रहे है, जिनसे कुछ दिनों बाद उसकी उत्पादन शक्ति समाप्त हो जाती है। आज अमरीका में लाखों एकड़ भूमि इस प्रकार की खेती के कारण बंजर हो चुकी है। यह विनाशलीला कब तक चलती रहेगी? इसका समाधान केवल हिन्दू दर्शन में ही निहित है।

पंडित दीनदयाल जी की सोच को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने प्रथम बार राजस्थान में अपनाया व अन्त्योदय योजना लागू कर पूरे विश्व को उस योजना का अनुसरण करने को विवश कर दिया। अन्त्योदय का अर्थ था गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। इस योजना का अमेरीका सहित अनेक देशों ने अनुसरण किया। राजस्थान देश का पहला राज्य बना, जहां गांव के अंतिम व्यक्ति तक लाभ की कल्पना की व उसे साकार करने के लिये अनेक योजनाऐं बनाई। सरकारी योजना का सीधा लाभ गरीब को मिले, इस हेतु अनेक लाभकारी योजना गरीब को गणेश मानकर लागू की गई।

दीनदयाल जी की इसी स्वदेशी सोच को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, जिन्होंने हर क्षेत्र में स्वदेशी को बढ़ावा देने पर जोर दिया व छोटे उद्योगों, दस्तकारो, हस्तकला आदि को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन क्षेत्रों में भी भारी उपलब्धि हासिल की है, जिन पर कोई सोचता ही नहीं था। सबसे बडा उदाहरण हमारे सामने रक्षा उत्पाद का है, जहां हम निर्यात करना तो दूर हर तरह के हथियार के लिये विदेशो पर निर्भर रहते थे। आज हम रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भरता की तरफ कदम बढ़ा रहे है व हमारा निर्यात 38424 करोड़ का हो गया है जो कभी 180 करोड़ भी नहीं था। आज हमारे रक्षा उत्पाद को अनेक देश पसन्द कर रहे हैं। इसी प्रकार मोबाईल जो हमेशा बाहर से आता था, आज हम 2.59 लाख करोड़ के मोबाईल निर्यात कर रहे हैं।

आज देश में 6.27 करोड़ का मोबाईल उत्पादन अपने आप में स्वदेश उत्पाद की दिशा में बड़ा कदम है। यह तो दो बड़े क्षेत्र है जिनका विस्तार से वर्णन किया है। इसके अलावा अनेक क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर होता जा रहा है। आज स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की इस मुहिम में शामिल होकर हम पंडित दीनदयाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।

**- सी.ए. शंकर अग्रवाल**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 16 सितम्बर, 2026**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत-2083, विशाखा नक्षत्र सायं 5:23 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 10:49 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह।

आज कुमार योग सायं 5:13 तक है। अमृत सिद्धि योग सायं 5:23 से सूर्योदय तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग और रवियोग सायं 5:23 से आरम्भ होगा। आज वैधृति पुण्य, मथन षष्ठी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया**–लाभ अमृत सूर्योदय से 9:14 तक, शुभ 10:50 से 12:12 तक, चर 3:25 से 4:56 तक, लाभ 4:56 से सूर्यास्त तक।

**राहुकाल**–12:00 से 1:30 तक, सूर्योदय 6:16 सूर्यास्त 6:26 तक



**मेष**

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के मध्यान्ह पूर्व करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है।



**वृष**

मित्रों-रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। इस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/ आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**कर्क**

घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।



**सिंह**

शुभ कार्यों के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आपसी मतभेदों से व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।




**तुला**

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**वृश्चिक**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय दूर होगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**

परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**मकर**

घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण वार्ता हो सकती है और महत्वपूर्ण योजना बन सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



**मीन**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# एसएमएस अस्पताल में एचएलए और ब्लड ग्रुप मिसमैच के बावजूद बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफल

**जयपुर।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नैदानिक रक्तविज्ञान विभाग ने अस्थि-मज्जा प्रत्यारोपण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग ने राज्य सरकार की एमएए (मां) योजना के तहत पहली बार एचएलए-असंगत दाता और प्रमुख एबीओ रक्त समूह असंगति वाले मरीज का दूसरे व्यक्ति से अस्थि-मज्जा प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया। उपचार के बाद मरीज की स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और स्वस्थ होने पर मंगलवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. विष्णु शर्मा ने बताया कि यह जटिल प्रत्यारोपण 49 वर्षीय पुरुष मरीज में किया गया, जो दीर्घकालिक माइलॉयड रक्त कैंसर (सीएमएल) से पीड़ित था। बीमारी बढ़ने के बाद मरीज लसीका-विस्फोट अवस्था में पहुंच गया था, जिसे सीएमएल की दुर्लभ और उच्च जोखिम वाली अवस्था माना जाता है।

प्रत्यारोपण से पहले मरीज को गहन रसायन चिकित्सा और लक्षित चिकित्सा दी गई।


**खोया पाया**

मेरे मकान 1/103 मालवीय नगर जयपुर का मूल कार्यालय आदेश (राजस्थान आवासन मंडल का), मालवीय नगर में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- सुषमा मारू 7733807882

**नाम परिवर्तन**

मैं प्रदीप चौधरी निवासी 19 गणेश कॉलोनी नियर वाटर टैंक ऑफिस, पंखा झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान 302012 मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम प्रदीप कुमार जाट दर्ज है मैने अपना नाम प्रदीप कुमार जाट से बदलकर प्रदीप चौधरी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित आवासीय प्रोजेक्ट "ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट" खसरा नं. 475/2 गाँव वाटिका, तहसील-सांगानेर, जिला-जयपुर, राजस्थान। जिसका कुल भूखंड क्षेत्र 18,735.42 वर्ग मीटर तथा नेट भूखंड क्षेत्र 15,559.98 वर्ग मीटर और निर्मित क्षेत्र 85,771.70 वर्ग मीटर है पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या RJ/26/SEAC2(06)/INFRA2/EC/1176 दिनांक 11/09/2026 को प्रदान कर दी गई है । सहमति प्रपत्र की प्रति पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है ।

प्योर आवास डेवलपर्स एलएलपी

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:3754 जाहिर आम-सूचना दिनांक:09.09.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 51/136 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अब्दुल रजाक खाँ पुत्र श्री अनवर खाँ को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3891 दिनांक 31.11.1992 को जारी किया गया। श्री अब्दुल रजाक खाँ के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 20.12.2004 को उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री अब्दुल रजाक खाँ द्वारा श्री कमलेश गुप्ता पुत्र श्री बाबूलाल गुप्ता को दिनांक 27.12.2004 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री कमलेश गुप्ता द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 31.01.2005 के द्वारा श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री गोपी चन्द्र जैन को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री गोपी चन्द्र जैन द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री गोपी चन्द्र जैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**नम्बर मिलाइए 8890333139**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अचल सम्पत्ति प्लाट नं. 68, योजना-गणेश विहार विस्तार, ग्राम चन्दलाई, तहसील चाकसू, जयपर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 191.38 वर्गगज है। यह कि उक्त सम्पत्ति का पट्टा विलेख क्रमांक 4736 दिनांक 18. 09.2024 को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सरोज केडिया के हित जारी किया गया था, तत्पश्चात सरोज केडिया ने अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा दिनांक 04.12.2024 को अपने पति शिव कुमार केडिया के हित में निष्पादित कर दिया। उक्त वसीयत सरोज केडिया द्वारा लिखी गयी अंतिम वसीयत है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वसीयत निष्पादित नही की गयी है। तत्पश्चात सरोज केडिया का स्वर्गवास दिनांक 26.01.2025 को हो गया। यह कि सरोज केडिया के स्वर्गवास के पश्चात शिव कुमार केडिया उक्त वसीयतनामा के आधार पर उक्त सम्पत्ति का एकमात्र मालिक, स्वामी व अधिकारी काबिज हुआ। तत्पश्चात शिव कुमार केडिया ने उक्त सम्पत्ति को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 11. 07.2025 को शिवानी अग्रवाल को विक्रय कर दिया। इस प्रकार शिवानी अग्रवाल उक्त सम्पत्ति की एकमात्र मालिकीन, स्वामिनी व काबिजा हुई। तत्पश्चात शिवानी अग्रवाल ने उक्त सम्पत्ति बाबत एक मुख्त्यारआम दिनांक 06.04.2026 को तुषार श्रीवास्तव के हित में निष्पादित कर दिया। यह कि शिवानी अग्रवाल जरिये मुख्त्यारआम तुषार श्रीवास्तव द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी दीगर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति/ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें, उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा कोई भी आपत्ति/ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।

Devendra Bhaskar, Advocate, Contact No. 9928600053

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या:** मं. रे. प्र. टीआरडी-12-2026-27, **कार्य का नाम:** TRD work in c/w the provision of a shunting neck connected with pit and sick lines and an engine holding line connected with ART line at Udaipur station, **अनुमानित लागत:** Rs. 1,85,80,451.00, **बयाना राशि:** Rs. 3,71,600/-, **ई-निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:** 05.10.2026 को 15:00 बजे, **ई-निविदायें खोलने की तिथि व समय:** 05.10.2026 को 15:30 बजे, **निविदा संख्या:** मं. रे. प्र. टीआरडी-14-2026-27, **कार्य का नाम:** AII/TRD- TRD work in connection with provision of PTFE shifting of Umra TSS of Ajmer Division, **अनुमानित लागत:** Rs. 1,34,21,965.40, **बयाना राशि:** Rs. 2,68,400/-, **ई-निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:** 05.10.2026 को 15:00 बजे, **ई-निविदायें खोलने की तिथि व समय:** 05.10.2026 को 15:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता www.ireps.gov.in 1330-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें




मोती डूंगरी गणेश मंदिर से भगवान गणेश की शोभायात्रा निकली। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गणेश मंदिर से भगवान गणेश की शोभायात्रा का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। शोभायात्रा के शुभारंभ के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और धार्मिक उत्साह का माहौल नजर आया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणेशोत्सव की शुभकामनाएं भी दीं।

# 305 निकायों में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू, 21को होगी वोटिंग

- 17 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच, 18 को नाम वापसी; 21 सितंबर को अध्यक्ष पद के लिए मतदान
- जयपुर, जोधपुर, कोटा नगर निगम और सुकेत नगरपालिका को छोड़कर चुनाव प्रक्रिया शुरू, 7 नगर निगमों में मेयर, 47 नगर परिषदों में सभापति और 251 नगरपालिकाओं में चुने जाएंगे अध्यक्ष

**जयपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में पार्षदों के नतीजे आने के साथ ही अब शहरों की सत्ता पर कब्जे की अगली लड़ाई शुरू हो गई है। भाजपा और कांग्रेस ने बोर्ड बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर जोड़तोड़ तेज कर दी है। कहीं बहुमत के चलते अध्यक्ष का चेहरा लगभग तय माना जा रहा है तो कहीं निर्दलीय पार्षदों के रुख पर पूरे बोर्ड का भविष्य टिका है। दोनों दल अब पार्षदों की संख्या के साथ उनकी पसंद, गुटबाजी और स्थानीय समीकरणों का हिसाब लगाने में जुटे हैं। जयपुर, जोधपुर और कोटा के नगरीय निकायों तथा सुकेत नगर पालिका को छोड़कर अन्य निकायों में अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को नामांकन का अंतिम दिन है। 17 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 18 सितंबर को दोपहर तीन बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। जरूरत पड़ने पर 21 सितंबर को अध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा।

भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिए चेहरा तय करने की जिम्मेदारी सीधे संगठन की प्रक्रिया से जोड़ दी है। पार्टी पहले स्थानीय स्तर से फीडबैक लेगी। इसके बाद निकाय प्रभारी, संभाग प्रभारी और संगठन के पदाधिकारी संभावित दावेदारों को लेकर चर्चा करेंगे। इस पूरी कवायद के बाद प्रदेश नेतृत्व शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श कर अंतिम नाम पर मुहर लगाएगा।

स्पष्ट बहुमत वाले निकायों में भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती अध्यक्ष पद के दावेदारों के बीच संतुलन बनाने की है। पार्टी ऐसा चेहरा चुनने की कोशिश करेगी, जिसे अधिकांश पार्षद स्वीकार करें और बोर्ड के संचालन में भी संगठन के साथ तालमेल बना रहे।

कांग्रेस ने अध्यक्ष चुनाव के लिए अपने प्रभारियों को खाली पार्टी सिंबल सौंपकर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। प्रभारी अब संबंधित निकायों में पहुंचकर कांग्रेस पार्षदों से बातचीत करेंगे। पार्षदों की राय और स्थानीय समीकरणों के आधार पर उम्मीदवार का नाम तय किया जाएगा और इसके बाद खाली सिंबल पर नाम भरा जाएगा।

कांग्रेस की यह रणनीति खास तौर पर उन निकायों में महत्वपूर्ण है, जहां पार्टी ने अपने पार्षदों को एकजुट रखने के लिए बाड़ेबंदी की है। पार्टी नेतृत्व यह पता लगाने में जुटा है कि कौन सा चेहरा सभी गुटों को स्वीकार्य हो सकता है।जिन निकायों में भाजपा या कांग्रेस बहुमत के आंकड़े से दूर हैं, वहां निर्दलीय पार्षदों की भूमिका अचानक बढ़ गई है। ऐसे निकायों में निर्दलीय पार्षद अब अध्यक्ष की कुर्सी का समीकरण तय कर सकते हैं। दोनों दलों ने इनके राजनीतिक झुकाव और संपर्कों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

भाजपा की ओर से विचारधारा से जुड़े निर्दलीयों को साथ लेने के संकेत दिए गए हैं, वहीं कांग्रेस भी स्थानीय समीकरणों के हिसाब से निर्दलीयों से संपर्क साध रही है। ऐसे में अगले तीन दिन में कई निकायों में सियासी तस्वीर तेजी से बदलने के आसार हैं। नामांकन के बाद 18 सितंबर को नाम वापसी की समय सीमा खत्म होने के साथ अध्यक्ष पद के मुकाबले की तस्वीर काफी हद तक स्पष्ट हो जाएगी।

इसके बाद दोनों दल अपने पार्षदों को एकजुट रखने और अंतिम समय तक संख्या बल सुरक्षित रखने में जुटेंगे।21 सितंबर को होने वाला मतदान तय करेगा कि किस शहर की सत्ता भाजपा के हाथ जाएगी और कहां कांग्रेस बोर्ड बनाने में सफल रहेगी।

# जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं सुकेत में कुछ मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान आज

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं सुकेत के कुछ मतगणना के दौरान ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण पुनर्मतदान कराने के निर्देश दिए हैं।

आयोग के अनुसार, नगर निगम जयपुर के वार्ड संख्या 09 के बूथ संख्या 111, वार्ड संख्या 18 के बूथ संख्या 235, वार्ड संख्या 25 के बूथ संख्या 343, वार्ड संख्या 34 के बूथ संख्या 477 एवं 484, नगर निगम जोधपुर के वार्ड संख्या 50 के बूथ संख्या 338, नगर निगम कोटा के वार्ड संख्या 87 के बूथ संख्या 99, वार्ड संख्या 44 के बूथ संख्या 448, वार्ड संख्या 11 के बूथ संख्या 576 तथा नगरपालिका सुकेत के वार्ड संख्या 04 के बूथ संख्या 05 पर पुनर्मतदान कराया जाएगा। ईवीएम में तकनीकी खराबी की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं रिटर्निंग अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्टों का परीक्षण करने के बाद आयोग ने पाया कि इन मतदान केंद्रों पर मतगणना के दौरान मशीनों में आई तकनीकी खराबी के कारण अप्रदर्शित मत, निकटतम प्रतिद्वंद्वी के मतों के अंतर से अधिक है। इसे देखते हुए आयोग ने पुनर्मतदान कराने का निर्णय लिया हैं।

आयोग के निर्देशानुसार इन मतदान केंद्रों पर 16 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पुनर्मतदान कराया जाएगा। पुनर्मतदान की मतगणना 17 सितंबर को सुबह 8 बजे से निर्धारित स्थान पर की जाएगी।

पुनर्मतदान की तारीख, समय और मतदान केंद्र की जानकारी संबंधित चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को लिखित रूप से दी जाएगी। साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से पुनर्मतदान की सूचना दी जाएगी। संबंधित नगरपालिका, मतदान केंद्र तथा निर्वाचन क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी इसकी सूचना प्रदर्शित की जाएगी।आयोग ने स्पष्ट किया है कि पुनर्मतदान के लिए अधिकृत मतदाता ही मतदान के पात्र होंगे । मूल मतदान के दौरान मतदाता की हाथ की अंगुली पर लगाई गई स्याही के निशान की उपेक्षा की जायेगी। पुनर्मतदान में मतदाता की बाएं हाथ की मध्यमा पर अमिट स्याही का निशान लगाया जाएगा।

# डीजीपी जवानों और ग्रामीणों से होंगे रूबरू

**जयपुर ।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा 16 और 17 सितंबर को प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सीमावर्ती थानों और सीमा चौकियों का निरीक्षण करेंगे तथा पुलिसकर्मियों और सीमा प्रहरियों से संवाद करेंगे। साथ ही ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनने के लिए सीमा संवाद एवं जनसुनवाई भी करेंगे।

डीजीपी 16 सितंबर को सुबह 10.30 बजे फलौदी के नोख थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों से संवाद करेंगे। इसके बाद ग्राम जालुवाला में सीमा संवाद एवं जनसुनवाई में स्थानीय लोगों से रूबरू होंगे।


**आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: F-JDA/Zone 24/2026/D-111 रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-04

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 324021 दिनांक 08/08/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीज धारक का नाम | भूखण्ड सं. | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी /जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ram Ratti S/o | श्रीमती डी कविता पत्नी श्री अनिल फडनवीस | 10 | 200.00 SQ. METER | JDA | Pitambra Yojana Sector/ Block-G | Name Transfer | जविप्रा की आवासीय योजना पीताम्बरा के भूखण्ड संख्या जी-10 क्षे. 200.00 वर्गमीटर की लीजडीड श्रीमती डी कविता पत्नी श्री अनिल फडनवीस को दिनांक 27.02.2015 |

को जारी की गई। उक्त भूखण्ड का बेचान रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से श्रीमती डी कविता पत्नी श्री अनिल फडनवीस द्वारा श्री रवि सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह को दिनांक 10.01.2024 को कर दिया गया। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बेचान रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से श्री रवि सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह द्वारा श्रीमती राम रति पत्नी श्री ईश्वर सिंह को दिनांक 05.03.2024 को कर दिया गया। आवेदनकर्ता श्रीमती राम रति पत्नी श्री ईश्वर सिंह द्वारा उक्त का नाम हस्तानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त, जोन-24 जविप्रा, जयपुर

**आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: F-JDA/Zone 24/2026/D-110 रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-04

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 323886 दिनांक 08/08/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीज धारक का नाम | भूखण्ड सं. | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स. स./ निजी खातेदारी /जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Himanshu Rawat S/o KALYAN SINGH | श्री कान्तिलाल जोशी पुत्र श्री मदन लाल जोशी | 29 | 200.00 SQ. METER | JDA | Pitambra Yojana Sector/ Block-G | Name Transfer | जविप्रा की आवासीय योजना पीताम्बरा के भूखण्ड संख्या जी-29 क्षे. 200.00 वर्गमीटर की लीजडीड श्री कान्तिलाल जोशी पुत्र श्री मदन लाल जोशी को दिनांक 08.01.2016 |

को जारी कर दी गई। उक्त भूखण्ड का बेचान रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से श्री कान्तिलाल जोशी पुत्र श्री मदन लाल जोशी द्वारा श्री रवि सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह को दिनांक 28.10.2023 को कर दिया गया। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बेचान रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से श्री रवि सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह द्वारा श्री हिमांशु रावत पुत्र श्री कल्याण सिंह को दिनांक 05.03.2024 को कर दिया गया। आवेदनकर्ता श्री हिमांशु रावत पुत्र श्री कल्याण सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का नामहस्तानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त, जोन-24 जविप्रा, जयपुर

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
Corporate Headquarters, Rajiv Gandhi Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi- 110003

**न्यायनिर्णायक (मध्यस्थ) के पैनल में शामिल होने हेतु आवेदन आमंत्रित**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा कानूनी मामलों, अनुबंध प्रबंधन तथा एएआई से संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से उत्पन्न विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थ (Arbitrator) के पैनल में शामिल होने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन आवेदन का फॉर्म एएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर **10 सितंबर 2026** को **प्रात: 9:30 बजे** से **9 अक्टूबर 2026** को **शाम 6:00 बजे** तक उपलब्ध रहेगा। **आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।**

पात्रता मानदंड एवं पैनल में शामिल होने से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट **www.aai.aero** पर जाएं और **करियर → भर्ती डैशबोर्ड** पर क्लिक करें।

CBC 03111/11/0007/2627 एन-02-2026-27 (सीसी)


# सुरेन्द्र जैन पारस "संगीत एवं फोटोग्राफी कला गौरव सम्मान" से सम्मानित

**जयपुर।** मीरा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.), जयपुर द्वारा संचालित सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इंफॉर्मेशन के तत्वावधान में हिंदी दिवस (14 सितंबर 2026) तथा राधा जी के अवतार एवं आदर्श भारतीय नारी डॉ. मीरा पाटोदिया की 78वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संगीत कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशिष्ट समारोह में 60 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय संगीत कलाकारों की साधना, अनुभव, प्रतिभा एवं संगीत-समर्पण को नमन करते हुए वरिष्ठ फोटो पत्रकार एवं कला साधक सुरेन्द्र जैन को "संगीत एवं फोटोग्राफी कला गौरव सम्मान" प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# महिलाओं ने व्यापारी के बैग से 3.92 लाख रुपए उड़ाए

- चौमूं पुलिया से कांटा चौराहे के बीच हुई वारदात

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना इलाके में ई-रिक्शा में सवार तीन महिलाओं ने एक कपड़ा व्यापारी के बैग से 3.92 लाख रुपए चोरी कर लिए। पीड़ित को रुपए गायब होने का पता कांटा चौराहे पर पहुंचने के बाद बैग संभालने पर चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी रेजल सिंह ने बताया कि निवारू रोड स्थित रानी कॉलोनी निवासी महेन्द्र प्रसाद कपड़े का व्यापार करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे वे ई-रिक्शा से कांटा स्टैंड की ओर जा रहे थे। ई-रिक्शा के चौमूं पुलिया के पास पहुंचने पर तीन महिलाएं उसमें सवार हुईं। इसके बाद ई-रिक्शा कांटा चौराहे की ओर बढ़ा। कांटा चौराहे पर पहुंचने के बाद महेन्द्र ने अपना बैग संभाला तो उसमें रखे 3 लाख 92 हजार रुपए गायब मिले।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 14 सितंबर को दोपहर 2:49 बजे मामला दर्ज किया। पुलिस अब ई-रिक्शा में चौमूं पुलिया से सवार हुई तीनों महिलाओं की पहचान में जुटी है।

थानाधिकारी ने बताया कि घटना वाले रूट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि तीनों महिलाएं ई-रिक्शा में किस स्थान से सवार हुईं और कांटा चौराहे के बाद किस दिशा में गईं। सीसीटीवी फुटेज और ई-रिक्शा के रूट के आधार पर पुलिस संदिग्ध महिलाओं तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जांच के बाद ही चोरी की पूरी वारदात और आरोपियों की भूमिका स्पष्ट होगी।

# पंचायत चुनाव की लॉटरी फिर टली

## निकाय चुनाव के चलते कलेक्टरों ने मांगा समय

- 17-18 सितंबर को होनी थी आरक्षण की लॉटरी, निकाय चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई तारीख होगी तय
- कलेक्टरों का कहना था कि इन तारीखों में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में एक ही समय पर निकाय चुनाव की प्रक्रिया और पंचायतों की आरक्षण लॉटरी कराना प्रशासन के लिए मुश्किल होगा


**जयपुर।** राजस्थान में पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच और वार्ड पंचों के आरक्षण की लॉटरी एक बार फिर स्थगित कर दी गई है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी कर 17 और 18 सितंबर को प्रस्तावित लॉटरी स्थगित करने के निर्देश दिए।

विभाग के मुताबिक अलग-अलग जिलों के कलेक्टरों ने लॉटरी स्थगित करने का आग्रह किया था। कलेक्टरों का कहना था कि इन तारीखों में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में एक ही समय पर निकाय चुनाव की प्रक्रिया और पंचायतों की आरक्षण लॉटरी कराना प्रशासन के लिए मुश्किल होगा।

पंचायत चुनाव की लॉटरी जिला कलेक्टर की मौजूदगी में ही निकाली जानी है। ऐसे में निकाय चुनाव की प्रक्रिया के दौरान कलेक्टरों की व्यस्तता को देखते हुए सरकार ने फिलहाल लॉटरी टालने का निर्णय लिया है।

अब नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायत चुनाव की लॉटरी कराने पर विचार किया जाएगा। इसके बाद विभाग की ओर से नई तारीख घोषित की जाएगी। लॉटरी के बाद ही पंचायत चुनाव में आरक्षित सीटों की स्थिति स्पष्ट होगी और संभावित प्रत्याशियों की चुनावी तैयारियां तेज होंगी।

इससे पहले भी पंचायत चुनाव की लॉटरी स्थगित हो चुकी है। 16 अगस्त को सरकार ने 18 अगस्त को प्रस्तावित सरपंच और वार्ड पंचों के आरक्षण की लॉटरी को स्थगित किया था। अब सितंबर में प्रस्तावित लॉटरी भी टलने से पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को लेकर दावेदारों का इंतजार बढ़ गया है। राज्य में जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच और वार्ड पंच समेत करीब1.55 लाख पदोंके आरक्षण की तस्वीर लॉटरी के बाद साफ होगी।

# रिश्वत के आरोपी सहायक अभियंता के आवास से 43.38 लाख की नगदी बरामद

## सहायक अभियंता के मकान से एसीबी की टीम ने 20 किलो चांदी की सिल्लियां भी बरामद की

- सहायक अभियंता, पंचायत समिति भुसावर, जिला भरतपुर को तीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था
- तलाशी में हिंडौन में स्थित दो दुकानों, जयपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड के एक मकान तथा अन्य भू-संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज भी मिले



सहायक अभियंता के आवास की तलाशी में जब्त चांदी की सिल्लियां।

**भरतपुर, (निसं)।** एसीबी की भरतपुर इकाई ने एएसपी अमित सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए गोविन्द प्रसाद हाल सहायक अभियंता, पंचायत समिति भुसावर, जिला भरतपुर को तीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जिसके बाद एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति को लेकर सर्च कार्यवाही की। टीम ने सहायक अभियंता के आवास की तलाशी में 43.38 लाख की नगदी एवं करीब 20 किलो चांदी की सिल्लियां बरामद की।

ट्रैप कार्रवाई के क्रम में आरोपी के रिहायशी मकान की तलाशी ओमप्रकाश मीणा, उप महानिरीक्षक पुलिस, एसीबी रेंज भरतपुर के सुपरविजन में अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसीबी चौकी भरतपुर द्वारा ली गई।

तलाशी के दौरान आरोपी के रिहायशी मकान से 43.38 लाख नगद तथा करीब 20 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद हुई। इसके अतिरिक्त, तलाशी के दौरान कस्बा हिंडौन में स्थित दो दुकानों, मानसरोवर, जयपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड के एक मकान तथा अन्य भू-संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज भी प्राप्त हुए हैं। एसीबी के एएसपी अमित सिंह ने बताया कि तलाशी में प्राप्त नकदी, चांदी एवं संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों के संबंध में स्रोत, स्वामित्व एवं आय के ज्ञात स्त्रोतों से संबंध की जांच की जा रही है। प्राप्त तलाशी रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अग्रिम अनुसंधान एवं नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कर्नाटक से चोरी हुई कार से 378 किलो डोडा-पोस्त बरामद

- अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके से फरार हो गए, तलाश जारी
- जांच में सामने आया कि गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी

**जोधपुर, (कासं)।** डांगियावास थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने सोमवार देर रात मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने ग्राम बिसलपुर स्थित गोशाला के पास से एक फर्जी नंबर लगी टोयोटा फॉर्च्यूनर गाड़ी से 378 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया है। मामले में अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी राजूराम काला ने बताया कि देर रात गोपनीय सूचना पर बिसलपुर गौशाला के पास पुलिस गश्त पर थी। संदिग्ध लगने पर जब फॉर्च्यूनर गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसमें से 378 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी और यह वाहन कर्नाटक से चोरी हुआ था। थानाधिकारी के नेतृत्व में डांगियावास पुलिस की पिछले दो महीनों में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। लगातार हो रही इन कार्रवाई से क्षेत्र के नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# ब्यावर में कार से 440 किलो डोडा-पोस्त व एक पिस्टल पकड़ी

- दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से डोडा-पोस्त जब्त किया

**ब्यावर, (निसं)।** पुलिस थाना रायपुर मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 441.350 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त मय पिस्टल मय 5 राउंड्स व घटना में प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो व 2 नम्बर प्लेटें जब्त की।

जानकारी के अनुसार 14 सितंबर को गश्त के दौरान ड्यूटी ऑफिसर को सूचना मिली कि ग्राम झूटा के पास एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। ड्यूटी ऑफिसर मौके पर पहुंचे तो एक स्कॉर्पियो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में पड़ी मिली जिसमें चालक व कोई भी साथी व्यक्ति नहीं मिला। आसपास संभ्भावित क्षेत्रों में तलाशी की गयी व स्कॉर्पियो के अंदर देखने पर कट्टे दिखाई दिये व सीट पर डोडा बिखरा हुआ पाया गया। ड्यूटी ऑफिसर द्वारा सूचना मिलने पर थानाधिकारी रायपुर मय टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर स्कॉर्पियो की तलाशी ली गई तो स्कॉर्पियो से 23 कट्टों में 441.350 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त एक देशी हस्तनिर्मित पिस्टल मय मैग्जीन मय 5 राउंड्स व घटना में प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो जब्त की। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस द्वारा जाँच और पूछताछ शुरू की गई है।

# बीकानेर में ट्रक से 65 लाख की पंजाब निर्मित शराब पकड़ी



बीकानेर में आबकारी टीम ने अवैध शराब सहित ट्रक चालक को गिरफ्तार किया।

- पशु आहार एवं लकड़ी के भूसे के कट्ठों के नीचे छुपा रखी थी अवैध शराब
- आबकारी टीम ने ट्रक चालक जयराम विश्नोई निवासी जालौर को गिरफ्तार किया

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर में आबकारी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतमाला रोड़ सेजड़सार सरहद पर मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी कर एक ट्रक से पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के 732 कार्टन बरामद किए। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 65 लाख रुपये आंकी गई है।

जिला आबकारी अधिकारी संजीव कुमार पटावरी ने बताया कि आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत लूनकरणसर आबकारी थाना टीम ने भारतमाला रोड़ सेजड़सार सरहद पर मुखबिर की विश्वसनीय सूचना पर नाकाबंदी कर ट्रक को रोक तलाशी ली तो पशु आहार एवं लकड़ी के भूसे के कट्ठों के नीचे छुपा रखी अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की। ट्रक से पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब रॉयल चेलेंज के 227 कार्टन, 380 कार्टन पव्वों के एवं ऑल सीजन ब्रांड के 125 कार्टन सहित कुल 732 कार्टन जब्त किए गए। उक्त जब्त शराब की अनुमानित कीमत 65 लाख रुपए है। मौके से ट्रक चालक जयराम विश्नोई निवासी जालौर को गिरफ्तार किया गया।

# कोटा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चाकूबाजी

**कोटा, (निसं)।** गुमानपुरा थाना इलाके में आपसी पुरानी रंजिश को लेकर इलाके के घोसी मोहल्ले में दो पक्षों के बीच झगड़ा होने का मामला सामने आया है, मामले में सामने आया कि झगड़े के दौरान दोनों पक्षों के बीच चाकूबाजी हो गई। हमले में घायल हुए युवकों को एमबीएस अस्पताल लाया गया तो पीछा कर अस्पताल पहुंचे एक पक्ष के बदमाशों ने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में हंगामा कर दिया और अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की और कांच तोड़ दिए। बाद में सूचना पर पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला।

जानकारी के अनुसार गुमानपुरा इलाके के घोसी मोहल्ले में आपसी पुरानी रंजिश को लेकर आसिफ और अरबाज घोसी नाम के युवकों का सद्दाम, मोइनुद्दीन, मोईन और आरिफ के साथ झगड़ा हो गया था, दोनों पक्षों के बीच चाकूबाजी हो गई इसमें आसिफ और अरबाज घायल हो गए, दोनो घायलों को अस्पताल लाया गया। उसी दौरान एक पक्ष के बदमाश पीछा करते हुए अस्पताल पहुंचे और अस्पताल में हंगामा व तोड़फोड़ कर दी।

एमबीएस अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. करनेश गोयल ने बताया कि घटनाक्रम सोमवार रात का है अचानक से इमरजेंसी में हंगामा मच गया, घोसी मोहल्ले से आए लोग अस्पताल में ही झगड़ा करने लग गए ये लोग इलाज करवाने पहुंचे व्यक्ति को ही मारने के लिए आए थे उसके साथियों पर हमला कर रहे थे। बड़ी संख्या में आए लोगों ने अस्पताल में भी तोड़-फोड़ की। गुमानपुरा थानाधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि घोसी मोहल्ले में दो पक्षों में आपसी पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया, विवाद में झगड़े के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियार से हमला किया, जिसमें दो घायल हो गये। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि दो पक्षों के बीच झगड़ा होने का मामला आया है, मामला दर्ज कर अनुसंधान कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# जोधपुर में हुये अलग-अलग हादसों में दस श्रद्धालु घायल

- रामदेवरा से लौट रहे गुजरात के श्रद्धालुओं की कार और ट्रैक्टर में टक्कर हो गई
- पोकरण के लवा गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी पलटने से सात घायल

**जोधपुर, (कासं)।** देचू थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-125 और मेगा हाइवे पर तुलसी पेट्रोल पंप के पास सोमवार देर रात एक ट्रैक्टर और इको गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में इको गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इको गाड़ी में गुजरात के छोटा उदयपुर निवासी गोविंद, विक्रम और हितेश भाई सवार थे। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से देचू उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जोधपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर देचू पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात फिर से शुरू करवाया। इको गाड़ी बाबा रामदेव रामदेवरा से दर्शन कर गुजरात लौट रही थी, जबकि ट्रैक्टर जोधपुर से रामदेवरा की तरफ जा रहा था। देचू पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, 7 घायल :-** दूसरी तरफ पोकरण के लवा गांव के पास मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी पलट गई। इस हादसे में 7 श्रद्धालु घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, ये सभी वाल्मीकि समाज के लोग थे। ये जोधपुर से रामदेवरा बाबा की समाधि के दर्शन करने गए थे और वापस जोधपुर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पोकरण से 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को पोकरण जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जोधपुर रेफर कर दिया गया।

# वृद्ध ने आत्महत्या की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सूरसागर स्थित कालूराम की बावड़ी क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक वृद्ध व्यक्ति ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। परिजन सुबह ऊपरी कमरे पर गए, तब वृद्ध फंदे पर लटका नजर आया। उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया।

सूरसागर थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी ने बताया कि कालूराम की बावड़ी क्षेत्र में रहने वाले 62 साल के बाबूलाल पुत्र भंवरलाल प्रतापत ने अपने अलसुबह अपने घर की ऊपरी मंजिल के कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह परिजन ऊपरी मंजिल पर बने कमरे पर गए तो घटना का पता लगा। उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत बता दिया। थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी के अनुसार संभवत: पारिवारिक तनाव के चलते फंदा लगाया है। शव पंखे के हुक में लटका था। पुलिस को सूचना मिलने पर मौका मुआयना किया गया।

# पति-पत्नी ने एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या की

- बताया जा रहा है कि अपने युवा बेटे की मौत के बाद से तनाव में थे दंपती

**श्रीकरणपुर, (निसं)।** क्षेत्र के गांव खरलां के निकट एक एफए ढाणी रह रहे दंपती ने रात को किसी समय फंदा लगाकर जान दे दी। पति-पत्नी अपने युवा बेटे की मृत्यु के बाद से तनाव में थे। इस घटना का पता सुबह उस समय चला जब पड़ोस की ढाणी में रह रहा छोटा भाई उनके लिए चाय लेकर पहुंचा। सूचना पर करणपुर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों की मदद से शव सीएचसी की मोर्चरी में रखवाए गए। मृतक के छोटे भाई के परिवाद पर मर्ग दर्ज की गई। एएसआई सर्दूल सिंह ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। एसएचओ सीकरौर मामले की जांच करेंगी।

ड्यूटी अधिकारी के अनुसार एक एफए ढाणी निवासी 50 वर्षीय उपकार सिंह जट सिख तथा उसकी पत्नी 45 वर्षीय रमनदीप कौर ने रविवार रात को किसी समय अपने शयन कक्ष में एक साथ रस्सी बांधकर फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक दंपती की ढाणी के पास की ढाणी में रह रहे छोटे भाई गुरविंद्र सिंह पुत्र मोहर सिंह ने सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे इनको संभाला। परिवादी अपने भाई व भाभी के लिए सुबह की चाय लेकर गया था। आवाजें लगाने पर भी घर में कोई हलचल नहीं हुई तो उसने कमरे में जाकर देखा। पति-पत्नी फंदे पर लटक रहे थे। रस्सी काटकर दोनों को नीचे उतारा गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार उपकारसिंह के एक बेटा अनमोल सिंह और एक बेटी है जो शादीशुदा थे। करीब एक वर्ष पूर्व 26 वर्षीय अनमोल सिंह ने कीटनाशी का सेवन कर जान दे दी थी। इस घटना के बाद अनमोल की पत्नी अपने दो वर्षीय बेटे को साथ लेकर मायके चली गई। पीछे उपकार सिंह अपनी पत्नी के साथ ढाणी में अकेला हो रह गया। जवान बेटे के असमय निधन तथा पुत्रवधु के पोते के साथ मायके लौट जाने से मानसिक तनाव में आ गए थे। वे लगातार गुमसुम ही रहते थे और इस कारण उनकी देखभाल छोटा भाई गुरविंद्र सिंह अपने परिवार के साथ मिलकर कर रहा था। इस हादसे से परिवार ही खत्म हो गया। सीएचसी में दोनों शवों का मेडिकल बोर्ड के डॉ अजय चौधरी, डॉ. विनोद कुमार व डॉ. राजबाला के बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया।

# हाईकोर्ट की बिल्डिंग के निर्माण में गड़बड़ियों को लेकर सुनवाई हुई

## मामले को लेकर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा राजस्थान हाईकोर्ट में पेश हुए

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट की बिल्डिंग निर्माण में गड़बड़ियों को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले को लेकर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा जोधपुर पहुंचे। हाईकोर्ट बिल्डिंग निर्माण में गड़बड़ी के मामले में डीजीपी ने कोर्ट मे जांच को लेकर स्थिति स्पष्ट की।

उन्होंने कहा कि मामले को लेकर उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। उसमें जांच जारी है। जांच में सामने आने वाले एविडेंस के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट में डीजीपी राजीव शर्मा ने कुछ थाने में दर्ज हाईकोर्ट बिल्डिंग निर्माण मामले को लेकर स्पष्ट किया कि किसी भी जांच में जो भी गिरफ्तारी होती है, जिसमें किसी के विरुद्ध जांच में अपराधिक कृत्य सामने आता है तो उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट बिल्डिंग निर्माण के मामले में भी जांच में अपराधिक कृत्य पाए जाने पर गिरफ्तारियां की गई है। आगे भी जांच में जिसकी भी लिप्तता आएगी, इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम कोटा के 3 बूथों पर पुनर्मतदान आज

**कोटा, (निसं)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नगर निगम कोटा के वार्ड संख्या 87 की बूथ संख्या 99, वार्ड संख्या 44 की बूथ संख्या 448 एवं वार्ड संख्या 11 की बूथ संख्या 576 पर 16 सितम्बर, बुधवार को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक पुनर्मतदान होगा। साथ ही, नगर पालिका सुकेत के वार्ड संख्या 4 के बूथ संख्या 5 के लिए भी पुनर्मतदान बुधवार को होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुनर्मतदान के लिए संबंधित मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। संबंधित मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान सम्पन्न होने के बाद 17 सितम्बर, गुरुवार को प्रात: 8 बजे से मतगणना कलेक्ट्रेट स्थित टैगोर हॉल में की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निकाय आम चुनाव-2026 में वार्ड पार्षद का निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय का लेखा चुनाव परिणाम घोषणा के 15 दिवस के भीतर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

# प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति पहुंची नाबार्ड की टीम

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति में नाबार्ड, भारत सरकार की टीम ने दौरा कर समिति की विभिन्न गतिविधियों एवं किसान हित में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। टीम ने समिति द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और कई कार्यों की सराहना की।

दौरे के दौरान कस्टम हायरिंग सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, ड्रोन सेवा, सहकार सुपर बाजार, ब्याजमुक्त फसली ऋण, मिनी बैंक तथा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने समिति के माध्यम से किसानों को स्थानीय स्तर पर मिल रही सुविधाओं को महत्वपूर्ण पहल बताया। समिति अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने नाबार्ड टीम को समिति की विभिन्न गतिविधियों के साथ आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य किसानों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी कृषि लागत कम करना और उन्हें आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध करवाना है। समिति एवं नाबार्ड की ओर से पैक्स एक्सीलेटर योजना के तहत सहकार सुपर बाजार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों एवं किसानों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। नाबार्ड टीम ने आगामी दिनों में समिति स्तर पर मिट्टी जांच लैब स्थापित करने तथा कोल्ड प्रेस ऑयल/कच्ची घानी मिल की मशीन लगाने की संभावनाओं को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। टीम ने संभावित स्थानों को चिन्हित कर आगे की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। इन सुविधाओं के शुरू होने से किसानों को स्थानीय स्तर पर मिट्टी की जांच और कृषि उपज से संबंधित प्रसंस्करण की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

दौरे में नाबार्ड राजस्थान क्षेत्रीय कार्यालय के उप महाप्रबंधक विजय राणा, सहायक महाप्रबंधक अमित किरडोलिया एवं डीजीएम दीपक जाखड़ सहित केंद्रीय सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक नवरत्न जी मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत, व्यवस्थापक कैलाश स्वामी, नरेश स्वामी, रामकरण सैनी, प्रेम प्रकाश सैनी, महिपाल यादव सहित समिति के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दूषित पानी को सीवर लाइन से जोजरी नदी में छोड़ा, चार पर केस दर्ज

- आरोप है कि यह लोग रंगाई छपाई का अवैध रूप से संचालन कर रहे हैं और दूषित पानी को सीवर लाइन के माध्यम से जोजरी नदी में छोड़ रहे हैं

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में चल रहे अवैध रंगाई-छपाई के कारोबार के चलते दूषित पानी को सीवर लाइन के माध्यम से जोजरी नदी में छोड़ने के मामले में चार लोगों के खिलाफ खांडाफलसा और प्रतापनगर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर अब जांच आरंभ की है।

खांडाफलसा थाने के एएसआई गोविंदराम ने कुम्हारियां कुआं हाल बकरा मंडी निवासी मो. सोहेब पुत्र खलील अहमद और न्यू चांदपोल रोड बकरामंडी निवासी अब्दुल हनान पुत्र अब्दुल माबूद के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि यह लोग रंगाई छपाई का अवैध रूप से संचालन कर रहे हैं और दूषित पानी को सीवर लाइन के माध्यम से जोजरी नदी में छोड़ रहे हैं, जिससे नदी का पानी जहरीला होने लगा है। इसी तरह प्रतापनगर सदर थाने के एएसआई जालम सिंह ने ढब्बू बस्ती हाथी नहर में दूषित पानी छोड़कर नदी में भेजने वाले मो. वसीम पुत्र मो. निसार एवं एएसआई पेंपाराम ने मो. रिजवान के खिलाफ केस दर्ज कराया है। अवैध रूप से रंगाई-छपाई कर दूषित पानी को नहरों अथवा सीवर लाइन के जरिए जोजरी नदी में छोड़ा जा रहा है। इसके चलते अब पुलिस थाने में केस दर्ज होने लगे हैं।

# थ्रेशर में हाथ आने से वृद्धा का पंजा कटा

**सादुलपुर, (निसं)।** चूरू जिले की राजगढ़ तहसील के गांव भाकरा में मंगलवार दोपहर खेत में काम करते समय थ्रेशर में हाथ आने से 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला के हाथ का पंजा कट गया।

गांव के प्रेमसिंह ने बताया कि 60 वर्षीय सरोज खेत में फसल की कटाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका हाथ थ्रेशर मशीन में आ गया, जिससे एक हाथ का पंजा कट गया। अधिक खून निकलने से महिला बेसुध होने लगी। खेत में मौजूद परिवार के लोगों ने तुरंत उसे प्राथमिक उपचार के लिए राजगढ़ पहुंचाया, जहाँ से गंभीर हालत होने पर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिवार निजी वाहन से महिला को चूरू के डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड ले गया, जहां डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ ने इलाज किया। फिलहाल डॉक्टरों ने जांच कर महिला को अस्पताल में भर्ती किया है।


## जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

बाड़मेर -344001, दूरभाष :- 02982-220674, संभागीय मुख्य अभियन्ता (बाड़मेर-संभाग)

### अल्कालिक ई-निविदा सूचना

अन्य विवरण जैसे निविदा मूल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं www.eproc.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती है। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि ऑन लाईन पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ले। सुचारू भविष्य में इन निविदाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढने की जानकारी आदि केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl पर उपलब्ध करायी जायेगी।

| TN | Works | UBN No. |
|---|---|---|
| TN-06/ 2026-27 | जैसलमेर वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन फतेहगढ़ में सामान्य श्रेणी के कृषि कनेक्शनों (वर्ष 2018) प्राथमिकता संख्या 49 से 246 को जारी करने हेतु 11 केवी लाइन खींचना एवं 11/0.4 केवी सब-स्टेशन की स्थापना श्रम दर के आधार पर -2025 | JVV2627 WSOE00437 |

राज.संवाद/सी/26/10574 संभागीय मुख्य अभियन्ता (बाड़मेर-संभाग)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

## कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि., खण्ड- सोजत (राज.)

क्रमांक :- अअसो / निविदा/2026/1105 दिनांक:-11.09.2026

### अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या : 05 वर्ष 2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विज्ञापन, शर्ते, अन्य विवरण वेबसाइट www.dipr.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में वर्णित कार्यों के क्रमानुसार यू.बी.एन. नंबर निम्नानुसार है।

NIB CODE: PWD2627A2699 UBN No.: PWD2627WSRC11950, PWD2627WSOB11947, PWD2627WSOB11956, PWD2627WSOB11957 PWD2627WSOB11958, PWD2627WSOB11959

(धर्माराम)
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड सोजत

DIPR/C/16005/2026

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग वृत्त-सिरोही

Phone No. 02972-220131
E-Mail ID secircle.sir.phed@rajasthan.gov.in, sephedsirohi@gmail.com

क्रमांकः वृत/सिरोही / निविदा/2026-27/3407 दिनांकः- 02/09/2026

### निविदा सूचना 55-59/2026-27

(NIB No. PHE2627A2439)

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सिरोही में निम्नलिखित कार्यों के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों / संगठनों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों में उपयुक्त समक्षक श्रेणी में पंजीकृत जो उपयुक्त पात्रता रखते है, संवेदको से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in/ से डाउनलोड किये जा सकते है एवं इस बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में प्रस्तुत की जानी है। विस्तृत सूचना एवं पात्रता की भार्ते बेवसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। कोई भी कारण बताये बिना निविदा निरस्त एवं आगे बढाने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है। ऑन लाईन ई चालान की सूचना इस कार्यालय के ई मेल पर भिजवाये जाने के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.09.2026 मध्यान्ह पश्चात् 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय | 17.09.2026 मध्यान्ह पश्चात् 06.00 बजे तक |
| प्री क्वालिफिकेशन बीड खोलने की तिथि एवं समय | 18.09.2026, 11.00 बजे |


| NIT No | UBN No |
|---|---|
| 55/2026-27 | PHE2627WSOB04921 |
| 56/2026-27 | PHE2627WSOB04922 |
| 57/2026-27 | PHE2627WSOB04923 |
| 58/2026-27 | PHE2627WSOB04924 |
| 59/2026-27 | PHE2627WSOB04925 |

(भोमाराम)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा.अभि.विभाग
वृत्त-सिरोही

DIPR/C/15749/2026

# अर्थशास्त्र पेपर लीक मामला : सात लाख में पेपर दिलाने वाला शिक्षक गिरफ्तार

## एसओजी ने श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया



आरोपी शिक्षक श्रवण कुमार

■ परीक्षा से पहले श्रवण ने गोपाल को अपने घर बुलाकर पेपर लीक गिरोह से संपर्क होने की जानकारी दी

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से अक्टूबर 2022 में आयोजित प्राध्यापक भर्ती परीक्षा (अर्थशास्त्र) के परीक्षा पूर्व पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एक और आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने श्रवण कुमार (30) को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि गिरफ्तार श्रवण कुमार धोरीमन्ना बालोतरा का निवासी है। वह वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुम्हारों का तला, धोरीमन्ना में द्वितीय श्रेणी विज्ञान शिक्षक के पद पर कार्यरत था और फिलहाल निलंबित है। एसओजी की जांच के अनुसार तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा ने अन्य विषयों के साथ अर्थशास्त्र का पेपर भी परीक्षा से पहले शेरसिंह उर्फ अनिल मीणा को उपलब्ध कराया था। इसके बाद शेरसिंह से पेपर सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण गिरोह तक पहुंचा। गिरोह ने अपने संपर्क सूत्रों के माध्यम से राज्य के विभिन्न स्थानों, विशेष रूप से जोधपुर में, अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर पढ़ाया था।

एसओजी ने इस मामले में पहले गोपाल, निवासी नेड़ी-नाड़ी, धोरीमन्ना को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में गोपाल ने बताया कि श्रवण कुमार उसका ग्रामीण और मित्र है। परीक्षा से पहले श्रवण ने उसे अपने घर बुलाकर पेपर लीक गिरोह से संपर्क होने की जानकारी दी और दोनों दिनों की परीक्षा से पहले 7 लाख रुपए में पेपर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। जांच के अनुसार इसी लीक पेपर के आधार पर गोपाल का प्राध्यापक भर्ती परीक्षा (अर्थशास्त्र) में चयन हुआ।

जांच में यह भी सामने आया कि श्रवण कुमार ने स्वयं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में अपनी जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन हासिल किया था। इस मामले में वह पहले भी गिरफ्तार हो चुका है।

## ऋषि पंचमी मनाई

**जयपुर।** ऋषि पंचमी मंगलवार को मनाई गई। विभिन्न जलाशयों पर ब्राह्मणों ने दश विध स्नान कर नया जनेऊ धारण किया। हेमाद्रि संकल्प, ऋषि तर्पण और पितृ तर्पण सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने आमेर के मावठा, सागर, जयसिंहपुरा खोर के जल स्त्रोत्र पर एकत्र होकर सामूहिक रूप से ऋषि पूजन कर तर्पण किया। नए यज्ञोपवीत का पूजन कर पुराने का विसर्जन किया गया। गायत्री मंत्र जाप सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी हुए। श्रद्धालुओं ने वैदिक परंपरा के अनुसार सप्त ऋषियों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में ऋषि पूजन कर हवन में आहुतियां प्रदान की गई। खोले के हनुमान मंदिर में पंडित राधेलाल चौबे जी वेद विद्यालय में नवीन प्रवेशित 21 वैदिक बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। महामंत्री ब्रज मोहन शर्मा बताया कि हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, ऋषि तर्पण, गायत्री पूजन, हवन एवं नवीन यज्ञोपवीत धारण कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुए।

सीकर रोड स्थित सियाराम बाबा की बगीची में महंत हरिशंकर दास महाराज के सान्निध्य में हेमाद्रि संकल्प, ऋषि अर्चन, दशविध स्नान, जलाशय कर्म, ब्रह्म यज्ञ और नवीन यज्ञोपवीत धारण सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। देव, मनु एवं पितृ तर्पण के साथ सप्तर्षियों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

# लम्पी स्किन डिज़ीज़ के खिलाफ विभाग का विशेष अभियान जारी

## प्रदेश के पूर्वी भाग के दस जिलों में लम्पी का संक्रमण फैला

■ पशु परिचर घर-घर जाकर बीमार पशुओं की ले रहे जानकारी

**जयपुर।** प्रदेश में गौवंश में फैलने वाले वायरस जनित रोग लम्पी ने पूर्वी राजस्थान के 10 जिलों को चपेट में ले लिया है। हालांकि पशुपालन विभाग की तत्पर कार्यवाही और बड़े स्तर पर टीकाकरण के कारण स्थिति को काबू में कर लिया गया है। लेकिन खतरा अभी टला नहीं है और इसलिए विभाग पूरी मुस्तैदी से इस रोग के नियंत्रण और रोकथाम में युद्धस्तर पर लगा हुआ है। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ सुरेश चंद मीना ने बताया कि विभाग की पूरी कोशिश है कि अप्रभावित जिलों में इस रोग को फैलने से रोका जा सके और प्रभावित जिलों में संक्रमित गौवंशों को जल्द से जल्द स्वस्थ किया जा सके। इसके लिए विभाग ने सभी प्रभावित जिलों में क्वारेंटाइन सेंटर बना दिए हैं जहां संक्रमित पशुओं को रखकर उनका उपचार किया जा रहा है। इससे संक्रमित पशुओं की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। कल डीग और भरतपुर में कुछ नए केस के अलावा अन्य किसी भी स्थान से कोई नया केस नहीं मिला है।

उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर पशुपालकों को जागरूक करने के साथ संक्रमित पशुओं का उपचार कर रही हैं। पशुपालन निदेशक मीना ने पशुपालकों से अपील की कि पशुओं में रोग के प्रारंभिक लक्षण जैसे गांठ, बुखार, सुस्ती अथवा त्वचा पर असामान्य लक्षण दिखते ही तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था से संपर्क कर तुरंत उपचार शुरु करवाएं तथा संक्रमित पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग रखें। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान, पशु को अलग रखना, चिकित्सकीय उपचार और स्वच्छता लम्पी रोग के नियंत्रण में सबसे महत्वपूर्ण कदम हैं मीना ने कहा कि लम्पी रोग का कोई एक निश्चित उपचार नहीं है बल्कि प्रभावित पशु को लक्षणों के आधार पर सहायक एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध करवाया जाता है। पशु को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक आहार तथा आराम उपलब्ध करवाना भी उपचार क महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## वाइन शॉप ऑफिस में दस लाख की नकबजनी करने का आरोपी गिरफ्तार

■ दस लाख रुपए की दिनदहाड़े नकबजनी का खुलासा करते हुए फरार आरोपी मुन्नालाल को उत्तर प्रदेश के हाथरस से गिरफ्तार किया

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने करीब एक साल पहले वाइन शॉप कार्यालय में हुई करीब दस लाख रुपए की दिनदहाड़े नकबजनी का खुलासा करते हुए फरार आरोपी मुन्नालाल (56) को उत्तर प्रदेश के हाथरस से गिरफ्तार किया है। आरोपी वारदात के बाद चोरी के माल से भरा बैग लेकर फरार हो गया था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस अब उससे चोरी की नकदी और अन्य सामान की बरामदगी को लेकर पूछताछ कर रही है। डीसीपी जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मुन्नालाल निवासी हाथरस गेट जिला हाथरस (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में शेखावाटी वाइन्स मोहब्बतपुरा मैनेजर गुरुबख्श निवासी पानीपत हरियाणा हाल पार्श्वनाथ सिटी मुहाना ने 30 अगस्त 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

परिवादी ने 29 अगस्त को वाइन शॉप का कलेक्शन कार्यालय में रखा था। 30 अगस्त को सुबह करीब 8 बजे वह कार्यालय से चला गया और दोपहर करीब 12 बजे वापस लौटा तो ताले टूटे मिले तथा सामान बिखरा था। जांच में कार्यालय से करीब 7 लाख रुपए नकद, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज गायब मिले।

पुलिस ने करीब 10 लाख रुपए की नकबजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विशेष टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी डेटा का विश्लेषण किया। जांच में हाथरस के बदमाश अमित, नरेंद्र उर्फ हेकड़ा और केपी उर्फ कुंवरपाल की भूमिका सामने आई। पुलिस इन तीनों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार केपी हाथरस गेट थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है।

# विद्युत कोचिंग कर्मचारियों के प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर रेलकर्मियों का प्रदर्शन



उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के तत्वावधान में मंगलवार को जोनल स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया।

■ रेल कर्मचारियों का प्रशासनिक नियंत्रण यांत्रिक विभाग के अधीन किए जाने का विरोध

**जयपुर।** विद्युत कोचिंग में कार्यरत रेल कर्मचारियों का प्रशासनिक नियंत्रण यांत्रिक विभाग के अधीन किए जाने के विरोध में उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के तत्वावधान में मंगलवार को जोनल स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। सुबह करीब 10 बजे कोच केयर परिसर स्थित विद्युत कोचिंग डिपो में विद्युत कोचिंग और मैकेनिकल विभाग के कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर प्रशासन के निर्णय के प्रति नाराजगी जताई।

संघ पदाधिकारियों के अनुसार प्रधान कार्यालय के गजेटेड मेमोरेंडम संख्या 52/2024 के तहत 15 जुलाई 2024 को आदेश जारी होने के बाद मंडलों में विद्युत कोचिंग में कार्यरत कर्मचारियों का प्रशासनिक नियंत्रण यांत्रिक विभाग के अधीन कर दिया गया था। संघ का कहना है कि इससे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन विद्युत कोचिंग कर्मचारियों का प्रशासनिक नियंत्रण पुनः विद्युत विभाग के अधीन करने की मांग कर रहा है।

मद संख्या 04/025 के तहत प्रशासन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए प्रशासनिक नियंत्रण विद्युत विभाग को सौंपने का अनुरोध किया गया।

19-20 मार्च 2025 को हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा भी हुई, लेकिन संघ के अनुसार कर्मचारियों के हित में मुख्यालय स्तर से अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ। मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर प्रशासन ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा।

## जनादेश समझने में नाकाम भाजपा : जूली

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा पर निकाय चुनाव परिणामों को लेकर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि जिन शहरी क्षेत्रों को भारतीय जनता पार्टी अपना अभेद्य गढ़ कहती रही है, इन नतीजों ने उसी गढ़ की दीवारों में गहरी दरारें डाल दी हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री को आंकड़ों पर नजर डालने की सलाह देते हुए कहा कि घोषित वार्डों में भाजपा को केवल 4132 सीटें मिली हैं, जबकि कांग्रेस ने 3568, निर्दलीयों ने 2250 और अन्य ने 170 सीटों पर जीत दर्ज की है। यह साफ दर्शाता है कि जिस शहरी राजस्थान को भाजपा अपना एकतरफा गढ़ मानकर चल रही थी, वहां की जनता ने अब उसे सिरे से नकारना शुरू कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र भरतपुर का हवाला देते हुए कहा कि वहां भी स्थिति इतनी खराब है कि अब सरकार को निर्दलीयों की वैशाखी का सहारा ढूंढना पड़ रहा है। अलवर में फ्लॉप रोड शो के बाद भाजपा का बुरा हाल हुआ है, वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के गृह जिले पाली में कांग्रेस ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर साबित कर दिया है कि भाजपा के तथाकथित गढ़ अब पूरी तरह ढहते जा रहे हैं।

## गोपालजी महाराज की 208वीं हेड़े की परिक्रमा आज

**जयपुर।** गुलाबी नगरी की पुरानी गलियां बुधवार को 208 साल पुरानी धार्मिक परंपरा की साक्षी बनेंगी। श्री गोपालजी महाराज की 208वीं हेड़े की परिक्रमा सुबह भक्ति की सादगी के साथ शुरू होगी और शाम होते-होते राजसी शोभायात्रा का स्वरूप लेगी। विमोचन सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री सरस निकुंज में श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने किया। चार थानों की पुलिस परिक्रमा के दौरान अलग-अलग समय साथ रहेगी। वही एक थाने का सशस्त्र जाब्ता पूरे समय साथ रहेगा। आभूषणों की रखवाली के लिए निजी सुरक्षाकर्मी भी साथ रहेंगे। परिक्रमा से जुड़े कुंज बिहारी धोतीवाले ने बताया कि परिक्रमा सुबह 6 बजे गोपालजी का रास्ता स्थित श्री नृसिंहजी मंदिर से शुरू होगी। श्रद्धालु पारंपरिक सफेद धोती-कुर्ता और मोतिया रंग की पगड़ी पहनकर भजन-कीर्तन किया।

# प्रवासी राजस्थानी मीट में राजस्थानियों ने दिखाई उत्साहपूर्ण सहभागिता



अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग एवं प्रवासी समुदाय से संवाद किया।

**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को सशक्त बनाने और राज्य में निवेश एवं साझेदारी के नए अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भुवनेश्वर के होटल मेफेयर कन्वेंशन में आयोजित प्रवासी राजस्थानी मीट सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानी समुदाय, उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों तथा विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन राजस्थान सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जिसके माध्यम से देश एवं विदेश में निवास कर रहे प्रवासी राजस्थानियों को राज्य की विकास यात्रा से जोड़ा जा रहा है। राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य तथा डोरा, शिखर अग्रवाल ने किया। किया। प्रतिनिधिमंडल में विशेष सचिव, डोरा एवं आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन डॉ. मनीषा अरोड़ा सहित बीआईपी राजस्थान, रीको तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन डॉ. प्रदीप्ता मोहंती, चेयरमैन, एसएनएम ग्रुप एवं पूर्व अध्यक्ष, सीआईआई ओडिशा ने दिया। इसके पश्चात राजस्थान फाउंडेशन भुवनेश्वर चैप्टर के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने प्रवासी समुदाय को संबोधित किया।

## 'निकाय चुनाव में युवा वर्ग ने भाजपा पर भरोसा जताया'

■ संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के तहत होगा निकाय अध्यक्षों का चयनः श्रवण सिंह बगड़ी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने निकाय अध्यक्ष चुनाव को लेकर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और संगठन में प्रत्येक चुनाव के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पार्षद प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया वार्ड से लेकर जिला, संभाग और प्रदेश स्तर तक शीर्ष नेतृत्व से परामर्श के बाद पूरी की जाती है, उसी प्रकार निकाय अध्यक्षों के चयन में भी संगठनात्मक प्रक्रिया का पालन किया जाता है।

बगड़ी ने कहा कि सभी निकायों में स्थानीय स्तर पर चर्चा करने के बाद संबंधित प्रभारी, संभाग प्रभारी और संगठन के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया जाता है। इसके बाद शीर्ष नेतृत्व से चर्चा कर निकाय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ही अध्यक्षों का चयन किया जाएगा। बगडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी विचारधारा और कार्यपद्धित के आधार पर कार्य करने वाली पार्टी है। यदि कोई व्यक्ति भाजपा की विचारधारा से जुड़ना चाहता है अथवा निर्दलीय चुनाव लड़ने वाला ऐसा व्यक्ति, जो भाजपा की नीतियों और विचारधारा के अनुरूप कार्य करना चाहता है, पार्टी में शामिल होना चाहता है, तो शीर्ष नेतृत्व उचित समझने पर उसे पार्टी में शामिल करने का निर्णय लेता है।

# सत्रह साल से फरार 25 हजार का इनामी तस्कर अनंतनाग से गिरफ्तार



तस्कर शबीर अहमद खान को गिरफ्तार किया।

■ आरोपी ने अनंतनाग में चिकित्सा प्रतिनिधि के रूप में काम किया। इसी दौरान उसने चरस के खरीदारों का नेटवर्क तैयार किया

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में कार्रवाई करते हुए 17 साल से फरार 25 हजार रुपए के इनामी चरस तस्कर शबीर अहमद खान उर्फ हाजी (51) खनाबल जिला अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) को गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ ने इसके लिए 'ऑपरेशन विषधरसीम' चलाया। आरोपी पर वर्ष 2009 में दर्ज चरस तस्करी के मामले में इनाम घोषित था और वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था।

एएनटीएफ महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि वर्ष 2009 में दिल्ली से अहमदाबाद जा रही ट्रेन से चरस की बड़ी खेप पकड़ी गई थी। जांच में कश्मीर से गुजरात तक फैले तस्करी नेटवर्क के मुख्य सूत्रधार के रूप में अनंतनाग निवासी शबीर अहमद उर्फ हाजी का नाम सामने आया था। मामले में जीआरपी आबू रोड पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

आरोपी को पकड़ने के लिए जयपुर से एएनटीएफ की विशेष टीम अनंतनाग पहुंची। 17 साल पुराने आरोपी का हुलिया और ठिकाना पता करने के लिए टीम ने स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अलग-अलग तरीके अपनाए। पुलिसकर्मी कभी बाइकर तो कभी भेड़-बकरियां चराने वाले मजदूर बनकर इलाके और स्थानीय दुकानों में रेकी करते रहे।

इसी दौरान टीम को जानकारी मिली कि आरोपी के पास ग्रे रंग की 800 कार है। टीम ने संदिग्ध इलाके में तीन दिन तक निगरानी रखी। कार दिखाई देने के बाद उसका पीछा किया गया और टीम आरोपी के घर तक पहुंच गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से घर पर दबिश देकर शबीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने शुरुआत में अनंतनाग में चिकित्सा प्रतिनिधि (एमआर) के रूप में काम किया। इसी दौरान उसने चरस के खरीदारों का नेटवर्क तैयार किया। उसके पिता सिविल ठेकेदार थे और गांव में चरस तैयार कर सप्लाई करते थे। पिता से प्रभावित होकर शबीर कम उम्र में ही तस्करी से जुड़ गया।

आरोपी ने बाहरी राज्यों में संपर्क बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिशियन ठेकेदार का ए-क्लास कार्ड बनवाया और राजस्थान में एक कंपनी का ठेका हासिल किया। काम के बहाने उसने राजस्थान सहित अन्य राज्यों के तस्करों से संपर्क मजबूत किए और अपना नेटवर्क फैलाया।

## ट्रेन के आगे कूदकर रेलवे ट्रैकमैन ने जान दी

**जयपुर।** शिवदासपुरा रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार अलसुबह रेलवे कर्मचारी ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान महेश तंवर (45) के रूप में हुई है। वह रेलवे में ट्रैकमैन था और शिवदासपुरा रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे क्वार्टर में रहता था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट की जानकारी मिली है। इसमें महेश ने पत्नी और बच्चों से परेशान होने तथा पिछले पांच साल से चल रहे विवाद और कोर्ट-कचहरी के चक्कर से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात लिखी है। थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि महेश ने एक पेज का सुसाइड नोट लिखा था। उसने इसकी फोटो दोस्तों और परिचितों को वॉट्सऐप की थी। पुलिस के अनुसार यह फोटो घटना से करीब एक घंटे पहले सुबह करीब 4:30 बजे भेजी गई थी। सुबह करीब 5 बजे शिवदासपुरा रेलवे स्टेशन से लगभग 200 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला।


## सार-समाचार

### एफएचटीआर प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की



**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री, दिया कुमारी से मुलाकात कर उन्हें आगामी राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) और मारवाड़ ट्रैवल मार्ट (एमटीएम) के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। साथ ही, बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली 2 दिवसीय बीटूबी एग्जीबिशन में भी आने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया। उपमुख्यमंत्री ने दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान देश में आयोजित होने वाले आगामी ट्रैवल मार्ट्स को लेकर भी चर्चा हुई। एफएचटीआर प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एफएचटीआर के अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने किया। प्रतिनिधिमंडल में एफएचटीआर के पूर्व अध्यक्ष, कुलदीप सिंह चंदेला; उपाध्यक्ष, ज्ञान प्रकाश; कोषाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह जोधा; संस्थापक सदस्य, खालिद खान; राटो के अध्यक्ष, महेंद्र सिंह राठौड़; और एफएचटीआर के कार्यकारी सदस्य, शैलेंद्र सिंह शामिल रहे।

### यूनिसेफ़ के इंडिया के उप प्रतिनिधि ने प्रमुख शासन सचिव से मुलाकात की



**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में मातृ, नवजात, शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समान रूप से सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में मंगलवार को यूनिसेफ़ इंडिया के उप प्रतिनिधि जेस्पर मोलर ने मंगलवार को शासन सचिवालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ से मुलाकात कर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति एवं आगामी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मातृ, नवजात, शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ विशेष रूप से संवेदनशील एवं वंचित वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में राजस्थान सरकार एवं यूनिसेफ़ के बीच जारी साझेदारी को और मजबूत करते हुए नई स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान, नवाचार तथा बेहतर स्वास्थ्य परिणामों की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। जेस्पर मोलर ने स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद इक्विटी गैप्स पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार के पास व्यापक स्तर पर सेवाओं को पहुंचाने की क्षमता है, जबकि यूनिसेफ़ नवाचार, साक्ष्य आधारित समाधान एवं प्रभावी मॉडल उपलब्ध कराने में सहयोग कर सकता है। बैठक में इन समाधानों को बड़े स्तर पर लागू करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

### राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम में विश्वकर्मा दिवस पर सवैतनिक अवकाश

**जयपुर।** राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के कार्यालयों एवं विद्युत गृहों में कार्यरत अधीनस्थ कर्मचारियों एवं वर्गीकृत श्रमिकों के लिए विश्वकर्मा दिवस, 17 सितंबर 2026 के अवसर पर सवैतनिक अवकाश के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के विभिन्न विद्युत गृहों एवं कार्यालयों में कार्यरत (पूर्ववर्ती ग्रेड पे 4200 अथवा लेवल-11 तक के) अधीनस्थ कर्मचारियों तथा वर्गीकृत श्रमिकों को विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। विश्वकर्मा दिवस विद्युत एवं तकनीकी क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों तथा श्रमिकों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर निगम द्वारा कर्मचारियों को अवकाश प्रदान किया जाना उनके श्रम, तकनीकी दक्षता एवं महत्वपूर्ण सेवाओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के इस आदेश से निगम के कार्यालयों एवं विद्युत गृहों में कार्यरत अधीनस्थ कर्मचारियों एवं वर्गीकृत श्रमिकों में प्रसन्नता का माहौल है।

### रिश्वत लेते पकड़े थानाधिकारी के घर में 5.25 किलो चांदी व 20 तोला सोना मिला

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार सांभरलेक थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक राममिलन मीणा के सरकारी क्वार्टर, जगतपुरा स्थित आवास और दो बैंक लॉकरों की तलाशी में नकदी, वाहन, चांदी और सोने के आभूषण बरामद किए हैं। एसीबी जयपुर नगर-प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर-प्रथम इकाई ने 13 सितंबर को ट्रैप कार्रवाई कर राममिलन मीणा को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इसी दिन सांभरलेक थाना परिसर स्थित उसके सरकारी क्वार्टर की खाना तलाशी ली गई। यहां से 50 हजार रुपए नकद और आरोपी के नाम पंजीकृत ग्रैंड विटारा वाहन मिला। इसके बाद एसीबी जयपुर ग्रामीण के पुलिस निरीक्षक देवेन्द्र प्रसाद ने आरोपी के 63-ए, महादेव नगर, जगतपुरा स्थित आवास की खाना तलाशी ली। जांच में यह विला आरोपी के नाम होना पाया गया। तलाशी के दौरान आरोपी और उसके पिता के नाम से बैंक ऑफ इंडिया, एमआई रोड, जयपुर और एसबीआई, मंडावरी, दौसा में संयुक्त लॉकर होने की जानकारी सामने आई। दोनों बैंक लॉकरों की तलाशी में करीब 5.25 किलोग्राम चांदी मिली, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 12.50 लाख रुपए बताई गई है। वहीं करीब 20 तोला सोने के आभूषण मिले, जिनकी अनुमानित कीमत 29 लाख रुपए आंकी गई है। एसीबी के अनुसार खाना तलाशी और बैंक लॉकरों से मिली संपत्ति एवं दस्तावेजों के आधार पर इनके स्त्रोत, स्वामित्व और आय के ज्ञात स्त्रोतों से संबंध की जांच की जाएगी।

### चोरी की तीन बाइक सहित शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक का आदी है और नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हर्षिल नागलिया उर्फ बंटी (31) कालवाड़ जयपुर पश्चिम का निवासी है।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक का नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए वह दिन और रात में सुनसान स्थानों, सूने मकानों और दुकानों को निशाना बनाता था। इसके अलावा वह वाहन चोरी की वारदातें भी करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी के आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### मानसरोवर में महर्षि गर्गाचार्य चौराहे का लोकार्पण

**जयपुर।** महर्षि गर्गाचार्य जयंती मंगलवार को भक्तिभाव से मनाई गई। मानसरोवर में इस्कॉन मंदिर के समीप महर्षि गर्गाचार्य चौराहा का विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुए कार्यक्रम कृष्ण गौड़ ब्राह्मण समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।




## Remembering the Voyage That Shaped History

Mayflower Day is observed on September 16 to commemorate the historic voyage of the Mayflower, the ship that carried the Pilgrims from England to the New World in 1620. On this day, the Mayflower set sail across the Atlantic with over 100 passengers seeking religious freedom and new opportunities, eventually establishing one of the earliest English settlements in America. The journey symbolizes courage, perseverance, and the pursuit of liberty. Mayflower Day serves as a reminder of how this voyage shaped early American history and continues to be celebrated as a milestone in the story of migration and settlement.

#MOMENTOUS

# When Vyjayanthimala Sang in Bangla

This collaboration was more than just a musical novelty. It symbolized a quiet breaking of barriers



In the 1960s, Vyjayanthimala stood at the pinnacle of Hindi cinema, admired for her elegance, expressive acting, and mastery of classical dance. She was one of the defining stars of her era, seamlessly blending artistry with mainstream appeal. Yet, beyond the glamour of Bollywood, she once stepped into an entirely different cultural and musical space, one that few remember today.


It was filmmaker Tapan Sinha who saw the possibility of this unique crossover. Known for his thoughtful storytelling and deep connection to Bengali culture, Sinha encouraged Vyjayanthimala to sing not in Hindi, but in Bangla. It was an unusual proposition at the time, as language boundaries in Indian cinema were far more rigid than they are today.

To bring this vision to life, Sinha collaborated with Mrinal Chakraborty, a talented yet often underrated composer. Together, they crafted a duet that would bridge two artistic worlds. The song, "Chey Thaki Chey Thaki," for *Hatey Bazarey* (1974) became a rare and beautiful experiment, melding the voice of a Hindi film icon with the lyrical richness of Bengali music.

This collaboration was more than just a musical novelty. It symbolized a quiet breaking of barriers, showing that artistry is not confined by language or region. Vyjayanthimala's willingness to step outside her comfort zone reflected her dedication to creative exploration, while the composition itself carried the emotional depth characteristic of Bengal's musical traditions. Though not widely known today, "Chey Thaki Chey Thaki" remains a fascinating cultural moment, a reminder of a time when artists dared to cross boundaries and create something truly unique. It stands as proof that true artistry transcends language, connecting people through shared emotion and expression.








# 'Portrait of a Woman'

Despite its small size, this painting holds a very special place at the National Gallery: it is the earliest painting by a woman painter in the collection. Signed and dated, it is a true masterpiece that shows Catharina van Hemessen at her best.




● Bulbul Joshi

For International Women's Day 2026, we sat down with curator Dr. Christine Seidel to find out more about this incredible 16th-century artist.

Catharina van Hemessen is the earliest European woman painter whose works can be identified without doubt. She was just 23 years old when she created this small, intricate 'Portrait of a Woman' in 1551.

In a time where very few women worked as artists, van Hemessen painted with confidence and skill, proudly signing her name on nearly all of her works.

Though we don't know who the sitter in this artwork was, her soft brown eyes and slight smile draw us in. Imagine her chatting to van Hemessen as she sat for her portrait, sharing a rare moment of creative connection between two women in the 16th century.

For International Women's Day 2026, we interviewed curator Dr. Christine Seidel to ask...

### 1. What makes this painting so special?

Despite its small size, this painting holds a very special place at the National Gallery: it is the earliest painting by a woman painter in the collection. Signed and dated, it is a true masterpiece that shows Catharina van Hemessen at her best.

### 2. Which is your favourite detail and why?

A wonderful detail is the lap dog that the woman carries by her side. It was common for women to have their portrait painted alongside their favourite companion during this period.

Here, the dog takes on its own personality. The way in which she holds him suggests that he did not want to sit still in her lap but wanted to be tucked under the arm. The bells on his collar would jingle with every move. The liveliness is somehow captured in the way van Hemessen characterises the white and bright orange fur and whiskers.

They are painted 'wet in wet,' a quick way of layering paint and brushstrokes on top of other paint layers that are not fully dry. The wet paint can be dragged and blended to create a lively mixture of textures and colour.

### 3. What three things do you think people should know about Catharina van Hemessen?

Firstly it's important to know that she worked in Antwerp, one of the most vibrant artistic centres in 16th-century Europe. The city was a hub for banking, luxury goods like paintings and tapestries, international trade and innovative thinking. The opportunities created a certain liberal atmosphere.

This influenced attitudes towards the education of girls and the legal status of women within society. The social circles and networks of van Hemessen's father, who was himself one of the most sought-after painters of the day, allowed her to enter a world that was otherwise rarely accessible to women.

Secondly, she was a literary figure during her own lifetime, which is unusual. One of the reasons we know of Catharina van Hemessen today is the fact that a very influential writer mentions her in his 'Description of the Netherlands,' published in 1567.

The author was a Florentine merchant named Ludovico Guicciardini, who had lived in Antwerp not too far from the family's home. Guicciardini included van Hemessen among the well-known and gifted women painters working in Antwerp, mentioning her by name.

This, together with the intriguing fact that she went to Spain as a lady-in-waiting to Mary of Hungary, regent of the Netherlands, may have made her even more famous amongst art lovers.

Thirdly, it's important to note that she probably only worked for a few years, between 1548 and 1555 at the latest. During this time, it's likely she did not run a workshop as a professional painter but rather worked within the network of her father's workshop. Here, she had the opportunity to learn about the craft and come in contact with potential clients as well.

#CATHARINA VAN HEMESSEN

> It was common for women to have their portrait painted alongside their favourite companion during this period. Here, the dog takes on its own personality. The way in which she holds him suggests that he did not want to sit still in her lap but wanted to be tucked under the arm. The bells on his collar would jingle with every move. The liveliness is somehow captured in the way van Hemessen characterises the white and bright orange fur and whiskers.



> In 'Portrait of a Woman,' we do not know who the young woman that Catharina van Hemessen depicted is. She must be of noble birth, or a member of a wealthy family, as her costly dress suggests. The twin rings on her left pinky finger, one with a red and the other with a blue gemstone, make it highly likely that it was intended as a commemorative portrait, which would have been gifted to a husband or a close friend.

### 4. Why do you think she signed so many of her works, including this picture?

The main purpose of signing an artwork is to identify its author, and this is never done for its own sake, but for the audience.

We think of an artist's signature as an expression of self-assertion. That's a modern idea, which still tells us something about the relation between the painter and their work.

In van Hemessen's case, we can easily imagine that the self-portrait she painted, the earliest dated work, was both an image of her likeness and a demonstration of her skill. It could only have been intended for an audience that was likely to be found in the circle of her father's clients or colleagues. Today, this painting is in the collection of Kunstmuseum Basel in Switzerland.

In 'Portrait of a Woman,' we do not know who the young woman that Catharina van Hemessen depicted is. She must be of noble birth, or a member of a wealthy family, as her costly dress suggests. The twin rings on her left pinky finger, one with a red and the other with a blue gemstone, make it highly likely that it was intended as a commemorative portrait, which would have been gifted to a husband or a close friend.

The signature states that 'Catharina van Hemessen painted [it]' in 1551 and can be read as a sign of pride in the artist's work. She uses a similar signature on her 'Portrait of a Man,' also in the National Gallery's collection.

### 5. How difficult was it to be a woman artist in 16th-century Europe?

It certainly wasn't easy to be a woman artist in Europe at that time. Professions in most cases were not really a choice, but passed on through family tradition, especially among artisans. As a rule, women were not allowed to work as professionals outside the home. When they did, they often had to navigate within tight legal constraints (i.e. being able to sign contracts, among other things).

Women who ran workshops and were registered in the guild, where they were able to access the market, were usually widows of deceased former members and shop owners. Though, it was not impossible for a woman to work as a painter.

Those woman painters who are known today, like van Hemessen, either moved outside of these professional networks to work for kings and queens, which also meant a change in social status, or were very much part of a running workshop.

### 6. Why is it important to share Catharina van Hemessen's story and can we see her influence anywhere in the modern day?

Perhaps, the most important thing about her story is that we can still tell it today. This is not the case for many other women painters of the time who worked in their fathers' or husbands' workshops under the mantle of anonymity.

It is an astonishingly rare case of a woman painter in the 16th century with a surviving and identifiable body of work. Her story deserves attention, close looking and will hopefully spark the desire to learn more about her.

The 'Portrait of a Woman' is an excellent example that shows her skills as a portraitist at its best. There are only a few signed works by her hand that show her talent and ambition as clearly and unapologetically as this one. They form the basis of how we can uncover her artistic temperament.

In addition, her self-portrait appears to have become synonymous with the 'woman painter' in early modern Europe. This is mostly because it is the earliest that we know of any female painter today. Although this picture is very well known, there is still a lot of mystery surrounding her life, we don't really have a clear idea of who she was, what she did in Spain with Mary of Hungary's court, or exactly when she died.


rajeshsharma1049@gmail.com

#STONE


# Things To See And Not Miss

So, here are some stone carvings to appreciate and wonder at the craftsmen, their skill, and what inspired them to do them, the way they did

Beauty need not be described in words. Sometimes, all one should do is, look at it. A story, a piece of history, or most valuable, something to see which leaves each viewer free to look and realise, or not even that, just see something of wonder. So, here are some stone carvings to appreciate and wonder at the craftsmen, their skill, and what inspired them to do them, the way they did. What you and I can see in them and what the next man may find in them.





Looking upward, this intricately carved stone ceiling reveals a breathtaking display of symmetry, devotion, and architectural brilliance. Layer upon layer of circular patterns draw the eye towards the central pendant, creating a mesmerizing sense of depth and balance. Every ring is adorned with finely sculpted motifs, reflecting the extraordinary craftsmanship and patience of ancient artisans. The precision in detail speaks of a time when temples were not only places of worship but also masterpieces of mathematical and artistic excellence. This ceiling stands as a silent testament to heritage carved in stone, where spirituality and geometry unite in perfect harmony.





This breathtaking temple carving presents an entire mythological epic sculpted into stone with astonishing detail and narrative depth. Hundreds of finely carved figures fill the panel, each representing divine beings, warriors, and sacred moments preserved through generations of storytelling. The layered composition reflects extraordinary artistic patience, transforming a single stone surface into a living chronicle of faith and culture. At the base, powerful guardian figures symbolize protection and cosmic balance, reinforcing the spiritual meaning embedded within the artwork. Even after centuries, this monumental relief continues to captivate viewers, standing as a timeless testament to devotion, imagination, and the unmatched brilliance of ancient temple craftsmanship.

This dramatic temple carving captures a powerful battle scene frozen in stone, reflecting the intensity and storytelling brilliance of ancient Indian art. The detailed figures, charging elephant, and armed warriors demonstrate remarkable craftsmanship and an extraordinary sense of movement carved into solid rock. Such sculptures were often inspired by mythological epics and heroic legends, transforming temple walls into visual narratives of courage, conflict, and divine power. Every ornament, weapon, and expression was carefully shaped to convey energy and symbolism. Even centuries later, these masterpieces continue to highlight India's rich cultural heritage and unmatched architectural artistry.





## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अलवर में फोन पर आपसी कहासुनी के बाद की थी तीन दोस्तों की हत्या

## तीन आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग को पकड़ा, मुख्य आरोपी समेत कई अन्य अभी फरार

**अलवर, (निसं)।** अलवर के मोती नगर में दो दिन पहले तीन दोस्तों की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक नाबालिग को भी पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, तीनों युवकों की हत्या साजिश के तहत की गई थी। आरोपियों ने हत्या के बाद वारदात को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की।

मामले में सुनील मीणा उर्फ पलटा (20), तनमे जाटव (23) और महेश सैनी (24) को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड मिलने के बाद पुलिस आरोपियों को थाने ले गई। इस दौरान कोर्ट परिसर में तीनों आरोपी पैरों में पट्टियां बांधकर लंगड़ाकर चलते



आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस थाने ले गई।

नजर आए। अरावली विहार थाना एसएचओ सुनील ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों और मृतकों के बीच कई दिनों से फोन पर कहासुनी चल रही थी। इसी के चलते आपसी रंजिश बढ़ती

- **आरोपियों ने हत्या के बाद वारदात को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की थी**
- **पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर हत्या की पूरी साजिश, वारदात में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है**

गई। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश के बाद साजिश रचकर तीनों दोस्तों की हत्या की गई। वारदात को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की गई। मामले की जांच के लिए एसपी ने अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर हत्या की पूरी साजिश, वारदात में शामिल अन्य लोगों और घटना के पीछे की वजहों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी सचिन मीणा समेत कई अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस मंगलवार को आरोपियों को वारदात वाली जगह पर भी मौका तस्दीक के लिए ले जाने वाली थी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही मौके पर एक हजार से ज्यादा लोग जमा हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौका तस्दीक का प्लान कैंसिल कर दिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद थाने ले गई।

# ईआरसीपी की खोदी जा रही नहर में गिरने से बच्चे की मौत

## मां ने बच्चे को बचाने के लिये पानी में छलांग लगा दी

**टोंक, (निसं)।** उनियारा क्षेत्र के गांगली गांव में ईआरसीपी की खोदी जा रही नहर में भरे पानी में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांगली गांव निवासी कालू पुत्र आशाराम बैरवा वर्षीय जो ईआरसीपी परियोजना के लिए खोदी जा रही नहर के पास बैठा था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह करीब 12 फीट गहरी नहर में पानी से भरे खड्डे में जा गिरा, जिसके बाद बच्चे को गहरे पानी में गिरता देख उसकी मां प्रियंका ने उसे बचाने के लिए तुरंत पानी में

- **मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मां और बच्चे को पानी से बाहर निकाला**

छलांग लगा दी। मां के भी पानी में कूदने पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद प्रियंका और बच्चे को पानी से बाहर निकाला, इसके बाद ग्रामीणों ने प्रियंका को लिटाकर उसके पेट में भरा पानी निकालने का प्रयास किया। बाद में मां-बेटे को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उनियारा लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने जांच के बाद बेटे कालू को मृत घोषित कर दिया। प्रियंका की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया है। पुलिस की मौजूदगी में परिजनों से पोस्टमार्टम के संबंध में जानकारी ली गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया, इसके बाद शव बिना पोस्टमार्टम के परिजन घर ले गए। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# मेवाड़ में विदाई से पहले मानसून सक्रिय, कोटड़ा में साढ़े तीन इंच वर्षा

## उदयपुर शहर में डेढ़ इंच बरसात हुई, अगले दो दिन बारिश की संभावना

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में मानसून की विदाई का दौर शुरू होने से पहले एक बार फिर बारिश का दौर सक्रिय है। मेवाड़ सहित प्रदेश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि कुछ स्थानों पर तेज बारिश भी दर्ज की गई। उदयपुर जिले के कोटड़ा में प्रदेश की सर्वाधिक 88 मिलीमीटर यानी करीब साढ़े तीन इंच बारिश दर्ज की गई।

उदयपुर शहर में भी बीती रात अच्छी बारिश हुई। यहां 36 मिलीमीटर यानी करीब डेढ़ इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। तेज बारिश के कारण जिले के कुछ जलाशयों के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी हुई है। लेकसिटी में मंगलवार सुबह से ही रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। फिर दिन में कुछ देर के लिए हल्की

- **तेज बारिश के कारण जिले के कुछ जलाशयों के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी हुई है**
- **पिछोला और फतहसागर के कैचमेंट क्षेत्रों में तेज बारिश नहीं होने से पानी की आवक शुरू नहीं हुई**

धूप निकली, लेकिन वापस बादल छा गए और रुक-रुक बारिश होती रही। रिमझिम बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि, कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। दोपहर तक बारिश को विराम लगा गया। उदयपुर में बीते तीन दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश से तापमान में कमी आई है। इस कारण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। उदयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना जताई है। हालांकि उदयपुर की प्रमुख झीलों पिछोला और फतहसागर के कैचमेंट क्षेत्रों में पर्याप्त तेज बारिश नहीं होने से अभी पानी की आवक शुरू नहीं हुई है। झीलों में पानी की आवक के लिए कैचमेंट क्षेत्र में अच्छी बारिश जरूरी है।

उदयपुर जिले में पिछले 24 घंटे में कोटड़ा 88 मिमी, ओगणा में 63, मदार में 55, भींडर में 38, कानोड़ में 37, उदयपुर शहर में 36, बारापाल में 36, गोगुंदा में 30, फलासिया में 30, कुराबड़ में 29, ऋषभदेव में 28, नाई में 27, देवास में 26, बावलवाड़ा में 21, झाड़ोल में 21, बड़गांव में 19, सलूंबर डाया में 65 मिमी, जयसमंद 46,लसाड़िया में 46 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस बारिश से जहां किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है वहीं जलाशयों और झीलों के जलस्तर पर भी बारिश के असर पर नजर बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 16-17 सितंबर को उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना है। इससे मेवाड़ के कई इलाकों में मानसून की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

# मारपीट के मामले में छह जने गिरफ्त में

**मसूदा, (निसं)।** पुलिस थाना मसूदा में दर्ज मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि मामले में राधेश्याम पुत्र कल्याण, ममता देवी पत्नी पिंटू उर्फ कमलेश, सोनू उर्फ सोनिया पत्नी राधेश्याम, पुखराज पुत्र गोपाल, पिंटू उर्फ कमलेश पुत्र राधेश्याम तथा सुनील कुमार जोशी पुत्र राधेश्याम जोशी को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला रामगढ़ निवासी 70 वर्षीय रमती पत्नी स्वर्गीय भंवरलाल मेघवाल की ओर से दर्ज कराया गया था। पुलिस ने सभी छह आरोपियों को 15 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस उपाधीक्षक वृत्त मसूदा शिवराज सिंह की ओर से जारी सूचना में रमती को 15 सितंबर को दोपहर 2 बजे विशेष न्यायालय, एससी-एसटी, ब्यावर में इमरोज की सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने के लिए सूचित किया गया है।

# बिलवाड़ी में सरकारी अस्पताल के पीछे दस दिन की बच्ची मिली

## ग्रामीणों ने दूध पिलाकर बच्ची को संभाला, चिकित्सकों ने विराटनगर से जयपुर रेफर किया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना क्षेत्र के बिलवाड़ी में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब सरकारी अस्पताल के पीछे झाड़ियों में कपड़े में लिपटी करीब 10 दिन की नवजात बच्ची रोती हुई मिली। मासूम के रोने की आवाज सुनकर राहगीरों व ग्रामीणों का ध्यान झाड़ियों की ओर गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची को लावारिस हालत में पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। राहगीरों और ग्रामीणों ने बिना देर किए बच्ची को झाड़ियों से उठाया और उसे दूध पिलाकर संभाला। इसके बाद स्थानीय अस्पताल तथा विराटनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नवजात को तत्काल उपजिला अस्पताल विराटनगर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में बच्ची की हालत स्थिर बताई। बेहतर उपचार एवं देखभाल के लिए चिकित्सकों ने उसे जयपुर के जेके लोन अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि बिलवाड़ी में सरकारी अस्पताल के पीछे झाड़ियों



नवजात बच्ची को ग्रामीणों ने संभाला और पुलिस को सूचना दी।


में नवजात बच्ची मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। अब बच्ची को झाड़ियों में छोड़कर जाने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ अन्य माध्यमों से भी मामले की जांच कर रही है।

# भीलवाड़ा में फायरिंग के दो आरोपियों को पकड़ा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कांवाखेड़ा कच्ची बस्ती में बीती रात हुई फायरिंग की वारदात में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सद्दाम हुसैन उर्फ सोलन और उसके साथी रामकिशन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस कस्टडी (पीसी) रिमांड हासिल किया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, पीड़ित शाकिर उर्फ चीकू और आरोपी सद्दाम हुसैन के बीच लंबे समय से व्यक्तिगत विवाद चला आ रहा था। इस रंजिश के चलते पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इसी पुरानी रंजिश के चलते बीती रात कांवाखेड़ा इलाके में आरोपियों ने शाकिर उर्फ चीकू पर फायर कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग की घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए



पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया।

शाहपुरा सर्कल व सिटी सर्कल के थानाधिकारियों और पुलिस टीमों ने संयुक्त अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बनेड़ा-शाहपुरा रोड की तरफ भागने की तैयारी में हैं। घेराबंदी कर पुलिस टीम ने दोनों को सुबह ही हिरासत में ले लिया और पूछताछ के बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब तीन दिन के रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं को लेकर पूछताछ करेगी।

# अजमेर में बहुमत के लिए भाजपा-कांग्रेस में जोड़-तोड़

**अजमेर, (निसं)।** नगर निगम चुनाव के नतीजों में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के बाद शहर की सियासत में हलचल तेज हो गई है। निगम में बोर्ड बनाने के लिए दोनों प्रमुख दल अपने-अपने विजयी पार्षदों के साथ-साथ निर्दलीय पार्षदों को भी साधने में जुटे हैं। इसी बीच दोनों दलों की ओर से पार्षदों की बाड़ेबंदी की गई है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के विजयी पार्षदों को एडीएम सिटी प्रवीण कुमार ने शपथ दिलाई और उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान कांग्रेस के पार्षदों ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए कहा कि वे कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं और पार्टी छोड़कर कहीं जाने वाले नहीं हैं।

नगर निगम में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के बाद अब बोर्ड गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने विजयी पार्षदों को एकजुट रखने के साथ निर्दलीय पार्षदों को अपने पक्ष में करने की रणनीति पर काम कर रही हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में निगम बोर्ड के गठन को लेकर सियासी तस्वीर और स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# उदयपुर में राजमाता विजयराज कुमारी का निधन, पंचतत्व में विलीन

## मां के अंतिम दर्शन कर भावुक हुए लक्ष्यराज मेवाड़

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ की पत्नी विजयराज कुमारी (83) का सोमवार देर रात निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। विजयराज कुमारी का उदयपुर में 425 साल पुरानी छतरियों के बीच महासतिया में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान लक्ष्यराज भावुक हो गए। महासतिया में अंतिम संस्कार की परम्पराएं बारिश के बीच निभाई गईं।

इससे पहले पूर्व राजपरिवार के आधिकारिक निवास शंभू पैलेस से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। विजयराज कुमारी की करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी अंतिम यात्रा में पूर्व राजपरिवारों के सदस्य और आम लोग शामिल थे।

उनके अंतिम दर्शन के लिए रास्ते भर लोग सड़क के दोनों ओर लाइन लगाकर खड़े नजर आए। इस दौरान



विजयराज कुमारी का फाइल फोटो

कई लोग भावुक भी नजर आए। रास्तेभर उन पर फूलों की भी बरसात की गई। यात्रा में उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के साथ उनके पोते व परिवार के दूसरे सदस्य भी थे।

विजयराज कुमारी का उदयपुर में शिक्षा और परोपकारी गतिविधियों में विशेष जुड़ाव रहा है। 1980 के दशक

- **425 साल पुरानी छतरियों के बीच अंतिम संस्कार की परम्पराएं बारिश के बीच निभाई गई**

में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के विकास और उसे व्यवस्थित एवं आधुनिक शैक्षणिक स्वरूप देने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विजयराज कुमारी के पति और पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का पिछले साल मार्च में निधन हो गया था। वे भी लंबे समय से बीमार थे। महासतिया में अंतिम संस्कार की विधि के बाद लक्ष्यराज मेवाड़ भावुक नजर आए। उन्हें परिवार के दूसरे सदस्यों ने संभाला अंतिम संस्कार के बाद इसमें शामिल हुए लोगों का लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और उनके परिवार के सदस्यों ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया।


# हादसे में युवक गंभीर घायल

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के बीलवा गांव के पास मंगलवार को अर्टिगा गाड़ी और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बांकोटी निवासी ख्यालीराम पुत्र लक्ष्मण (35) बाइक से खेतड़ी की ओर जा रहा था। इसी दौरान बीलवा के पास सामने से आ रही अर्टिगा गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ख्यालीराम सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों की मदद से घायल को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। चोटें गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उसे जयपुर रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर ख्यालीराम के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। वहीं पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# सिंघाना में वोट नहीं देने पर घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने का आरोप

**सिंघाना, (निसं)।** सिंघाना नगर पालिका चुनाव के परिणाम आने के बाद गुजरवास वार्ड में मतदान को लेकर विवाद सामने आया है। एक महिला ने कुछ लोगों पर चुनाव में उनके पक्ष में वोट नहीं देने की बात को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने और पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के विरोध में मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण सिंघाना थाने पहुंचे और धरना देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़िता के अनुसार 14 सितंबर की रात करीब आठ बजे प्रितम पुत्र यादराम सहित कुछ लोग उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने चुनाव में उनके पक्ष में मतदान नहीं करने की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर उसे डराया-धमकाया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद वह और उसके परिजन भयभीत हो गए। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में



सैकड़ों ग्रामीण थाने पहुंचे और धरना देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

बताया कि चुनाव के दौरान भी उस पर एक पक्ष के समर्थन में वोट देने को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। चुनाव परिणाम आने के बाद इसी बात को लेकर आरोपियों से विवाद हुआ। घर में घुसकर मारपीट और धमकी के आरोप से वार्ड में भी माहौल गर्मा गया। घटना की जानकारी फैलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर सिंघाना थाने पहुंचे। ग्रामीणों ने थाने में धरना देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना था कि चुनावी विवाद को लेकर किसी व्यक्ति को डराने-धमकाने अथवा उसके साथ मारपीट करने की शिकायत को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। पीड़िता की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। पुलिस

- **महिला का आरोप है कि आरोपियों ने चुनाव में उनके पक्ष में मतदान नहीं करने की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की, विरोध करने पर डराया-धमकाया गया**

का कहना है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। धरने के दौरान पूर्व सरपंच जगदीश गुर्जर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष केसी गुर्जर, बुधराम, रोहिताश, राजेंद्र, शेर सिंह, रामचंद्र, जयदयाल, सुनील, प्रदीप, दिनेश कुमार, राजवीर, भूपसिंह, प्रकाश, रवि, प्रदीप, कपिल, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने माथोलाव बांध के गंदे सीवेज व दूषित पानी पर चिंता जताई

**निवाई, (निसं)।** माथोलाव बांध के जलाशय में लगातार प्रवाहित हो रहे गंदे सीवेज एवं दूषित पानी की समस्या, जलाशय के पानी की सफाई एवं उसके मूल स्वरूप की पुनर्स्थापना को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई संपन्न हुई। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायमूर्ति अरुण मोंगा एवं न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई की और जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन को लेकर निर्देश जारी किए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की

- **न्यायालय ने अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए**

ओर से अधिवक्ता सुनीलकुमार जांगिड़ एवं अधिवक्ता जयसिंह राठौड़ ने खंडपीठ के समक्ष प्रभावी दलीलें पेश की। अधिवक्ताओं ने अदालत को अवगत कराया कि माथोलाव बांध के जलाशय में लंबे समय से लगातार सीवेज व दूषित अपशिष्ट पानी का प्रवाह हो रहा है, जिसके चलते जलाशय का समूचा जल बुरी तरह दूषित हो चुका है व पर्यावरण व जल स्त्रोतों पर भी संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने न्यायालय के समक्ष मांग रखी कि जलाशय की तत्काल व्यापक सफाई करवाई जाए व दूषित पानी के बहाव को रोकने के लिए प्रशासन को आवश्यक आदेश दिए जाएं। जिस पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारी को समय सीमा के भीतर आवश्यक व प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

# अजमेर में बंद मकान से लाखों की चोरी

**अजमेर, (निसं)।**अलवर गेट थाना क्षेत्र के विराट नगर, कल्याणपुरा में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के समय मकान मालिक अपने परिवार के साथ दूज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। देर रात घर लौटने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी।

विराट नगर निवासी टेम्पू चालकदुर्गेश कुमार राठौड़ ने अलवर गेट थाना पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह 13 सितंबर को सुबह करीब 11:30 बजे परिवार के साथ अपने साढू भाई के घर दूज के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। परिवार सहित वापस लौटा तो मकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाने पर अलमारी खुली पड़ी थी और सामान पलंग पर बिखरा हुआ था। जांच करने पर अलमारी में रखी सोने की दो अंगूठियां, एक जोड़ी टॉप्स और नाक की बाली गायब मिली। इसके अलावा चांदी की पायजेब, चार जोड़ी बिछिया और दो जोड़ी कड़े भी चोर ले गए। अलमारी में रखी करीब 20 हजार रुपये की नकदी भी गायब मिली।

## संक्षिप्त

### कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष का इस्तीफा

**पुष्कर,**(निसं)। तीर्थ नगरी पुष्कर में नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय जोशी ने इस्तीफा दे दिया है और उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को भेज दिया है उन्होंने बताया कि मैं ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर रहते पूर्ण निष्ठा वह ईमानदारी से पार्टी की सेवा की तथा पार्टी के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया हाल ही में हुए निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा जिसकी मैं नैतिकता के आधार पर समस्त जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से त्यागपत्र देता हूं। सवाल यह उठता है कि टिकट वितरण जिन लोगों के हाथों से हुआ उन लोगों को इस्तीफा देंना चाहिए 7 सिट तो ऐसी है जिसमें कांग्रेस को मात्र लगभग 351 वोट मिले किसी वार्ड में 7 वोट किसी वार्ड में 9 वोट मिले। 19 सीटों की जीत के बाद भाजपा में मंथन रोहन बाकोलिया के साथ तनुजा चौहान का नाम भी तेजी से उभरा। धर्मेंद्र नागोरा के समर्थक एवं रिश्तेदारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट वार्ड शुरू कर दिया है।

### कोमल ने कांग्रेस को समर्थन दिया

**अजमेर**(निसं)। नगर निगम चुनाव परिणाम के बाद बहुमत के आंकड़े से दूर रही कांग्रेस ने अब निर्दलीय पार्षदों को अपने पक्ष में करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में वार्ड 53 से निर्दलीय निर्वाचित पार्षद कैलाश कोमल ने कांग्रेस के समर्थन में आने का फैसला किया है। उनके कांग्रेस के साथ आने से पार्टी का संख्या बल और मजबूत हुआ है। कैलाश कोमल के कांग्रेस के समर्थन में आने को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस नेता अंकुर त्यागी की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही। बताया जा रहा है कि त्यागी ने कैलाश कोमल की कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से बातचीत करवाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद कैलाश कोमल ने कांग्रेस के समर्थन में आने का निर्णय लिया। नगर निगम में महापौर बनाने के लिए 41 पार्षदों के समर्थन की आवश्यकता बताई जा रही है। ऐसे में कांग्रेस अब निर्दलीय पार्षदों के सहारे बहुमत के आंकड़े को मजबूत करने में जुटी है।

### अध्यक्षीय पद पर कोई नामांकन नहीं

टोंक। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जिले की 10 नगरीय निकायों में अध्यक्षीय पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। सांख्यिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन के प्रथम दिवस मंगलवार 15 सितम्बर को किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### डॉ. चतुर्वेदी को हिंदी भूषण सम्मान

**सवाईमाधोपुर**। राष्ट्रभाषा हिंदी एवं साहित्यिक सेवाओं हेतु प्रोफेसर(डॉ.) मधुमुकुल चतुर्वेदी को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र राष्ट्रभाषा हिंदी भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया है। बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी, आगरा, उत्तर प्रदेश द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर प्रो. चतुर्वेदी को संस्था के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ऋषि, सचिव तिरवर नाथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती रीना देवी तथा विधिक सलाहकार डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट द्वारा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र राष्ट्रभाषा हिंदी भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रो. डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी की अब तक 15 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। साहित्य जगत में उनका योगदान बहुआयामी है। उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं का संपादन भी किया है। उनकी 150 से अधिक कहानियां एवं आलेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

### हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

**धौलपुर**। सागर पाड़ा रोड स्थित महात्मा नन्द की बगीची के पास पिछले कई दिनों से पानी की पाइपलाइन टूटी हुई है। पाइपलाइन से सुबह-शाम हजारों लीटर पानी लगातार बहकर बर्बाद हो रहा है। पानी सड़क पर फैलने के कारण स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों के अनुसार, एक निजी कंपनी द्वारा पाइपलाइन बिछाने के कार्य के दौरान पाइपलाइन क्षितठास्त हुई थी। इसके बावजूद अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे एक ओर बहुमूल्य पेयजल की बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग एवं अधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए टूटी हुई पाइपलाइन की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए।

# देश की तरक्की की नींव में अभियंताओं का पसीना लगा होता है : चौधरी



भारत रत्न, महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती मनोहरपुर में सहायक अभियंता पुष्पेन्द्र चौधरी की मौजूदगी में मनाई ।

**मनोहरपुर** । कस्बे में मंगलवार को अभियंता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारत रत्न, महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर के सहायक अभियंता पुष्पेंद्र चौधरी ने कहा कि अभियंता ही राष्ट्र निर्माण के असली शिल्पकार हैं। देश के विकास में अभियंताओं का योगदान अतुलनीय है। सड़क, पुल, बांध से लेकर बड़े-बड़े भवनों का निर्माण अभियंताओं की देन है। चौधरी ने कहा कि अभियंता ही राष्ट्र के असली शिल्पकार हैं, देश की तरक्की की नींव में अभियंताओं का पसीना और दिमाग लगा होता है। आज सड़क, पुल, बांध, बड़े-बड़े भवन, नहरें जो भी विकास दिख रहा है वो अभियंताओं की ही देन है। अगर इंजीनियर है तो कल है। समारोह में क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली अभियंताओं को माला, साफा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। चौधरी ने कहा कि कहते हैं भगवान दुनिया बनाता है और इंजीनियर उस दुनिया को रहने लायक बनाता है। कुछ ऐसी ही कहावत को चरितार्थ किया मंगलवार को मनाए गए अभियंता दिवस ने। कार्यक्रम में मौजूद हर शख्स ने एक स्वर में कहा कि असली हीरो तो अभियंता ही हैं, जो कागज पर खींची लकीरों को जमीन पर हकीकत में बदल देते हैं। चौधरी ने कहा कि देश का विकास अगर रफ्तार पकड़ रहा है तो उसके पीछे किसी नेता का भाषण नहीं, बल्कि एक अभियंता का विजन है। इस दौरान युवा अभियंताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जनता को राहत पहुंचाने वाले निगम को लाभ पहुंचाने वाले और कर्मचारियों को ख्याल रखने वाले सहायक अभियंता श्रीमान पुष्पेंद्र चौधरी का भव्य स्वागत किया गया उन्हें सांफा बंधवाया गया मालाए पहनाई गई और पेन देकर सम्मानित किया गयाकर्मचारी नेता मुकेश चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर सहायक राजस्व अधिकारी मनोज अठावाल राहुल गुप्ता गंगाराम सैनी सुरेंद्र चौधरी महावीर प्रसाद अमित कुमार मिठारवाल हरिशंकर शर्मा संदीप कुमार संतोष मेहरा आदि उपस्थित थे।

> ■ चौधरी ने कहा कि आज सड़क, पुल, बांध, नहरें जो भी विकास दिख रहा है वो अभियंताओं की ही देन है। अगर इंजीनियर है तो कल है।

### कोटपूतली नगर परिषद का नया सभापति 21 को मिलेगा

**कोटपूतली** । राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी आधिकारिक कार्यक्रम के तहत स्थानीय नगर परिषद सभापति पद के लिये मंगलवार को प्रथम दिन एक भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया। वहीं बुधवार 16 सितंबर को उम्मीदवारों के लिए सबसे बड़ा इम्तिहान है। सभापति पद हेतु आवेदन भरने की अंतिम तिथि यही है। सभी दिग्गजों को इसी दिन अपनी दावेदारी ठोकनी होगी। जबकि 17 सितंबर गुरुवार को नामांकन के बाद छानबीन का दौर चलेगा। आयोग द्वारा नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी (जांच) की जायेगी कि कौन रेस में रहेगा और कौन बाहर। 18 सितंबर शुक्रवार को दोपहर 03 बजे तक नाम वापसी का आखिरी मौका होगा। शह और मात के इस खेल में जो उम्मीदवार मैदान से हटना चाहते हैं, वे शुक्रवार दोपहर 03 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। 18 सितंबर नाम वापसी के तुरंत बाद असली चुनावी तस्वीर साफ होगी। मैदान में डटे रणबांकुरों को चुनाव चिन्हों का आवंटन कर दिया जायेगा। वहीं 21 सितंबर सोमवार को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक चुनाव सम्पन्न होगें। पार्षदों द्वारा नए सभापति को चुनने के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान किया जायेगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना (काउंटिंग) शुरू हो जायेगी।

### नसीराबाद में स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट का भूमि पूजन

**नसीराबाद,** (निसं)। छावनी परिषद नसीराबाद की ओर से शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। परिषद द्वारा करीब 50 लाख रुपए की लागत से विभिन्न प्रमुख मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्यों का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी मो. साकिब आलम ने भूमि पूजन कर परियोजना की शुरुआत की। परियोजना के तहत 9 मीटर ऊंचे पोल पर 100 वॉट की एलईडी लाइटें स्थापित की जाएंगी। इन कार्यों के पूरा होने के बाद छावनी क्षेत्र के प्रमुख मार्ग रात के समय बेहतर रोशनी से जगमगाएंगे। इससे स्थानीय नागरिकों, वाहन चालकों और राहगीरों को रात्रिकालीन आवागमन में सुविधा मिलने के साथ प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य के तहत भैरू चौराहे से सप्लाई डिपो तक, अजमेर रोड पुरानी चुंगी से छावनी परिषद वर्कशॉप तक तथा रेलवे स्टेशन से डीआरडीओ कार्यालय तक लाइटें प्रस्तावित हैं।

# नशे का गर्त और बढ़ता अपराध रोकना सामूहिक जिम्मेदारी : पूजा पूनिया

## विद्यार्थियों से नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आव्हान किया

**चौमूं / कालाडेरा** । सेठ आरएल सहरिया राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा में नई किरण नशा-मुक्ति केंद्र, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में नशे का गर्त और बढ़ता अपराध: चुनौती और समाधान विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कालाडेरा थाना अधिकारी पूजा पूनिया ने बतौर मुख्य वार्ताकार विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, बढ़ते अपराध की प्रवृत्ति तथा उससे बचाव के व्यावहारिक उपायों पर विद्यार्थी-अभिमुखी एवं संवादात्मक वार्ता दी। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश-वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की सामाजिक संरचना को भी कमजोर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आव्हान किया। मुख्य वार्ताकार एसएचओ पूनिया ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा, मित्रों के दबाव या तथाकथित आधुनिक जीवनशैली के आकर्षण से होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यक्ति को निर्भरता, आर्थिक संकट, पारिवारिक विघटन और अपराध की ओर धकेल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से बचने के साथ-साथ अपने आसपास के युवाओं को भी जागरूक करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को किसी भी संदिग्ध अथवा आपराधिक गतिविधि के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। नई किरण नशा-मुक्ति केंद्र के नोडल ऑफिसर प्रो. मानप्रकाश मीणा ने स्वागत संभाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की विषय-वस्तु को पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए केवल उपचार नहीं, बल्कि निरंतर जागरूकता, पारिवारिक सहयोग और युवाओं में सकारात्मक जीवन-दृष्टि का विकास आवश्यक है। वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. सुमन भाटिया ने कहा कि युवावस्था ऊर्जा, संभावनाओं और सपनों का समय है। इस ऊर्जा को नशे जैसी विनाशकारी प्रवृत्तियों से बचाकर शिक्षा, सृजन, खेल, कला और सामाजिक सेवा की दिशा में लगाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के परिचर्चा सत्र को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण केंद्र की संयोजक डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. नीलम कृष्णिया, डॉ. अंजू यादव, प्रो. ज्योति अरूण एवं डॉ. ज्योति जांगिड़ ने सक्रिय सहभागिता से प्रभावी बनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि नशे के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता, आत्मसंयम, सकारात्मक संगति और समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता है।

# बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 2 कार, 3 मोटरसाइकिले जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेकी में प्रयुक्त 2 कार व 3 मोटरसाइकिलों को जब्त किया है। थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पीपलू डीवाईएसपी विनोद कुमार के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान गांव चक विजयपुरा से अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित रेकी में प्रयुक्त वाहन 2 कार व 3 मोटरसाईकिलों को जब्त किया है। पुलिस ने सभी जब्त वाहनों को थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया है। उन्होंने बताया कि रेकी करने के आरोप में लोकेश गुर्जर, बंशीलाल कीर, मनराज गुर्जर व लालाराम गुर्जर चारों निवासी निवासी जेबाडिय़ा एवं जीतराम गुर्जर निवासी हाडीकला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चालक व मालिक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

> ■ रेकी करने के आरोप में लोकेश, बंशीलाल, मनराज व लालाराम गुर्जर चारों को पकड़ा





बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन को लेकर बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।

# छः दिनों के अंधेरे को चीरकर जगमगाई कॉलोनी

**कोटपूतली** । जब जनता के हक की लड़ाई लड़ने का जज्बा बुलंद हो तो हर तानाशाही और प्रशासनिक लापरवाही को घुटने टेकने ही पड़ते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा दिल्ली दरवाजा पॉवर हाउस पर देखने को मिला, जहां कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली के नेतृत्व में मातृशक्ति का गुस्सा फूट पड़ा। पिछले 06 दिनों से शाकंभरी विहार कॉलोनी वार्ड नं. 52 मौहल्ला बड़ाबास पूरी तरह से अंधेरे के आगोश में डूबी हुई थी। स्थानीय बिजली विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही थी। सोमवार को जब कॉलोनी की माताओं-बहनों के सब्र का बांध टूटा तो तारा पूतली के नेतृत्व में दिल्ली दरवाजा बिजली पॉवर हाउस पर धरने पर बैठ गईं। तारा पूतली ने बिजली विभाग के आला अधिकारियों से कहा कि हमें तुम्हारी कागजी बातें और झूठे आश्वासन नहीं, जमीन पर काम चाहिये। जब तक इस कॉलोनी का एक-एक घर रोशनी से नहीं जगमगायेगा, यहां से एक इंच भी पीछे नहीं हटेगें। हमारी माताओं-बहनों का यह संघर्ष बेकार नहीं जायेगा। जिसके बाद विधुत विभाग ने आनन-फानन में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। अधिकारियों को तुरंत नए खंभे (पोल), नई डीपी (ट्रांसफार्मर) और तारों के बंडल अलॉट करने पड़े। तारा पूतली ने मौके पर डटकर अपनी आंखों के सामने युद्धस्तर पर काम करवाया। जब तक आखिरी तार नहीं जुड़ गया और आखिरी पोल खड़ा नहीं हो गया, तारा पूतली वहां से टस से मस नहीं हुये। यह उनके दृढ़ संकल्प का ही नतीजा था कि जो काम हफ्तों में नहीं हो सकता था, वह महज कुछ घंटों में पूरा हो गया।

> ■ कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष तारा पूतली के प्रयासों से हुआ समस्या का समाधान

# किसानों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलराम की पूजा से की

**टोंक** । भारतीय किसान संघ सगंठन के तत्वावधान में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर उनकी जयंती मनाने के साथ हुई। इसके पश्चात किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जयपुर प्रांत अध्यक्ष कालूराम बागड़ा, जिला अध्यक्ष रमेश चंद जाट जिला मंत्री विनय सिंह ताखर एवं प्रांत प्रतिनिधि रामस्वरूप धाकड रहे।

ज्ञापन में रबी फसलों के लिए एफएफएस ऐप पर यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, निष्क्रिय ग्राम सेवा सहकारी समितियों को तत्काल सक्रिय करने, जंगली सूअरों से फसलों को हो रहे नुकसान का सर्वे करवाकर किसानों को आपदा राहत के अंतर्गत मुआवजा देने तथा फसल बीमा में नुकसान को शामिल करने की मांग की गई। इसके साथ ही फसल कटाई प्रयोग में पारदर्शिता के लिए खेत मालिक किसान के अलावा दो अन्य किसानों की उपस्थिति अनिवार्य करने तथा पात्र किसानों के लंबित रबी 2025 फसल बीमा क्लेम का शीघ्र भुगतान करवाने की मांग रखी गई। किसानों ने इस वर्ष कम बारिश को देखते हुए बीसलपुर सहित सभी बांधों की नहरों की तत्काल सफाई करवाकर समय पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने तथा बाजरा एवं मूंग की सरकारी समर्थन मूल्य पर तत्काल खरीद शुरू करने की भी मांग की।



टोंक में भाकिसं सगंठन के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया ।

> ■ पात्र किसानों के लंबित रबी 2025 फसल बीमा क्लेम का शीघ्र भुगतान करवाने की मांग रखी


### नकसोदा में एक ही परिवार के दो पक्षों में झगड़ा

**धौलपुर**। उपखंड की सदर थाना क्षेत्र के नकसोदा गांव में एक ही परिवार के लोगों में देवताओं की जगह और एक पेड़ को लेकर झगड़े और लाठी-भाटा जंग का मामला सामने आया है। घटना के दौरान घायल हुए एक पक्ष के लोगों को जहां बाड़ी अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के लोग धौलपुर अस्पताल पहुंचे हैं।

घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है बाड़ी अस्पताल में भर्ती एक पक्ष के घायलों के साथ आए किशन सिंह ने बताया कि उनका उनके परिवार के ही लोगों से देवताओं की जगह को लेकर विवाद चल रहा है। पंचों ने वह जगह होने चबूतरा बनाने दी है। जबकि दूसरे पक्ष के लोग उस पर अपना हक जता रहे है। इसी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने आज पहले घर पर आकर हमला किया। जिसमें उनके भाई ज्ञानी सिंह की बहू राजवती का सिर फट गया।

## सार-समाचार

### एनसीसी में 60 कैडेट्स का चयन, 4 चरणीय प्रक्रिया में मेरिट बनी आधार



**चौमूं / कालाडेरा** । सेठ आर.एल. सहरिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा में एनसीसी प्रभाग के तत्वावधान में प्रथम वर्ष की रिक्त 60 एनसीसी सीटों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। महाविद्यालय के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल यादव के नेतृत्व में संपन्न इस भर्ती प्रक्रिया में विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता, स्वास्थ्य, दस्तावेजी योग्यता एवं व्यक्तित्व का समठा मूल्यांकन करते हुए मेरिट के आधार पर कैडेट्स का चयन किया गया। भर्ती प्रक्रिया 3 राज एनसीसी कार्यालय, सीकर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जे. एस. लाम्बा, सेना मेडल के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप रखते हुए विद्यार्थियों को मेडिकल, फिटनेस, डॉक्यूमेंटेशन एवं इंटरव्यू सहित चार चरणों से गुजरना पड़ा। प्रत्येक चरण में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई समठा मेरिट के अनुसार प्रथम वर्ष की रिक्त 60 सीटों पर कैडेट्स का चयन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जयभारत सिंह ने भर्ती प्रक्रिया में उपस्थित होकर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा एनसीसी के अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रसेवा और व्यक्तित्व निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। चयनित कैडेट्स के लिए यह प्रशिक्षण उनके शैक्षिणक जीवन के साथ-साथ व्यक्तित्व एवं भविष्य निर्माण की महत्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगा। प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह ने कर्नल जे. एस. लाम्बा, सेना मेडल सहित भर्ती प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी सदस्यों का प्राचार्य कार्यालय में अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने निष्पक्ष, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण चयन प्रक्रिया के लिए एनसीसी प्रभाग की सराहना करते हुए चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। भर्ती प्रक्रिया के सफल आयोजन में महाविद्यालय के एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बताया कि चयनित कैडेट्स को एनसीसी के माध्यम से सैन्य अनुशासन, शारीरिक दक्षता, नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रसेवा से जुड़े विविध प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों से एनसीसी की गरिमा एवं अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता का आ ान किया। इस भर्ती प्रक्रिया का महत्वपूर्ण व व्यवस्थापकीय दायित्व महाविद्यालय के डॉ. कमलेश डबरिया के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। साथ ही, डॉ. के. के. वर्मा, डॉ. राकेश वर्मा, आशीष टांक, डॉ. रणजीत जगरिया, डॉ. ममता गंगवाल व डॉ. प्रियंका कुमावत ने महती सहयोगात्मक भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से चयनित सभी कैडेट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल एनसीसी प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### अहिंदी भाषी विद्यार्थियों के लिए हिंदी शिक्षण कार्यशाला शुरू

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में अहिंदी भाषी विद्यार्थियों के लिए हिंदी शिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। भारतीय शिक्षण मंडल, चित्तौड़ प्रांत की विश्वविद्यालय इकाई एवं विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी के व्यावहारिक प्रयोग में दक्ष बनाना और भाषा के प्रति सहजता एवं आत्मविश्वास विकसित करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं भारतीय शिक्षण मंडल, चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष प्रो. आनंद भालेराव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के चित्तौड़ प्रांत सहमंत्री डॉ. जय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि राजस्थान हिंदी भाषी क्षेत्र में आता है। ऐसे में अहिंदी भाषी क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए हिंदी सीखना स्थानीय समाज से जुड़ने और प्रभावी संवाद स्थापित करने की दृष्टि से उपयोगी है। विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा गतिविधि के प्रमुख एवं हिंदी अधिकारी डॉ. ओम कुमार कर्ण ने बताया कि विश्वविद्यालय में देश के विभिन्न अहिंदी भाषी क्षेत्रों से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। उन्हें स्थानीय समाज से संपर्क और दैनिक व्यवहार में हिंदी में संवाद करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला लगभग पांच माह तक प्रत्येक गुरुवार आयोजित होगी। इसमें विद्यार्थियों को हिंदी में वार्तालाप, पठन एवं लेखन के साथ सामान्य हिंदी व्याकरण का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक एवं शैक्षिणक जीवन में हिंदी के प्रभावी प्रयोग के लिए सक्षम बनाना है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अखिल अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यशाला अहिंदी भाषी विद्यार्थियों के लिए हिंदी सीखने और आत्मविश्वास के साथ इसका प्रयोग करने की दिशा में सराहनीय पहल है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गाथा ठक्कर ने किया। आयोजन में डॉ. गजानन, डॉ. अनुराग सिंह, मिलन चौहान एवं डॉ. अक्षांश भारद्वाज का सहयोग रहा।

### धौलपुर में विभाग की योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित

**धौलपुर** । महिला अधिकारिता विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विभागीय योजनाओं की जानकारी देने हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की बालिकाओं को सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में जानकारी देते हुए सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग भैरू प्रकाश नागर ने बताया कि विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बालिकाओं को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान बालिकाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र योजना पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना कालीबाई भील उड़ान योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान मुख्यमंत्री नारी शक्ति कौशल संवर्धन योजना मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की केन्द्र प्रबंधक श्रीमती गुंजन गुप्ता, परामर्शदाता रोशनी रावत एवं समीक्षा सिंह, लक्ष्मी श्रीवास्तव तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की परामर्शदाता श्रीमती पूजा ने संबंधित योजनाओं के उद्देश्य पात्रता एवं लाभ के बारे में बालिकाओं को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती ज्योति समाधिया विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यालय की बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### सचिव रेखा यादव ने बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया

**धौलपुर**। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार चयनित ठााम गडरपुरा में नालसा की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को 60 दिवसीय मेगा अभियान के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव रेखा यादव ने ग्राम पंचायत सनौरा, तहसील बाड़ी स्थित सपेरा बस्ती में पहुंचकर बच्चों एवं ठाामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया तथा नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सचिव रेखा यादव ने सपेरा बस्ती के बच्चों से उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय जाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय जाने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है, इसलिए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना और उसकी पढ़ाई निरंतर जारी रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सचिव ने बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आव्हान किया।

# तेज रफ्तार कार डंपर में घुसी, कार मालिक की मौत



जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे पर 195 की स्पीड से जा रही कार आगे चल रहे डंपर में अचानक जा घुसी।

- हादसे के समय मालिक फेसबुक लाइव कर रहा था
- उस समय कार की स्पीड 195 की होने से टक्कर इतनी तेज थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**टोंक।** जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे पर 195 की स्पीड से जा रही कार आगे चल रहे डंपर में अचानक जा घुसी, जिससे कार मालिक की मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को कार मालिक मालपुरा के राजाराम पुत्र जगदीश जाट उम्र 41 साल निवासी जनकपुरा टोरड़ी जो देवली से अपने गांव जा रहा था, जब वह दूनी थाना क्षेत्र के पोल्याडा गांव के पास पहुंचा तो उसकी कार आगे चल रहे डंपर में जा घुसी, उस समय कार की स्पीड 195 की होने से टक्कर इतनी तेज थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं डंपर के पीछे के टायर फूट गए तथा मालिक राजाराम की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद सूचना पर दूनी पुलिस मौके पर पहुंची और राजाराम को दूनी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजाराम को मृत घोषित कर दिया।

दूनी पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुची थाना पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राजाराम को दूनी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजाराम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर परिजन हॉस्पिटल पहुंचे, पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों वाहनों को पोल्याडा चौकी में खड़ा करवाया है। फिलहाल परिजनों ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। राजाराम खेती करता था, जो 300 बीघा जमीन का मालिक था, जिसका एक बेटा एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। राजाराम पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर खड़ा होने की तैयारी कर रहा था।

## अवैध बजरी परिवहन मामले में रैकी करते पांच आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी पीपलू विनोद कुमार के सुपरविजन मे बरोनी थानाधिकारी जयमल सिहं के नेतृत्व में गठित थाना टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दौराने गश्त क्षैत्र के विजयपुरा से ट्रेक्टर-ट्रोली जिसमें 8 टन अवैध बजरी भरी हुई को जप्त किया गया। इस कार्यवाही में पुलिस ने ट्रेक्टर चालक व मालिक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट मे प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

बरोनी थानाधिकारी ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन करने के दौरान पुलिस जाप्ते की रेकी करने वाले आरोप लोकेश पुत्र हरिराम गुर्जर, जीतराम पुत्र गंगालाल गुर्जर, बंशीलाल पुत्र सुखलाल कीर, मनराज पुत्र श्रीराम गुर्जर व लालाराम पुत्र भैरूलाल गुर्जर को गिरफ्तार कर रेकी मे प्रयुक्त 2 कार व 3 मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

## जानलेवा फायरिंग करने का आरोपी पकड़ा

**भरतपुर।** थाना नदबई पुलिस ने अवैध हथियार से जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले अभियुक्त दीपशिखर को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर राजेश मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उच्चैन सुरेश व वृताधिकारी वृत नदबई भवानी सिंह के सुपरविजन में वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी अरूण कुमार के नेतृत्व मे गांव बरबारा में मुस्तगीस कोमल सिंह पुत्र मोहन सिंह जाट निवासी बरवारा थाना नदबई के साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से अवैध हथियार द्वारा फायरिंग कर आरोपी वक्त घटना से फरार चल रहे थे। वांछित मुल्जिमानों की धरपकड हेतु गठित टीम द्वारा सीडीआर विश्लेषण व तकनिकी सहायता से मुल्जिम दीपशिखर पुत्र हरेन्द्रपाल जाट निवासी मांझी थाना नदबई को जयपुर से डिटैन कर बाद अनुसन्धान किया गिरफ्तार किया है ।

## नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि आज

**निवाई।** स्थानीय नगर निकाय चुनाव में पार्षदों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब शहर की राजनीति का केंद्र अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव पर टिक गया है। बोर्ड गठन को लेकर सभी राजनीतिक दलों व नव-निर्वाचित पार्षदों के बीच रणनीतिक गतिविधियां व सियासी भाग दौड़ तेज हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी गंभीर सिंह ने बताया कि नगर निकाय के अध्यक्ष पद के निर्वाचन को लेकर नगर पालिका में 21 सितम्बर को मतदान होंगे। जिसकी संपूर्ण तैयारियों को अन्तिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के निर्वाचन को लेकर 15 सितंबर को अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना जारी करने के बाद निर्धारित चुनावी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 16 सितंबर है। 17 सितंबर को सभी नामांकन पत्रों की जांच की होगी। 18 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी प्रक्रिया होगी। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के तुरंत बाद 18 सितंबर को ही शेष बचे उम्मीदवारों को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा एवं मतदान प्रक्रिया पूरी होते ही इसी दिन मतगणना करवाकर परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। अध्यक्ष पद के चुनाव के पश्चात 22 सितंबर को निकाय उपाध्यक्ष के पद के लिए चुनावी प्रक्रिया होगी। इसके तहत 22 सितंबर की सुबह 10 से 11 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। तत्पश्चात 11:30 बजे से नामांकन वापसी की प्रक्रिया होगी एवं दोपहर 2 बजे तक नाम वापसी का समय रहेगा। यदि उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव की स्थिति बनती है और मतदान आवश्यक हुआ, तो दोपहर 2:30 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच प्रमाण पत्र लेने पहुंचे कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षद

- पावटा उपखंड कार्यालय में दिखा जीत का जोश
- 22 पार्षदों की जीत के बाद कांग्रेस खेमे में बढ़ी हलचल

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षद मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उपखंड कार्यालय पावटा पहुंचे। यहां पूर्व विधायक व कांठोस जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी के जीते हुए पार्षदों ने अपने-अपने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त किए। प्रमाण पत्र हाथ में आते ही कांग्रस खेमे में जीत की खुशी और उत्साह साफ नजर आया। उपखंड कार्यालय परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर पार्षदों के पहुंचने के दौरान पार्टी की ओर से व्यवस्थाएं बनाए रखी गईं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नगरपालिका चुनाव परिणाम में कांठोस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर सबसे बड़े दल के रूप में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। भाजपा के खाते में 16 सीटें आईं, जबकि 7 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की। परिणाम सामने आने के बाद अब सबसे ज्यादा चर्चा नगरपालिका में बोर्ड गठन और चेयरमैन की कुर्सी को लेकर है। बहुमत के आंकड़े से दूर किसी भी दल के लिए निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में प्रमाण पत्र लेने पहुंचे पार्षदों के बीच भी आगामी राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर नजर आया। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 22 पार्षदों वाली कांठोस अपने पक्ष में बोर्ड बनाने के लिए जरूरी समर्थन का गणित कैसे साधती है।

## कक्कू से श्रद्धालु रामदेवरा रवाना

**कक्कू,** (कासं)। श्री सेफराज जी संघ ने बाबा रामदेव महाराज के दर्शन के लिए सोमवार को 33वीं बार पैदल यात्रा शुरू की। कक्कू से 150 से ज्यादा श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप और बाबा रामदेवजी के जयकारों के बीच रामदेवरा (रूणिचा) के लिए पैदल रवाना हुए। यात्रा को लेकर गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

यात्रा रवाना होने से पहले बाबा रामदेव मंदिर में पंडित मनोज तिवाड़ी ने पूजा-अर्चना की और संघ की ज्योत करवाई। इसके बाद पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह बीदावत, पूर्व सरपंच प्रभुदयाल पारीक और रेवंतराम राहड़ ने पैदल यात्रियों के तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया।

मंदिर में पूजा-अर्चना और ज्योत के बाद यात्रियों को पचरंगा नेजा सौंपकर यात्रा के लिए रवाना किया गया। श्री सेफराज संघ द्वारा रामदेवरा यात्रा के लिए 24 फीट लम्बा और 16 फीट चौड़ा पचरंगा नेजा लेकर श्रद्धालु रवाना हुए।

## 18 पार्षदों का प्रचंड बहुमत

**लालसोट।** नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस ने 35 में से 18 वार्डों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। बहुमत का आंकड़ा पार करते ही कांठोस खेमे में जश्न का माहौल है, लेकिन जीत की खुशी के बीच अब पार्टी के सामने सबसे बड़ा और पेचीदा सवाल खड़ा हो गया है-नगर परिषद का अगला सभापति कौन होगा18 पार्षदों की ताकत के साथ कांठोस के पास बोर्ड बनाने का रास्ता साफ है, लेकिन सभापति पद की दावेदारी ने पार्टी के भीतर सियासी हलचल तेज कर दी है। करीब पांच मजबूत चेहरों को इस पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। सभी दावेदारों की अपनी राजनीतिक पकड़, समर्थक पार्षद और अलग-अलग समीकरण बताए जा रहे हैं। अब असली सियासी खेल शुरू होगा। कौन कितने पार्षदों को साध पाता है, किसकी पकड़ संगठन और निर्वाचित पार्षदों में मजबूत है और नेतृत्व किस चेहरे पर भरोसा जताता है, यही आने वाले दिनों में सबसे बड़ा मुद्दा रहेगा। कांग्रेस के सामने चुनौती सिर्फ सभापति चुनने की नहीं है, बल्कि ऐसा चेहरा तय करने की है जो पार्टी के भीतर खेमेबाजी को रोक सके, सभी पार्षदों को साथ लेकर चले और शहर के विकास की मजबूत तस्वीर पेश कर सके। चुनावी रण में कांग्रेस ने बाजी मार ली, लेकिन अब कांग्रेस के अंदर ही सियासी परीक्षा शुरू हो गई है।

# डीग : 8 माह में 1,666 साइबर ठग गिरफ्तार

- 73.15 लाख रुपए नकद जब्त
- आईटी एक्ट में 337 केस दर्ज, 1,266 मोबाइल, 1,729 सिम, 89 एटीएम कार्ड सहित 45 वाहन जब्त, एंटीवायरस और ऑपरेशन काउंटडाउन से लगातार कार्रवाई
- वर्ष 2024 में 632 और वर्ष 2025 में 730 साइबर ठग गिरफ्तार किए गए थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की गिरफ्तारियां 2024 की तुलना में 163.6 प्रतिशत अधिक हैं, जबकि 2025 के मुकाबले 128.2 प्रतिशत अधिक हैं।

**डीग ।** साइबर अपराधियों के खिलाफ डीग पुलिस ने एस पी शरण गोपीनाथ कांबले के नेतृत्व में वर्ष 2026 में जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ कांबले के नेतृत्व में अगस्त माह के अंत तक आईटी एक्ट के तहत 337 प्रकरण दर्ज कर 1,666 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल फोन, सिम कार्ड, वाहन, एटीएम कार्ड और अन्य उपकरणों के साथ 73 लाख 15 हजार 210 रुपए की नकदी जब्त की गई है। एस पी शरण गोपीनाथ कांबले के अनुसार साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एंटीवायरस और ऑपरेशन काउंटडाउन जैसे विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए साइबर अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस टीमों के समन्वित प्रयास से संदिग्धों की धरपकड और साइबर अपराध से जुडे मामलों में प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है।

आठ माह में 1,666 गिरफ्तारी- वर्ष 2026 में अगस्त तक आईटी एक्ट के प्रकरणों में 1,666 साइबर आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

वर्ष 2024 में 632 और वर्ष 2025 में 730 साइबर ठग गिरफ्तार किए गए थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की गिरफ्तारियां 2024 की तुलना में 163.6 प्रतिशत अधिक हैं, जबकि 2025 के मुकाबले 128.2 प्रतिशत अधिक हैं। इसी अवधि में वर्ष 2024 में 192 और वर्ष 2025 में 196 प्रकरण दर्ज हुए थे, जबकि 2026 में अगस्त तक 337 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।ठगी का नेटवर्क खंगाला, बड़ी बरामदगी- पुलिस ने आरोपियों से 1,266 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 1,729 सिम कार्ड, 32 दोपहिया और 13 चारपहिया वाहन, 89 एटीएम कार्ड, 27 बैंक पासबुक, 11 चेकबुक, एक सोने जैसी दिखने वाली पीतल की ईंट और छह क्यूआर कोड मशीनें जब्त की हैं। इसके अलावा 73,15,210 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। एस पी कांबले ने लोगों से अपील की है कि अनजान व्यक्ति को ओटीपी, पिन, सीवीवी अथवा बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करें। अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और सोशल मीडिया पर अज्ञात व्यक्तियों से सावधानी बरतें।

## सांभर चेयरमैन के लिए विभिन्न समाज में विचारधारा की लड़ाई

- जिससे भाजपा के लिए एक नया संकट खड़ा होने से इनकार नहीं किया जा सकता

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर में चेयरमैन के लिए आगामी 21 सितंबर को विधिवत चुनाव होंगे लेकिन इससे पहले ही विभिन्न समाज के लोगों की सोशल मीडिया पर विचारधारा की लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है, जिससे भाजपा के लिए एक नया संकट खड़ा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। यद्यिप यूं तो प्रदेश संगठन का अंतिम फैसला ही सर्वोपरि रहेगा, क्योंकि उनकी तरफ से जिस नाम की घोषणा होगी वही उम्मीदवारी के लिए अपना नामांकन पत्र पेश कर सकेगा, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि चैयरमेन के लिए जो अपना प्रबल पक्ष मान रहे हैं, क्या वे प्रदेश संगठन के इस फैसले को किसी एक के पक्ष में राजी खुशी से स्वीकार कर पायेंगे या फिर भाजपा में कोई बगावत का नया बिगुल तो नहीं बज उठेगा।

विभिन्न समाज के लोगों का ही नहीं बल्कि उन लोगों ने भी चेयरमैन की दावेदारी के लिए प्रमुख रूप से जो चेहरे उभर कर सामने आ रहे हैं उनमें अपनी पसंदीदा को चैयरमेन बनाए जाने के पक्ष में खुलकर लिख रहे है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि भाजपा का बोर्ड बनना क़रीब क़रीब तय लग रहा है लेकिन भाजपा की विचारधारा से जुड़े समर्थकों व अंदरूनी नाराजगी से जो गांठ हो गई है, उसका प्रदेश नेतृत्व क्या राजनीति का चीरा लगाकर इस गांठ को खोल पाएंगे, या सांभर की इस वर्चस्व की लड़ाई में और कुछ नया होने वाला है। वैसे बताया तो यह भी जा रहा है कि चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने विनोद गट्टानी को चैयरमेन बनाने की बात भी उस वक्त बोली थी। बताना जरूरी है कि सोशल मीडिया पर आज अग्रसेन समाज की तरफ से पवन कुमार मोदी, ब्राह्मण समाज की तरफ से श्याम सुंदर शर्मा, माहेश्वरी समाज व उनके चाहने वालों की तरफ से विनोद कुमार गट्टानी को अध्यक्ष बनाने के लिए पूर्व विधायक निर्मल कुमावत को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पर जो पत्र डाले गए हैं क्या वे वाकई में उन तक पहुंचे हैं या केवल कोई नया शिगुफा छोड़ा गया है। फिलहाल चैयरमेन के चुनाव होने तक यह राजनीतिक द्वंद्व थमता नजर नहीं आ रहा है।

## जोधपुरिया मेले में जा रहे श्रद्धालुओं पर हमला

- स्कार्पियो में तोड़फोड़ कर लाखों का नुकसान, मामला दर्ज
- हमलावरों ने स्कार्पियो कार में तोड़फोड़ कर दी, जिससे करीब 3-4 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

**निवाई।** ललवाड़ी चौराहे पर श्री देवनारायण महाराज जोधपुरिया धाम पर आयोजित मेला में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर अज्ञात बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला करके वाहन में तोड़फोड़ कर दी। उक्त घटना को लेकर पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित रविप्रकाश चनेजा पुत्र बनवारी लाल निवासी बीलवाड़ी थाना विराटनगर जिला कोटपूतली-बहरोड़ ने मामला दर्ज करवाया है कि वह 13 सितंबर की देर रात अपने साथी भीमराज, दिनेश, नरेश व राजीव के साथ अपनी स्कार्पियो कार से जयपुर से श्री देवधाम जोधपुरिया मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान रात्रि करीब 1.40 बजे ललवाड़ी चौराहे पर पहुंचे, तभी सामने से अचानक एक कैंपर बोलेरो आकर रुकी। जिसमें से करीब 5 से 6 व्यक्ति नीचे उतरे और बिना किसी कारण उनकी स्कार्पियों कार के शीशों को तोड़ दिया और कार पर ताबडतोड पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद हमलावरों ने उन पर जान लेवा हमला बोल दिया। जिसके दौरान पीड़ितों द्वारा मदद की गुहार लगाने व जोरों से चिल्लाने पर हमलावर अपनी कैंपर गाड़ी को मौके पर ही छोडक़र भाग निकले। मारपीट में पीड़ित रविप्रकाश के गंभीर चोटें आई है। वहीं उनके साथी भीमराज भी गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने स्कार्पियो कार में तोड़फोड़ कर दी, जिससे करीब 3-4 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर बाल संसद का चुनाव करवाया




पीएमश्री विद्यालय राहोली निवाई में बाल संसद का चुनाव करवाया गया ।

- चुनावी प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। विद्यालय में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष करवाया

निवाई। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में 15 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर बाल संसद के चुनाव उत्साह व लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ संपन्न हुए। चुनावी प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। बाल संसद संयोजक गौरीशंकर चौधरी ने बताया कि विद्यालय में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया। चुनाव को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया, जिसके चलते कुल पंजीकृत 275 मतदाताओं में से 246 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया व कुल मतदान 89.45 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान ममता भंडारी व प्रेमचन्द बैरवा सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

## संत महात्मा का पूजन

**दूदू** । नगर पालिका मुख्यालय से भोजपुर रोड स्थित मंशा पूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में ऋषि पंचमी के अवसर पर ब्राह्मण समाज दूदू के तत्वाधान में संत महात्मा पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं मंत्रोचार के साथ किया । इस अवसर पर क्षेत्र सभी मंदिरों के संत महात्माओं का सम्मान किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश गौड विप्र महासभा के उपाध्यक्ष नंदलाल भारद्वाज एवं दूदू ब्लॉक ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एडवोकेट रामजीलाल शर्मा एवं समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सभी संतों का वैदिक मंत्रालय के साथ पूजन कर आशीर्वाद लिया गया संत महात्माओं ने आशीर्वचन में कहा कि समाज को एकजुट होकर आगे आना चाहिए तथा प्रकृति का संरक्षण सनातन धर्म संस्कार एवं ऋषि परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में ऋषि मुनियों का जीवन समाज एवं मानव कल्याण के लिए प्रेरणादाई रहा है उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतर कर समाज को नहीं दिशा दी जा सकती है कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई ।

## सार-समाचार

### भरतपुर आरएलपी ने सीट जीतकर खुशी मनाई



**भरतपुर** । नगर निगम चुनाव में आर एल पी पार्टी से वार्ड नंबर 21 में गोपाल कश्यप ने टिकट पर चुनाव लड़कर भाजपा प्रत्याशी को चुनाव हराकर आर एल पी पार्टी का खाता खोला है। आर एल पी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर सभी सदस्यों को बधाई दी एवं खुशी मनाई । इस अवसर पर भगत सिंह सूरोता एडवोकेट ने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों में आर एल पी पार्टी सभी जाति धर्म को साथ लेकर पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी और सभी जनता जनार्दन को तीसरा विकल्प देगी. सभी आर एल पी कार्यकर्ताओं द्वारा आर एल पी पार्टी के उम्मीदवार गोपाल कश्यप को चुनाव में वोट देकर विजयी बनाने पर सभी का दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया. इस अवसर पर भगत सिंह सूरोता एडवोकेट सतीश सरसेना महेश फौजदार करही रनवीर सिंह कुरका योगेश सिंह दिलीप सिंह दिनेश सिंह चंद्रभान सिंह हाकिम सिंह जीवद शशांक सिंह धीरेन्द्र सिंह सोनू सिंह गजेंद्र सिंह यदवीर सिंह रामू सिंह यशपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मंदिरों में मनाया जन्मोत्सव

**निवाई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। घरों में प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। भगवान गणेशजी की प्रतिमा के सिंदूर का चोला चढ़ाकर मोदक व अन्य व्यंजनों सहित दूर्वा अर्पित कर भगवान गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर के प्राचीन परमहंस आश्रम में स्थित श्री गणेश मंदिर, झिलाय रोड पर स्थित चिंताहरण गणेश मंदिर व श्याम मंदिर में विराजमान श्री गणेश भगवान की विशेष झांकी सजाई गई। दोपहर भगवान गणेश जी का जन्मोत्सव मना कर महाआरती करके श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। गणेश चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। इस दौरान घरों में भी गणेश जी की प्रतिमा पर सिंदूर लगाकर चांदी का वर्क को चोला चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान विभिन्न व्यंजन बनाकर श्री गणेश जी को लड्डू का भोग लगाया।

### भंडारे में 45 बोरी चीनी से बनी प्रसादी



**शाहपुरा।** जाजैकलां की पहाड़ी पर विराजमान जन-जन की आस्था का केंद्र व हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक खादरसा महाराज का वार्षिक मेला मंगलवार को धूमधाम से भरा। मेले में कौमी एकता का रंग देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालु करीब 500 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ी पर विराजमान खादरसा महाराज के दरबार में माथा टेककर घर परिवार में खुशहाली की कामना की। स्वर्णिम आभा और आकर्षक रोशनी से जगमग प्रवेश द्वार की सुंदरता देखते ही बन रही थी। मेले को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु खादरसा महाराज के जयकारे लगाते हुए बाबा के दीदार करते नजर आए।क्षेत्र में घर-घर में बाबा को चूरमा का भोग लगाया गया। भंडारे में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी पाई। मेले में एयू बैंक के राजस्थान सर्किल हेड सुल्तान सिंह पलसानिया,पूर्व नगर परिषद उपसभापति राजेंद्र सारण सहित कई जनप्रतिनिधि ने शिरकत की।मेले में सुबह से ही आसपास सहित दूरदराज के गांव से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने पहाड़ी पर करीब 500 सीढियां चढ़कर खादरसा की ज्योत के दर्शन कर परिक्रमा लगाई और प्रसाद चढ़ाया। मेले में दिनभर नेहडा कार्यक्रम जारी रहा जिसमें कलाकारों ने भजनों के माध्यम से खादरस महाराज की महिमा का गुणगान किया गया।कार्यक्रम के दौरान लव स्टार गायक पार्टी व डांसर माही शेखावाटी निशा यादव ने भी अपने बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए राम सिंह बोबास्या ने किया इससे पूर्व शनिवार सम्पूर्ण रात्रि को भी बाबा का जागरण हुआ। मेले में मीना बाजार, झूले आदि लगाए गए। जिसमें महिलाओं ने घरेलू सामान की खासकर मिट्टी के बर्तनों तथा छोटे बच्चों ने खिलौने की जमकर खरीदारी की। मेला कमेटी सदस्य सुंदरलाल जाट, हरिकिशन पलसानिया, बंशीधर रूंडला,रामकरण पलसानिया,राकेश सैनी, कैलाश धेधड,राम सिंह रूंडला,रामेश्वर रुडला,कालूराम,प्रहलाद पलसानिया,राम सिंह बोबास्या,हरि सैनी, आदि ने बताया कि मेले के दौरान भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी पाई। 41चीनी की बोरियों के लड्डू तैयार किए गए थे।बाद में चार बोरी के लड्डू ओर तैयार किए।भंडारे में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कार्यकर्ताओं की स्पेशल टीम गठित की गई थी। छाजूलाल ढबास,हरसहाय नेता, ट्रक यूनियन के पूर्व अध्यक्ष पूरणमल पलसानिया,साधुराम पलसानिया,सुरेंद्र अर्जुन निठारवाल, प्रकाश जांगिड़,रामेश्वर पलसानिया,बंशीधर रूंडला,सुरेंद्र रुडला फूलचंद कडवास,कालू भट्टा आदि ने बताया कि मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा माकूल व्यवस्था की गई थी। मेले में जगह-जगह पुलिस प्र जाप्ता तैनात रहा। थाना प्रभारी रिया चौधरी के नेतृत्व में 50 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए थे। मेले में सादा वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात नजर आए। मेले में आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए मेला कमेटी की ओर से जोहड़े,उप स्वास्थ्य केन्द्र व स्कूल के पास में विशेष व्यवस्था की गई।

### अस्पताल में शुरू हुई निःशुल्क डायलिसिस सुविधा

**लालसोट ।** क्षेत्र के किडनी रोगियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सरकारी जिला अस्पताल लालसोट में निःशुल्क डायलिसिस यूनिट का विधिवत शुभारंभ गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर किया गया। भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के बाद डॉ. राजकुमार सेहरा ने फीता काटकर यूनिट का उद्घाटन किया । यूनिट में चार डायलिसिस मशीनें स्थापित की गई हैं और शुभारंभ के दिन चारों मशीनों पर मरीजों का डायलिसिस किया गया। अस्पताल प्रशासन एवं डायलिसिस यूनिट के स्टाफ ने मरीजों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी। दी हंस फाउंडेशन के रीजनल सीनियर मैनेजर श्री यशपाल ने बताया कि पात्र मरीजों को सरकारी योजना के तहत निःशुल्क डायलिसिस सुविधा मिलेगी। अब मरीजों को डायलिसिस के लिए करौली, गंगापुर सिटी, दौसा या जयपुर जाने की जरूरत नहीं होगी। लालसोट जिला अस्पताल में ही उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। सीनियर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्री विश्वेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि डायलिसिस से पहले मरीज का पंजीकरण और आवश्यक जांच की जाएगी। चिकित्सकीय प्रक्रिया के अनुसार प्रारंभिक जांच के बाद डायलिसिस किया जाएगा। पंजीकरण एवं जानकारी के लिए 9772721232 पर संपर्क किया जा सकता है। यूनिट में निर्धारित चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के अनुसार सेरोलॉजी-नेगेटिव मरीजों का डायलिसिस किया जाएगा। इसके लिए मेडिकल ऑफिसर, डायलिसिस टेक्नीशियन और हाउसकीपिंग स्टाफ की व्यवस्था रहेगी। लालसोट में डायलिसिस सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों और उनके परिजनों को लंबी दूरी की यात्रा, आने-जाने के खर्च और समय की बचत होगी। लंबे समय से डायलिसिस के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर मरीजों के लिए जिला अस्पताल में यह सुविधा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की बड़ी सौगात साबित होगी।



मैंने चोटों और असफलताओं से उबरकर सकारात्मक मानसिकता अपना ली है। परिणाम की चिंता छोड़ मेरा मुख्य लक्ष्य लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतना है। -निशा दहिया

भारतीय पहलवान, एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**पैट कमिंस**

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त में मिली चौंकाने वाली टेस्ट हार के लिए खराब तैयारी को जिम्मेदार मानने से इनकार किया है। ऑस्ट्रेलिया दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने दूसरे टेस्ट में शानदार वापसी करते हुए पारी और बड़ी जीत दर्ज की थी। कमिंस ने कहा कि अगर यह सीरीज बांग्लादेश के बजाय इंग्लैंड के खिलाफ एशेज जैसी बड़ी सीरीज होती, तब भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की तैयारी में कोई बदलाव नहीं होता।

**क्या आप जानते हैं ?...** 1982 के एशियाई खेलों में भारत ने स्वर्ण पदक 13, रजत पदक19, कांस्य पदक 25 कुल57 पदक जीते थे।

## भारत ने जीती टी-20 सीरीज, दूसरे मैच में अफगानिस्तान को 7 विकेट से रौंदा

नई दिल्ली, 15 सितंबर। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने पहला मुकाबला भी 7 विकेट से जीता था। आखिरी मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा। कोटला की पाटा विकेट पर शाम साढ़े सात बजे से शुरू हुए मैच में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने भारत के सामने 160 रनों का लक्ष्य रखा। नीतीश रेड्डी ने दमदार गेंदबाजी की। भारत की प्लेइंग में वैभव सूर्यवंशी को एक बार फिर जगह नहीं मिली। अफगानिस्तान की ओर से इब्राहिम जादरान ने 37 (33) बनाए। अंत में मोहम्मद नबी और राशिद खान ने मोर्चा संभाला। नबी ने 20 (14) रन बनाए। राशिद खान ने 16 गेंदों में 28 रनों की पारी खेली। बीच के ओवरों में रसूली ने 15 गेंदों में 26 रन बनाए। जैसे तैसे उनकी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 159 रनों तक पहुंच सकी। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर की गेंदबाजी करते हुए 25 रन देकर एक विकेट हासिल किया। अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 35 रन दिए और दो विकेट लिया। नीतीश कुमार रेड्डी आज के मैच के सबसे बेहतर गेंदबाज रहे। उन्होंने 3 ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट हासिल हुआ। टी-20 मैच में भारत ने अफगानिस्तान टीम को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। अभिषेक शर्मा ने तूफानी पारी खेली थी।



160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों ने दमदार बल्लेबाजी की। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने शुरुआती कुछ गेंदों को संयमित अंदाज में खेलने के बाद मोर्चा खोल दिया। संजू सैमसन ने विश्व कप 2026 के बाद अपना पहला अर्धशतक जड़ा। अभिषेक शर्मा ने 39 रनों की पारी खेली। श्रेयस अय्यर 11 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, अंत में तिलक वर्मा और ईशान किशन ने मैच को फिनिश कर दिया।

तिलक वर्मा ने 14 गेंदों में 15 रन बनाए। वहीं ईशान किशन ने 23 गेंदों में 38 रनों की पारी 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से खेली। संजू सैमसन ने टी-20 विश्व कप के फाइनल के बाद अपनी पहली फिफ्टी जड़ी। उन्होंने 20 गेंदों में ही यह कमाल किया। हालांकि, 22 गेंदों का सामना करते हुए वे 57 रन बनाकर आउट हो गए। अरुण जेटली स्टेडियम में संजू सैमसन ने चौके छक्कों की झड़ी लगा दी।

अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और चार छक्के जड़े। 259 से अधिक की स्ट्राइक रेट से तूफानी बल्लेबाजी की। अभिषेक शर्मा 19 गेंदों में 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और चार छक्के लगाए। 205 से अधिक की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। अफगानिस्तान की ओर से तीनों विकेट राशिद खान ने लिए। उन्होंने 3.5 ओवर में 36 रन देकर यह कारनामा किया।

भारतीय टीम के ट्रॉफी न लेने पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

## यह फैसला पूरी तरह बीसीसीआई के अधिकार में : रणधीर जायसवाल

नई दिल्ली, 15 सितंबर। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम के एसीसी अध्यक्ष और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी से महिला एशिया कप 2026 की ट्रॉफी लेने से मना कर दिया, बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर इन इंडिया (बीसीसीआई) के अधिकार क्षेत्र का मामला है। गौरतलब है कि रविवार को महिला एशिया कप 2026 का फाइनल जीतने के बाद, हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम मैच के बाद होने वाले प्रेजेंटेशन समारोह में मंच पर मौजूद नहीं थी।



टीम ने एशियाई क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के प्रेसिडेंट और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। ऐसा सीमा-पार आतंकवाद को लेकर तनाव और ऑपरेशन सिंदूर (पाकिस्तान-समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई) के माहौल के कारण हुआ। महिला टीम का नक़वी से ट्रॉफी न लेने का फ़ैसला, भारत की पुरुष टीम के लगभग एक साल पहले किए गए ऐसे ही फ़ैसले जैसा है; पुरुष टीम ने पिछले साल सितंबर में मेन्स एशिया कप जीतने के बाद ऐसा ही किया था।

मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में हर दो हफ़्ते में होने वाली प्रेस ब्रीफ़िंग के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से पूछा गया कि क्या यह मामला मंत्रालय के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में आता है। इस सवाल का जवाब देते हुए जायसवाल ने कहा कि यह मामला बीसीसीआई के अधिकार क्षेत्र में आता है।

## समरकंद पहुंचे भारतीय शतरंज खिलाड़ियों को 5 घंटे तक नहीं मिले कमरे, खिलाड़ियों में भारी नाराजगी

नई दिल्ली, 15 सितंबर। भारत की शतरंज टीम के लिए 2026 शतरंज ओलंपियाड का सफर शुरू होने से पहले ही मुश्किलों से भरा नजर आ रहा है। बुधवार, 16 सितंबर से शुरू होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट के लिए समरकंद पहुंची भारतीय टीम को एयरपोर्ट पर करीब पांच घंटे तक अपने ठहरने के कमरों का इंतजार करना पड़ा। टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों को यह भी साफ जानकारी नहीं दी गई कि कमरे कब तक मिलेंगे। भारतीय शतरंज ओलंपियाड टीम के गैर-खिलाड़ी कप्तान और ग्रैंडमास्टर श्रीनाथ नारायणन ने सोशल मीडिया पर इस स्थिति को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि भारतीय दल के समरकंद एयरपोर्ट पहुंचने के कई घंटे बाद भी खिलाड़ियों को कमरे नहीं दिए गए थे। श्रीनाथ के मुताबिक, सबसे बड़ी परेशानी यह थी कि इंतजार खत्म होने का कोई तय समय भी नहीं बताया जा रहा था। उन्होंने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा कि 2026 शतरंज ओलंपियाड में पहुंचने के बाद टीम का अनुभव बेहद खराब रहा है। उनका कहना था कि टीम के एयरपोर्ट पहुंचने के करीब पांच घंटे बाद भी कमरों का आवंटन नहीं हुआ था और इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही थी। भारतीय टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल विदित गुजराती ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने समरकंद और उज्बेकिस्तान में टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले मिले अनुभव को बेहद खराब बताया और कहा कि टीम अब भी रहने की व्यवस्था ठीक होने का इंतजार कर रही है। दोनों खिलाड़ियों की प्रतिक्रियाओं से साफ है कि भारतीय दल को प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही व्यवस्थाओं से जुड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा है।



## जिम्बाब्वे के ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का 22 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

हरारे, 15 सितंबर। जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में मैदान पर उतरते ही महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का लंबे समय से कायम रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मंगलवार को खेले जा रहे मुकाबले में टेलर अपना 208वां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने उतरे।



टेलर के एकदिवसीय करियर को अब 22 साल और चार महीने हो चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2012 में एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और उनका इस प्रारूप में करियर 22 साल और तीन महीने का रहा था। टेलर ने इसी मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ 2004 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस तरह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत से लेकर अब तक 22 साल से अधिक का समय हो चुका है। हालांकि, एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब भी तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 463 मैचों में 18,426 रन बनाए हैं। वहीं, टेलर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले 207 एकदिवसीय मैचों में 6,704 रन बनाए हैं, जिसमें 11 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। टेलर ने 2021 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद 2022 में आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी संहिताओं के उल्लंघन के कारण उन पर साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया था।

प्रतिबंध पूरा करने के बाद टेलर ने 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। जिम्बाब्वे अगले साल दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ एकदिवसीय विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा और इसी तैयारी के बीच टेलर ने फिर से टीम का हिस्सा बनने का फैसला किया।

## इमरान खान की हिरासत पर ऑस्ट्रेलिया के 7 पूर्व कैप्टन ने पेनी वोंग को लिखा पत्र

नई दिल्ली, 15 सितंबर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और 1992 विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता एक बार फिर सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया के सात पूर्व क्रिकेट कप्तानों ने अपने देश की विदेश मंत्री पेनी वोंग को पत्र लिखकर इमरान खान की जेल में स्थिति और उनके स्वास्थ्य को लेकर पाकिस्तान सरकार के सामने चिंता जताने की मांग की है। इन पूर्व कप्तानों ने साफ किया है कि उनका मकसद पाकिस्तान की राजनीति या इमरान खान के खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों में किसी पक्ष का समर्थन करना नहीं है। मौजूद जानकारी के अनुसार पत्र लिखने वालों में एलन बॉर्डर, ग्रेग चैपल, इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, किम ह्यूजेस, मार्क टेलर और स्टीव वॉ शामिल हैं। सभी ने कहा कि उन्होंने यह पत्र राजनीतिक हस्तियों के तौर पर नहीं, बल्कि क्रिकेट जगत से जुड़े पूर्व कप्तानों के रूप में लिखा है। उनका कहना है कि वे एक साथी क्रिकेटर के साथ हिरासत में हो रहे व्यवहार को लेकर चिंतित हैं।

## उड़ान क्रिक्रेट फाउंडेशन 52 रन से विजेता

जयपुर, 15 सितम्बर। यति क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित प्रथम अंडर-14 ग्रीष्म कप में खेले गये मैच में उड़ान क्रिकेट फाउंडेशन और आर एस क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस के मध्य खेले गए मैच में टॉस जीत कर उड़ान क्रिकेट फाउंडेशन ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।



उड़ान क्रिकेट फाउंडेशन पहले बल्लेबाजी करते हुए 113/10 26.4 ओवर में आल आउट हो गई। उड़ान क्रिकेट फाउंडेशन ओर से हेमंत ने 39 रन, शुभम जागिड ने 17 रन बनाये। आर एस क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस गेंदबाजी करते हुए यश कसाना ने 21 रन देकर 4 विकेट, असद पठान ने 11 रन देकर 4 विकेट लिया। आर एस क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस ओर से बल्लेबाजी करते हुए 61/10 22.4 ओवर में आल आउट हो गई। आर एस क्रिकेट ऑफ एक्सीलेंस की ओर से अंगद कुमार ने 17 रन और जयप्रकाश ने 16 रन बनाये।

उड़ान क्रिकेट फाउंडेशन गेंदबाजी करते हुए हेमंत ने 19 रन देकर 4 विकेट, नवीन ने 10 रन देकर 3 विकेट और बिट्टू ने 15 रन देकर 2 विकेट लिया। उड़ान क्रिकेट फाउंडेशन 52 रन से विजेता हुई।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग: 804 अंकों के साथ टॉप पर श्रीचरणी, दीप्ति दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली, 15 सितंबर। भारतीय स्पिनर श्री चरणी ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंकों के साथ मंगलवार को यहां जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उनकी हमवतन दीप्ति शर्मा चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। श्री चरणी ने श्रीलंका के खिलाफ महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में भी 20 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे उनके रेटिंग अंकों की संख्या 804 हो गई है। उन्होंने अपने करियर में पहली बार 800 रेटिंग अंक का आंकड़ा पार किया।

यह आईसीसी रैंकिंग में किसी भारतीय खिलाड़ी को बल्लेबाजी या गेंदबाजी में सर्वाधिक रेटिंग है। उन्होंने मिताली राज को पीछे छोड़ा। भारत की पूर्व कप्तान ने 2011 में 780 रेटिंग अंक हासिल किए थे।

श्री चरणी अब महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग हासिल करने वाली गेंदबाज बनने से केवल दो अंक पीछे हैं। यह रिकॉर्ड नवंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के नाम है। एशिया कप में सर्वाधिक 14 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा भी चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 10 पायदान आगे 94वां स्थान जबकि लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने 50 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 96वां स्थान हासिल किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में शेफाली वर्मा सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। एशिया कप में शेफाली ने सबसे ज्यादा 236 रन बनाए, जिसमें सेमीफाइनल में 64 और फाइनल में बनाए गए 68 रन भी शामिल हैं। उनके कुल 741 रेटिंग अंक हो गए हैं। वह टीम की अपनी साथी स्मृति मंधाना से सिर्फ एक स्थान और चार रेटिंग अंक पीछे हैं। मंधाना 745 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। शेफाली ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी पांच पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 221 रेटिंग अंक हासिल किए हैं।



## बाबर की घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी

लाहौर, 15 सितंबर। पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान बाबर आजम घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। बाबर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से उन्हें प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी ग्रेड-1 टूर्नामेंट के लिए उन्हें किसी टीम की टीम में शामिल करने का अनुरोध किया था। रिपोर्टों के मुताबिक, बाबर ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड की ओर से खेलते नजर आएंगे। इसके साथ ही वह करीब सात साल बाद घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करेंगे।

## जयपुर, नागौर, उदयपुर जीती, श्रीगंगानगर-प्रतापगढ़ मैच बारिश के कारण रद्द, सचिन मीणा का शतक

जयपुर 15 सितम्बर ,राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के आज खेले गए मैचों का परिणाम। **श्रीगंगानगर- प्रतापगढ़ मैच** ( बारिश के कारण मैच रद्द , मैदान गिला), **जयपुर - सवाई माधोपुर मैच** ( जयपुर जीती), जयपुर पारी 339 / 3, टीम के लिए सचिन मीणा नाबाद 106 ,बृजेश यादव 80 , कुमार वासुदेव 65 रन। सवाईमाधोपुर के गेंदबाज निदिश राज 60 / 3, सवाई माधोपुर पारी 148 / 9 , टीम के लिए उज्जवल मीणा 61 , मनजोत 28, जयपुर के गेंदबाज सचिन मीणा 5 / 4 व कुमार वासुदेव 3 / 2 विकेट, **झालावाड़ - उदयपुर मैच** ( उदयपुर जीती), झालावाड़ पारी 90 आल आउट, उदयपुर के गेंदबाज हिमाँशु जणवा 13 / 3 , मोहित मेनारिया 10 / 2 विकेट, उदयपुर पारी 91 / 2, टीम के लिए वेदांश 29 , गर्वेश 28। **नागौर - सिरोही मैच** ( नागौर जीती), **नागौर पारी** 195 / 8 , टीम के लिए, उत्सव शर्मा 48 , राहुल 27 , अर्जुन 26 व राहुल सेवर 24 रन। सिरोही के गेंदबाज शिवम्17 / 4, सिरोही पारी 96 आल आउट, नागौर के गेंदबाज अनिरुद्ध जोशी 13 / 4 , अंकित 4 / 2 व राहुल सेवर 24 / 2।



## एशियाई खेल 2026: हॉकी में भारत की नजर स्वर्ण पर, लॉस एंजिल्स ओलंपिक का टिकट भी दांव पर

नई दिल्ली, 15 सितंबर । हाल ही में संपन्न विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम के आठवें और महिला टीम के पांचवें स्थान पर रहने के बाद अब दोनों टीमें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगी। पुरुष वर्ग में भारत को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जबकि महिला टीम भी चीन को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद के साथ मैदान में उतरेगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन का रास्ता भी खोलेगा।

क्रेग फुल्टन की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम पिछले चार वर्षों से एशियाई हॉकी में अपना दबदबा बनाए हुए है। वर्ष 2023 से भारत ने दो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, एशिया कप और एशियाई खेलों सहित सभी महाद्वीपीय प्रतियोगिताएं जीती हैं और इस दौरान उसे एक भी हार का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि, लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतना आसान नहीं होगा। वर्ष 2006 के बाद से कोई भी टीम लगातार दो संस्करणों में पुरुष हॉकी का स्वर्ण नहीं जीत सकी है। काकामिगाहारा में भारतीय टीम का अभियान एक सप्ताह से भी कम समय में शुरू होगा और विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह प्रतियोगिता फुल्टन और टीम के कई वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।

**महिला टीम भी स्वर्ण की दावेदार:** महिला वर्ग में सजोर्ड मारिजने की भारतीय टीम चीन से एशियाई वर्चस्व छीनने के इरादे से उतरेगी। विश्व कप में उम्मीद से बेहतर पांचवें स्थान पर रहने के बाद टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। युवा खिलाड़ियों और अनुभवी खिलाड़ियों के संतुलित मिश्रण ने टीम में नई ऊर्जा पैदा की है। विश्व कप में भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोल नहीं खाया, जबकि चीन, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड्स और जर्मनी के खिलाफ चार मुकाबलों में केवल छह गोल गंवाए। भारत ने जिन छह टीमों का सामना किया, उनमें से पांच की रैंकिंग उससे बेहतर थी। भारत के पास सविता पूनिया और बिचु देवी के रूप में दो मजबूत गोलकीपर हैं। पदक दौर में, खासकर चीन के खिलाफ संभावित मुकाबले में, दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में भारत ने चीन को 2-2 से बराबरी पर रोका था, लेकिन रक्षापंक्ति की अनुभवहीनता के कारण शिल्पी दास की गलती से चीन को पेनल्टी स्ट्रोक मिल गया था।

## आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे चामिंडा वास और अमित मिश्रा

नई दिल्ली, 15 सितंबर । श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर चमिंडा वास और भारत के पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा इंडियन प्रीमियर लीग 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ़ में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

'दिलचस्प बात यह है कि चमिंडा वास इस सीजन से पहले दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच बनेंगे। अमित मिश्रा अगले सीज़न के लिए टीम के कोचिंग स्टाफ़ में शामिल होंगे। सौरव गांगुली हेड कोच होंगे और युवराज सिंह बैटिंग कोच; टीम को उम्मीद होगी कि नए कोचिंग स्टाफ़ के साथ वे अगले सीज़न में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपना पहला खिताब जीतेंगे।

वास और मिश्रा की जोड़ी ने कोच के तौर पर अपनी भूमिका शुरू कर दी है और वे अभी दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स की अकादमी के खिलाड़ियों के साथ भी काम कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह जोड़ी नए सीज़न से पहले दिल्ली कैपिटल्स पर सकारात्मक प्रभाव डाल पाती है या नहीं।

## एशियाई खेलः भारतीय पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को गांधीनगर में दी गई विदाई

गांधीनगर, 15 सितंबर । जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के लिए रवाना होने वाली भारतीय पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को मंगलवार सुबह भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र गांधीनगर में गर्मजोशी से विदाई दी गई। पुरुष टीम की कमान मुख्य कोच बलवान सिंह संभाल रहे हैं, जबकि बीसी रमेश और अनूप कुमार सहायक कोच हैं। महिला टीम की मुख्य कोच नीता दादवे हैं और ममता पुजारी सहायक कोच की भूमिका में हैं। दोनों टीमों में 12-12 खिलाड़ी हैं और उनके साथ कोचिंग तथा सहयोगी स्टाफ भी मौजूद है। दोनों टीमों ने एशियाई खेलों की तैयारियों के तहत 5 से 14 सितंबर तक साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र गांधीनगर में अपना अंतिम प्रशिक्षण शिविर लगाया। विदाई समारोह में खिलाड़ियों को पारंपरिक तिलक लगाया गया और माला पहनाई गई। दोनों टीमों के कोच, कप्तान और उप-कप्तानों को पारंपरिक शॉल भी भेंट किए गए। महिला टीम की कप्तान पुष्पा राणा और पुरुष टीम के कप्तान सुनील कुमार ने एशियाई खेलों की सफलता दोहराने के लिए तैयार हैं।

## जयपुर जूनियर अंडर-21 टूर्नामेंट आज से होगा शुरू

जयपुर, 15 सितंबर । सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 की आउट ऑफ हैट कैटेगरी का टूर्नामेंट, जयपुर जूनियर अंडर-21, बुधवार से शुरू होगा। टूर्नामेंट में चार टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में टीम आरपीसी और टीम जयगढ़ शामिल हैं। पूल बी में टीम आमेर और टीम नाहरगढ़ शामिल हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच बुधवार, 16 सितंबर को शाम 5 बजे से आरपीसी ग्राउंड पर खेला जाएगा, जिसमें टीम आरपीसी का सामना टीम जयगढ़ से होगा। टीम आरपीसी की ओर से रुक्मणी कुमारी, लक्ष्यराज सिंह रजावत, हर्षदेव सिंह और दिव्यमान सिंह दुजोड़ खेलेंगे। वहीं टीम जयगढ़ में ठांव रोहिल्ला, कुलवर्धन सिंह शेखावत, अखिलेश नंदल और रुशिल नरूला शामिल होंगे।

## चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी करेगा बार्सिलोना का कैंप नोउ

बार्सिलोना, 15 सितंबर। यूएफा ने मंगलवार को घोषणा की कि बार्सिलोना का पुनर्निर्मित कैंप नोउ 2029 चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी करेगा। बार्सिलोना के स्टेडियम ने लंदन के वेम्बली स्टेडियम को पीछे छोड़कर मेजबानी हासिल की।

2029 का फाइनल बार्सिलोना के लिए खास होगा क्योंकि इसके एक साल बाद स्पेन पुर्तगाल और मोरक्को के साथ मिलकर 2030 विश्वकप की मेजबानी करेगा। 2030 विश्वकप का फाइनल कहां होगा, इसे लेकर भी मुकाबला जारी है। इसके लिए रियल मैड्रिड के पुनर्निर्मित सैंटियागो बर्नाबेउ और कासाब्लांका में बन रहे 1,15,000 दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम के नाम चर्चा में हैं।


यूएफा की कार्यकारी समिति ने साल 2028 चैंपियंस लीग फाइनल के लिए म्यूनिख स्थित बायर्न म्यूनिख के स्टेडियम को भी चुना है। इस आयोजन के लिए म्यूनिख एकमात्र दावेदार था। यहां 2025 में भी चैंपियंस लीग फाइनल खेला गया था। करीब 1,05,000 दर्शक क्षमता वाले कैंप नोउ का पुनर्निर्माण अभी जारी है। स्टेडियम के ऊपरी हिस्से और छत का निर्माण अभी पूरा होना बाकी है। बार्सिलोना ने इससे पहले 1999 में चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी की थी। उस मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंजरी टाइम में दो गोल कर बायर्न म्यूनिख को चौंकाते हुए खिताब जीता था। वेम्बली में 1999 के बाद तीन बार चैंपियंस लीग फाइनल खेला जा चुका है। लंदन के इस ऐतिहासिक स्टेडियम ने साल 2011, 2013 और 2024 में फाइनल की मेजबानी की थी।

राजस्थान खेल नीति-2026: ड्राफ्ट पर खेल संघों से मंथन

## राजस्थान स्पोर्ट्स पॉलिसी-2026 के ड्राफ्ट पर खेल संघों से मांगे सुझाव : राजकेश मीणा

जयपुर, 15 सितंबर। राजस्थान सरकार के युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा तैयार राजस्थान स्पोर्ट्स पॉलिसी-2026 के ड्राफ्ट पर राज्य खेल संघों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की गई। क्रीड़ा परिषद के सचिव राजकेश मीणा ने बताया कि पीएमयू टीम ने केंद्र और अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन कर यह ड्राफ्ट तैयार किया है। बैठक का उद्देश्य नीति को अधिक व्यावहारिक बनाना और खिलाड़ियों की समस्याओं का समाधान करना है।

**खेल मित्र ऐप से पारदर्शिता और डेटा प्रबंधन:** सचिव राजकेश मीणा ने जानकारी दी कि परिषद एक खेल मित्र ऐप विकसित कर रही है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रदेश के सभी वर्तमान व पूर्व खिलाड़ियों और खेल संघों का डेटा ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। खिलाड़ियों का पंजीकरण भी ऑनलाइन होगा, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। प्रशिक्षकों की कमी दूर करने के ठोस सुझाव बैठक में पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी ने प्रदेश में 2000 कोचों की नियुक्ति का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत लगभग 450 एनआईएस () शारीरिक शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर क्रीड़ा परिषद में कोचिंग कार्य के लिए लगाया जा सकता है। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों में भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा। साथ ही, ओलंपिक और गैर-ओलंपिक के लिए अलग-अलग सुविधाएं तय करने की बात कही गई।




कुश्ती संघ के सत्यप्रकाश लुहाच ने सुझाव दिया कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अन्य विभागों में लिपिक बनाने के बजाय खेल विभाग में ही कोच के रूप में नियुक्त किया जाए। वहीं, फुटबॉल संघ के दिलीप सिंह शेखावत ने एक खेल, एक उद्योग मॉडल का सुझाव दिया ताकि खेल संघों को वित्तीय और स्पॉन्सरशिप की समस्या से राहत मिल सके।

**सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और नेशनल गेम्स की तैयारी :** तीरंदाजी संघ के सुबीर देबनाथ ने ओएसिस स्थित तीरंदाजी केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने और कोचों के लिए हर 6 महीने में रिफ्रेशर कोर्स चलाने का सुझाव दिया। वहीं, राजस्थान ओलंपिक संघ के सुरेंद्र गुर्जर ने कहा कि पहले स्टेट गेम्स का सफल आयोजन कर उसकी कमियों को दूर किया जाए, उसके बाद सरकार को नेशनल गेम्स की मेजबानी के लिए बिड करनी चाहिए।

खेल प्रबंधक रणविजय सिंह चांपावत और पीएमयू टीम के हैड कर्नल कुणाल जैन ने प्रस्तावित खेल नीति के ड्राफ्ट का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया और पॉइंट वाइज खेल संघों से सुझाव मांगे और पॉलिसी के प्रावधानों के बारे में बताया। इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री राजेश शर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता आर.डी.सिंह, अर्जुन अवार्डी व ओलंपियन गोपाल सैनी, अर्जुन अवार्डी बजरंग लाल ताखर सहित 23 राज्य खेल संघों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

## हॉकी इंडिया की 18 को आपात बैठक, आंतरिक विवाद और एचआईएल पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, 15 सितंबर। विवादों से घिरे हॉकी इंडिया ने अपने शीर्ष अधिकारियों के बीच मतभेदों को सुलझाने और हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए स्वतंत्र संचालन परिषद गठित करने के लिए 18 सितंबर को यहां कार्यकारी बोर्ड की बैठक बुलाई है। हाल ही में संपन्न हुए एफआईएच विश्व कप से पहले भारतीय टीम की जर्सी का रंग नीले से बदलकर केसरिया करने को लेकर हुए विवाद के बाद से हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और सचिव भोला नाथ सिंह के बीच मतभेद चल रहा है। टिर्की ने कहा कि जर्सी में बदलाव उनकी जानकारी और कार्यकारी बोर्ड की सहमति के बिना किया गया था। इसके बाद उन्होंने हॉकी इंडिया के महानिदेशक, कमांडर आर के श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस भेजा और तत्काल प्रभाव से उनके सभी अधिकार छीन लिए। उन पर आठ आरोप लगाए गए, जिनमें जर्सी बदलना प्रमुख था। इस घटनाक्रम के चलते सचिव भोला नाथ सिंह ने कार्यकारी बोर्ड की आपातकालीन बैठक बुलाई है। श्रीवास्तव को अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। भोला नाथ ने कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों को एक ईमेल में लिखा, ''हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के 14 सितंबर को भेजे गए ईमेल के माध्यम से प्राप्त सलाह-निर्देश के अनुसार हॉकी इंडिया की कार्यकारी बोर्ड की आपातकालीन बैठक 18 सितंबर को दोपहर तीन बजे हॉकी इंडिया कार्यालय, नयी दिल्ली में आयोजित की जाएगी।''



पुरुषों और महिलाओं दोनों की एचआईएल के भविष्य को लेकर चर्चा बैठक के प्रमुख एजेंडा में शामिल है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को टिर्की और एचआईएल फ्रेंचाइजी के मालिकों के साथ बैठक की और उनसे लीग के लिए रोडमैप तैयार करने को कहा, जिसमें पांच सदस्यीय पैनल को संचालन और वित्तीय मॉडल पेश करने का काम सौंपा जाएगा। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फ्रेंचाइजी मालिकों ने एचआईएल के लिए एक नई संचालन परिषद गठित करने की मांग की जिसमें उनकी भागीदारी भी हो क्योंकि वे महासंघ द्वारा लीग के संचालन के तरीके से खुश नहीं हैं।

# जल शक्ति मंत्री व 6 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किसान परियोजना के एमओयू पर हस्ताक्षर किए

## इस परियोजना से राजस्थान सहित 6 राज्यों की सिंचाई व पेयजल आवश्यकताओं की जलापूर्ति होगी- भजनलाल

नई दिल्ली/जयपुर, 15 सितंबर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना के लिए एमओयू हुआ। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमालच प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया कि उनके विज़न से दशकों से अटकी परियोजनाओं का राज्यों की आपसी सहमति से समाधान हो रहा है।**



*केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किए।*

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस समझौते को राज्यों के बीच आपसी सहयोग की मिसाल बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने "सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास" के विजन को तेजी से आगे बढ़ाया है, जिससे राज्यों की सहमति से दशकों से अटकी परियोजनाओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना से राजस्थान सहित, 6 राज्यों में सिंचाई, पेयजल सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त जलापूर्ति हो सकेगी। इससे प्रदेशों का निरंतर विकास होगा। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित, संबंधित राज्यों के मंत्रीगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वहीं, रेजीनगर से मुर्शिदाबाद के पूर्व भाजपा अध्यक्ष और पार्टी की राज्य समिति के सदस्य शंकरभ सरकार को उम्मीदवार बनाया गया है।

चंद्रनाथ रथ की छह मई को उत्तर 24 परगना के मध्यग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय वह शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक थे।

चंद्रनाथ कार में चालक के बगल वाली सीट पर बैठे थे, तभी बाइक सवार हमलावरों ने उन पर और चालक पर गोलियां चला दीं। हमले में चालक भी घायल हुआ था। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने चंद्रनाथ को मृत घोषित कर दिया था।

शुरुआत में राज्य पुलिस ने मामले की जांच की थी और विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। बाद में जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया।

## 'निगमों, परिषदों और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विरूद्ध है, बल्कि निकायों के लिए बने अधिनियम के भी विरूद्ध है। याचिकाकर्ता का कहना है कि एक साथ लॉटरी आयोजित करने से परिणाम यह हुआ है कि 10 नगर निगमों में से एक भी सीट अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित नहीं है, 47 नगर परिषदों में केवल दो सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं और 252 नगरपालिकाओं में से 49 अनुसूचित जाति के लिए और 10 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 243 और राजस्थान नगरपालिका एक्ट, 2009 की धारा 5 के अनुसार नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिकाओं को जनसंख्या, जनसंख्या के घनत्व और राजस्व के उत्पादन की क्षमता तथा गैर कृषि रोजगार की उपलब्धता के मापदण्डों के अनुसार बांटा गया है। परंतु सभी 309 निकायों को एक ही तर्ज पर रखकर एक साथ लॉटरी आयोजित करने की प्रक्रिया को अपनाने के कारण स्वायत्तशासी विभाग ने असमान निकायों को एक समान बनाने का कार्य किया है। इस प्रक्रिया से जनांकिक और आर्थिक मापदण्डों को भी नगर अंदाज किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील यशोधर पांडे ने भी कहा कि हरियाणा व मध्यप्रदेश में निकायों के चुनाव आयोजित कराने से पूर्व नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगमों के लिए अलग-अलग लॉटरी आयोजित की जाती हैं, बोर्ड के अध्यक्ष की सीट आरक्षित करने से पूर्व। याचिकाकर्ता का कहना है कि अगर अलग-अलग लॉटरी आयोजित करायी जाती तो आरक्षित सीटों की गणना नहीं बढ़ती, परंतु यह सुनिश्चित किया जा सकता कि निकायों के हर स्तर पर अनुसूचित जाति व जनजाति के उम्मीदवारों को उचित प्रतिनिधित्व मिलता और बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर भी मिलता।

## कलकत्ता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर सीआईडी पूछताछ के लिए आज़ाद को बुला सकती है। इसके लिए उन्हें कम से कम सात दिन पहले नोटिस देना होगा। आरोप है कि पिछले वर्ष 21 मई को एक कारोबारी को दुर्गापुर स्थित कीर्ति आज़ाद के बंगले पर बुलाया गया था। आरोप के अनुसार, आज़ाद के एक सहयोगी ने कारोबारी से 15 लाख रुपये की मांग की थी। कारोबारी का दावा है कि रकम नहीं देने पर उसका कुकिंग गैस का कारोबार बंद कराने की धमकी दी गई थी। उसने यह भी दावा किया कि पूरी घटना की ऑडियो रिकॉर्डिंग उसके पास है।

## चीन व अमेरिका के बीच शीत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब अमेरिकी टैक्नॉलजी इण्डस्ट्री के दिग्गज इस नए प्लेटफॉर्म की संभावित विनाशकारी शक्तियों को उजागर कर रहे हैं, तो अमेरिका के नेता डॉनल्ड ट्रंप इन बातों को केवल डर फैलाने वाला प्रचार कहकर खारिज कर रहे हैं। वे इस बात पर अड़े हैं कि अमेरिकी उद्योग को बिना रुके आगे बढ़ना चाहिए और चीनी कंपनियों पर बढ़त हासिल करनी चाहिए।

यह केवल एक दौड़ जीतने की बात नहीं है, बल्कि दुनिया की शीर्ष शक्ति के रूप में अमेरिका के अस्तित्व का सवाल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि उद्योग के नेताओं की सलाह मानकर एआई उद्योग की प्रगति पर कोई भी रोक लगाना चीन को बिना किसी मुकाबले के यह दौड़ जीतने का मौका देने जैसा होगा।

दूसरी ओर, चीन अमेरिका की बराबरी करने और उससे आगे निकलने के लिए तेजी से कोशिश कर रहा है। चीन ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पहले ही एक विस्तृत योजना तैयार कर ली है और भारी मात्रा में धन तथा संसाधन जुटाए हैं। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा तैयार किए गए व्यापक कार्यक्रमों के जरिए चीन इस क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए गहन प्रयास कर रहा है।

एआई क्षमताओं के मामले में चीन अब लगभग अमेरिका के बराबर पहुंच चुका है और वह किसी भी कीमत पर इस लक्ष्य तक पहुंचकर अमेरिका पर स्पष्ट बढ़त हासिल करना चाहता है। यहाँ तक कि शी जिनपिंग भी इस प्रयास से सीधे जुड़े हुए हैं और चीन को स्पष्ट बढ़त दिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

यह टकराव हमारी दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच का टकराव बन चुका है। इनके बीच होने वाली प्रतिस्पर्धा का बाकी दुनिया पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

## अब एयर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अनुशंसित उम्मीदवारों में उनका शामिल होना उनकी भागीदारी, मूल्यांकन और योग्यता आधारित चयन का दस्तावेजी सबूत है।

ट्रस्ट ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी थी और दस्तावेजों में दर्ज की गई थी तथा संस्थागत काम-काज के उच्चतम मानकों के अनुसार आयोजित की गई थी। केन्द्र या उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पांडे की पॉडकास्ट टिप्पणियों पर कोई अलग और विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, मिश्रा ने इस भूमिका के लिए अपनी उपयुक्तता का बचाव करते हुए, वायुसेना के ठिकानों पर मंदिरों की देखरेख करने के अपने पूर्व अनुभव पर जोर दिया और मंदिर प्रशासन को प्रचार का नहीं, बल्कि कर्तव्य का विषय बताया।

## 'जल्द ही ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दूरी कम करने में मदद मिल सकती है, जो जटिल कानूनी शब्दावली को समझने में सहज नहीं हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस पहल को चरणबद्ध तरीके से अन्य भारतीय भाषाओं में विस्तार देने से अलग-अलग भाषाई क्षेत्रों के नागरिकों को सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में संक्षिप्त और आसानी से समझ आने वाली जानकारी अपनी भाषा में मिल सकेगी।

## पाकिस्तान पीछे हटा, सऊदी अरब ने इज़राइल से मदद मांगी

तेल अवीव, 15 सितंबर। सऊदी अरब के सामने यमन में हूती लड़ाकों के बढ़ते प्रभाव के बीच बड़ा सुरक्षा संकट खड़ा हो गया है। लाल सागर के तट और बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के बड़े हिस्से पर हूतियों के कब्जे के बाद सऊदी अरब अपने ही सहयोगियों से अपेक्षित सैन्य मदद नहीं जुटा पा रहा है। खास तौर पर मक्का रक्षा समझौते के साझेदार पाकिस्तान और तुर्किये ने यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य अभियान में शामिल होने से दूरी बना ली है। ऐसे में सऊदी अरब ने अमेरिका की सेंट्रल कमांड के जरिए इज़रायल से खुफिया मदद मांगने का रास्ता अपनाया है।

- **हूती हमलों के बीच सऊदी अरब, तुर्किये व पाकिस्तान का मक्का रक्षा समझौता विफल हुआ**

यह घटनाक्रम सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच हुए मक्का रक्षा समझौते पर गंभीर सवाल खड़े करता है। समझौते में एक साझेदार पर सैन्य हमला पूरे गठबंधन पर हमला माने जाने और उसके खिलाफ मिलकर जवाब देने की बात कही गई थी। इसके बावजूद हूती हमलों और यमन में बदलते हालात के बीच पाकिस्तान और तुर्किये की सैन्य भागीदारी नजर नहीं आ रही है। वहीं, सऊदी अरब को ऐसे देश से अप्रत्यक्ष मदद मांगनी पड़ रही है, जिसे वह स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता तक नहीं देता है।

सऊदी अरब के सामने यमन में हूती लड़ाकों के बढ़ते प्रभाव के कारण गंभीर सुरक्षा और ऊर्जा संकट खड़ा हो गया है। हूतियों ने पिछले सप्ताह लाल सागर के तट और बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही जलडमरूमध्य के महत्वपूर्ण द्वीपों पर भी उनका नियंत्रण हो गया है।

हूती नेताओं ने कहा है कि जुलाई से लागू सऊदी जहाजों की नाकाबंदी जारी रहेगी, जबकि अमेरिका और दूसरे देशों के जहाजों को जलडमरूमध्य से स्वतंत्र रूप से गुजरने की अनुमति होगी।

## गुरुग्राम हिट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चाहिए था कि मुझे कहीं चोट तो नहीं लगी।" उन्होंने आगे कहा कि इस दुर्घटना के परिणाम इससे कहीं ज्यादा गंभीर हो सकते थे।

## ईडी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

241 की जाएगी। इस व्यवस्था को 01 जनवरी 2027 से लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। सम्मेलन में ईडी निदेशक ने अधिकारियों को आर्थिक अपराधों, बैंक धोखाधड़ी, बिल्डर-खरीदार धोखाधड़ी, दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से जुड़े मामलों और साइबर अपराधों की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और मुकदमों में दोषसिद्धि बढ़ाने पर जोर दिया।

## सुप्रीम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लॉन्ड्रिंग का नहीं बनता। जवाब में ईडी ने कहा कि आरोपी की ओर से गवाहों को प्रभावित करने और सबूत नष्ट करने का प्रयास हो रहा है।

वहीं, ईडी ने जयपुर जेल में यादव के पास से कथित तौर पर मोबाइल फोन बरामद होने के बाद नई एफआईआर दर्ज होने की बात भी अदालत को बताई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908